महानगर नई दिल्ली शनिवार 3 सितंबर, 2022, रु. 6.00 (20 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

# जनसत्ता

jansatta.com | epaper.jansatta.com | facebook.com/jansatta | twitter.com/jansatta

### प्रधानमंत्री ने कहा

# सीने से उतर गया गुलामी का बोझ

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 सितंबर।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कोच्चि में भारत के पहले स्वदेश निर्मित विमानवाहक पोत 'आइएनएस विक्रांत' का जलावतरण किया। इसके साथ ही भारत उन चुनिंदा देशों की फेहरिस्त में शामिल हो गया है, जिनके पास ऐसे बड़े युद्धपोतों के निर्माण की घरेलू क्षमताएं हैं।

मोदी ने छत्रपति शिवाजी महाराज की मुहर से प्रेरित नौसेना के नए निशान (ध्वज) का भी अनावरण किया। उन्होंने कहा कि आज देश ने भारत ने गुलामी के एक निशान, 'गुलामी के एक बोझ' को सीने से उतार दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'विक्रांत विशाल है, विराट है, विहंगम है। विक्रांत विशिष्ट है, विक्रांत विशेष भी है। विक्रांत केवल एक युद्धपोत नहीं है। यह 21वीं सदी के भारत के परिश्रम, प्रतिभा, प्रभाव और प्रतिबद्धता का प्रमाण है।'

प्रधानमंत्री मोदी ने कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) में स्वदेश निर्मित जहाज को नौसेना के बेड़े में शामिल किया। इस जहाज का नाम नौसेना के एक पूर्व जहाज 'विक्रांत' के नाम पर रखा गया है, जिसने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने विमानवाहक पोत की कुछ विशेषताओं के बारे में भी बात की। उन्होंने इसे 'फ्लोटिंग एअरफील्ड, एक तैरता हुआ शहर' के रूप में वर्णित किया। उन्होंने कहा कि आइएनएस विक्रांत में जितनी बिजली पैदा होती है उससे पांच हजार घरों को रोशन किया जा सकता है।

इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार, केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री पिनराई विजयन, जहाजरानी मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह आइएनएस विक्रांत को मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी को समर्पित करते हैं। उन्होंने कहा, 'आज दो सितंबर, 2022 की ऐतिहासिक तारीख को, इतिहास बदलने वाला एक और काम हुआ है। आज भारत ने, गुलामी के एक निशान, गुलामी के एक बोझ को अपने सीने से उतार दिया है। आज से भारतीय नौसेना को एक नया ध्वज मिला है।' उन्होंने कहा, 'भारतीय नौसेना के झंडे पर अब तक गुलामी की पहचान बनी हुई थी। लेकिन आज से छत्रपति शिवाजी से प्रेरित होकर नौसेना का नया ध्वज समुद्र और आसमान में लहराएगा।' नौसेना ने पहले कहा

बाकी पेज ८ पर

### विशाल, विराट, विहंगम

# विक्रांत



कोच्चि में शुक्रवार को विमानवाहक पोत आइएनएस विक्रांत को नौसेना के बेड़े में शामिल किए जाने के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

-संबंधित खबर पेज ९

# थरूर ने निर्वाचन सूची सार्वजनिक करने की मांग की

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 सितंबर।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने पार्टी के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के प्रमुख मधुसूदन मिस्त्री को पत्र लिखकर उनसे अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के अध्यक्ष पद के आगामी चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल की सूची प्रकाशित करने की मांग की है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ऐसी खबर है कि असम के सांसद प्रद्युत बोरदोलोई ने भी मिस्त्री को पत्र लिखकर निर्वाचन सूची सार्वजनिक करने की मांग की है।

**कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव**

उन्होंने ऐसे समय में पत्र लिखे हैं जब निर्वाचन सूची सार्वजनिक करने की मांग दिन-प्रतिदिन जोर पकड़

बाकी पेज ८ पर

**बेबाक बोल**

### भाग दरबारी



*आज* जब कांग्रेस में संगठनात्मक चुनाव का एलान हो गया है तो देखना होगा कि चिट्ठी-क्रांति करने वाला समूह चुनाव में भाग लेता है या चुनावी प्रक्रिया खट्टी है कह कर मुंह फेर लेता है।

पेज 7

# छेड़छाड़ का विरोध करने पर महिला को चलती ट्रेन से फेंका, मौत

चंडीगढ़, 2 सितंबर (एजंसी)।

हरियाणा के फतेहाबाद में टोहाना स्टेशन के पास छेड़छाड़ का विरोध करने पर एक व्यक्ति ने 32 वर्षीय महिला को चलती ट्रेन से धक्का दे दिया। इस कारण कथित तौर पर महिला की मौत हो गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि घटना महिला के नौ साल के बेटे की मौजूदगी में हुई। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने कहा कि महिला टोहाना जाने के लिए रोहतक के लखन माजरा के पास से यात्री ट्रेन में सवार हुई थी। जीआरपी के एक अधिकारी ने बताया कि घटना गुरुवार रात की है। जीआरपी थाना, हिसार के एसएचओ नरेश कुमार ने

**दिल्ली से टोहाना जा रही ट्रेन में हुई वारदात**

**महिला के नौ वर्षीय पुत्र की मौजूदगी में हुई घटना।**

कहा कि महिला अपने बेटे के साथ यात्रा कर रही थी। उन्होंने कहा, 'यात्री ट्रेन दिल्ली से टोहाना जा रही थी और महिला और उसका बेटा लखन माजरा से उसमें सवार हुए थे।' कुमार ने कहा कि अधिकांश यात्री पिछले स्टेशन पर ट्रेन से उतर चुके थे और घटना के दौरान ज्यादातर डिब्बे खाली थे।

उन्होंने कहा कि टोहाना स्टेशन पर महिला का पति उनका इंतजार कर रहा था। अधिकारी

बाकी पेज ८ पर

# तीस्ता सीतलवाड़ को अंतरिम जमानत

## सुप्रीम कोर्ट ने पासपोर्ट जमा कराने का निर्देश दिया

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 सितंबर।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ को अंतरिम जमानत दे दी। तीस्ता 2002 के गुजरात दंगों के संबंध में मामले दर्ज करने के लिए कथित रूप से फर्जी दस्तावेज बनाने के आरोप में 26 जून से गुजरात पुलिस की हिरासत में हैं।

प्रधान न्यायाधीश उदय उमेश ललित, न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ

बाकी पेज ८ पर



अहमदाबाद में मेट्रोपालिटन मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेशी के दौरान तीस्ता सीतलवाड़।

**न्यायाधीशों ने कहा, तीस्ता एक महिला हैं। वे दो महीनों से हिरासत में हैं और जांच तंत्र को सात दिनों की अवधि के लिए हिरासत में पूछताछ का लाभ भी मिला है।**

**उनके खिलाफ कथित अपराध 2002 से संबंधित हैं और अधिक से अधिक 2012 तक संबंधित दस्तावेज पेश करने की मांग की गई थी।**

**तीस्ता 2002 के गुजरात दंगों के संबंध में मामले दर्ज करने के लिए फर्जी दस्तावेज बनाने के आरोप में 26 जून से गुजरात पुलिस की हिरासत में थीं।**

## ट्विटर ने जानबूझकर देश के कानून की अवज्ञा की : केंद्र

बंगलुरु, 2 सितंबर (एजंसी)।

केंद्र सरकार ने कर्नाटक उच्च न्यायालय से कहा है कि ट्विटर ने जानबूझकर भारत के कानूनों का पालन नहीं किया और उसकी अवज्ञा की तथा देश की सुरक्षा में इस सोशल मीडिया मंच की कोई भूमिका नहीं है। इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआइटीवाई) ने गुरुवार को ट्वीट हटाने और अकाउंट ब्लाक करने से जुड़े सरकारी आदेशों के खिलाफ ट्विटर की ओर से दायर याचिका का विरोध करते हुए उच्च न्यायालय के समक्ष अपनी आपत्तियों के संबंध में पेश 101 पन्नों के बयान में यह दलील दी।

-पूरी खबर पेज ९

## सागर व भोपाल में चार चौकीदारों की हत्या का 18 वर्षीय आरोपी गिरफ्तार

भोपाल, 2 सितंबर (भाषा)।

मध्य प्रदेश पुलिस ने राज्य के सागर एवं भोपाल शहरों में पिछले पांच दिन में चार चौकीदारों की हत्या करने के मामले में शुक्रवार को एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान शिव प्रसाद धुर्वे (18) के रूप में उसके आधार कार्ड से हुई है। उन्होंने बताया कि उसने सागर शहर में तीन चौकीदारों और भोपाल में एक चौकीदार की हत्या की है।

उन्होंने बताया कि घटना के वक्त ये चारों चौकीदार ड्यूटी पर थे और सो रहे थे। पुलिस ने बताया कि उसने शुक्रवार को गिरफ्तारी से कुछ घंटे पहले भोपाल में चौकीदार की हत्या कर दी थी। सागर के पुलिस अधीक्षक तरुण नायक ने कहा कि 18 साल और आठ महीने के धुर्वे ने चार हत्याओं को कबूल करते हुए कहा कि वह सोशल मीडिया से प्रभावित था और प्रसिद्ध होने के लिए उसने इन घटनाओं को अंजाम दिया। धुर्वे की मानसिक स्थिति के बारे में पूछे जाने पर नायक ने कहा कि वह सामान्य प्रतीत होता है। नायक ने कहा कि यह 'साइको किलर' मामला नहीं है। इससे पहले राज्य के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि चार चौकीदारों की हत्या के आरोपी धुर्वे को सागर पुलिस ने भोपाल में शुक्रवार तड़के मोबाइल फोन की लोकेशन के आधार पर गिरफ्तार किया।

**नया निशान** औपनिवेशिक पहचान वाली लाल धारियां हटाई गईं

# भारतीय नौसेना को मिला नया ध्वज

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 सितंबर।

भारतीय नौसेना को शुक्रवार को नया ध्वज मिला। नए ध्वज में क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर लाल धारियों को हटा दिया गया है जिसे 'क्रास आफ सेंट जार्ज' कहा जाता है। यह औपनिवेशिक युग की याद दिलाता था। नए ध्वज में अशोक स्तंभ को दिखाया गया है। नौसेना के मूल मंत्र को भी शामिल किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कोच्चि में नया ध्वज और चिह्न, राष्ट्र को समर्पित किया।

ब्रिटिश शासन से लेकर गणराज्य के प्रतीक तक यह झंडा सदियों में विकसित हुआ है। यह ध्वज अनिवार्य रूप से एक विशेष डिजाइन वाला झंडा होता है, जो जहाजों या नौसैन्य बल की पहचान और राष्ट्रीयता को दर्शाता है, खासकर गहरे समुद्र में। ध्वज के 'फ्लाई' क्षेत्र में जुड़वां सुनहरी सीमाओं के साथ एक अष्टकोणीय आकार शामिल किया गया है, जो शिवाजी महाराज की मुहर से प्रेरित है। नौसेना द्वारा जारी एक वीडियो के अनुसार, नीले अष्टकोणीय आकार में एक लंगर के ऊपर राष्ट्रीय प्रतीक को शामिल किया गया है जो दृढ़ता को दर्शाता है। यह नौसेना के आदर्श वाक्य 'शं नो वरुणः' के साथ एक ढाल पर लगाया गया है, जिसका अर्थ है: 'हमारे लिए शुभ हो हे वरुण'। अष्टकोणीय आकार आठ दिशाओं का प्रतिनिधित्व करता है जो भारतीय नौसेना की बहु-दिशात्मक पहुंच और बहु-दिशात्मक



**नए ध्वज में प्रतीक शिवाजी महाराज की मुहर पर आधारित।**

बाकी पेज ८ पर



## खबरों में शहर

### दिल्ली में कोविड के 299 नए मामले, दो की मौत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 सितंबर।

राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को कोरोना संक्रमण की स्थिति गुरुवार की तरह ही रही। शुक्रवार को दिल्ली में कोरोना संक्रमण के 299 नए मामले सामने आए और दो लोगों की मौत हो गई। संक्रमण दर 2.17 फीसद रही। दिल्ली में गुरुवार को कोरोना के 271 नए मामले मिले थे और तीन मरीजों की मौत की पुष्टि हुई थी। वहीं संक्रमण दर 2.07 फीसदी पर आ गई थी। स्वास्थ्य विभाग के बुलेटिन के मुताबिक, एक दिन पहले 13,772 नमूनों की जांच की गई थी। दिल्ली में बुधवार को 377 मामले मिले थे और दो संक्रमितों की जान गई थी तथा संक्रमण दर 2.58 फीसद थी। बुलेटिन में बताया गया है कि शुक्रवार को 299 और मरीज मिलने के बाद कुल मामले 20 लाख को पार कर गई। सरकार के मुताबिक दिल्ली में अब तक कुल कोविड मरीजों की संख्या 20,00,187 हो गई जबकि मृतक संख्या 26,474 पहुंच गई है।

### करंट लगने से मौत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 सितंबर।

नेब सराय थाना क्षेत्र में करंट लगने से एक शख्स की मौत हो गई। मृतक की पहचान अफरोज खान के तौर पर की गई है। पुलिस ने बताया कि अफरोज पानी के मोटर का स्विच बंद कर रहा था, तभी करंट में चपेट में आ गया था। पोस्टमार्टम के बाद शव पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक मूल रूप से अफरोज कोलकत्ता, पश्चिम बंगाल का रहने वाले थे। वे देवली गांव में किराए के मकान में रहते थे। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक शख्स को पानी के मोटर का स्विच बंद करने के दौरान करंट लग गया है। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। उन्हें पास के अस्पताल में पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दक्षिणी जिला पुलिस उपायुक्त बेनिता मैरी जयकर ने शुक्रवार को बताया कि किसी प्रकार की कोई संदेह नहीं जताया गया है। शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चलेगा।

### छात्र की चाकू से वार कर की गई हत्या

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 सितंबर।

वेलकम थाना क्षेत्र में एक नौवीं कक्षा के छात्र की चाकू मार कर हत्या का मामला सामने आया है। घटना बीती बुधवार को घटी थी। छात्र की पहचान अरबाज (17) के तौर पर की गई है। पुलिस ने शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने बताया कि इस घटना में शामिल होने के शक में अरबाजद के दो जानकारों को हिरासत में लिया गया है और उसने से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के मुताबिक अरबाज अपने परिवार के साथ ज्योति नगर में रहते थे। वह शिवाजी पार्क स्थित सरकारी स्कूल में नौवीं कक्षा में पढ़ाई कर रहे थे। परिवार में पिता मसरूर अहमद, मां फरजाना, एक भाई व तीन बहने हैं।

### झूले में उतरे करंट की चपेट में आने से एक बच्चे की मौत, दूसरा गंभीर

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 2 सितंबर।

थाना बीटा टू क्षेत्र के सम्राट मिहिर भोज सिटी पार्क में गुरुवार रात गणेश उत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित मेले में झूला झूल रहे दो बच्चे करंट की चपेट में आकर बुरी तरह घायल हो गए। घटना में 12 साल के बच्चे की मौत हो गई, जबकि तीन वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से झुलस गया। इस मामले में शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी झूला संचालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ग्रेटर नोएडा एडीसीपी विशाल पांडे के मुताबिक, बिरौंडी गांव में धर्मेंद्र परिवार के साथ रहते हैं। गुरुवार रात धर्मेंद्र का बेटा हर्षित अपने पड़ोस में रहने वाली महिला आरोही और उनके बच्चे के साथ सम्राट मिहिर भोज सिटी पार्क में मेला देखने गया था। झूलने के बाद उससे उतरते समय हर्षित (12) और आरोही का बेटा प्रियांश (3) करंट की चपेट में आने से झुलस गए।

# श्रीकांत त्यागी की जमानत अर्जी निचली अदालत ने खारिज की

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 2 सितंबर।

ग्रैंड ओमेक्स सोसाइटी में एक महिला से अभद्रता और मारपीट के आरोपी श्रीकांत त्यागी की गैंगस्टर मामले में जमानत याचिका खारिज कर दी गई। अब इस मामले में श्रीकांत त्यागी के वकील हाई कोर्ट में अपील करेंगे। श्रीकांत गत नौ अगस्त से जेल में बंद है। इससे पहले तीन मामलों में त्यागी को जिला न्यायालय से जमानत मिल चुकी है। वहीं, शुक्रवार को समाजवादी पार्टी (सपा) की ओर से एक प्रतिनिधिमंडल ने श्रीकांत त्यागी की पत्नी अनु त्यागी और उनके परिजनों से मुलाकात की। ग्रैंड ओमेक्स सोसाइटी के लोगों ने इस मुलाकात पर नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि सपा गुंडों का साथ दे रही है।

**अनु त्यागी से मिला सपा नेताओं का प्रतिनिधिमंडल, हरसंभव मदद का दिया भरोसा**

श्रीकांत त्यागी मामले में शुक्रवार को सपा के नौ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने करीब 40 मिनट तक उनसे बात की और हरसंभव मदद का भरोसा दिया।

अनु से मुलाकात के बाद सपा नेता श्रवण कुमार त्यागी ने कहा कि श्रीकांत ने गलती की, लेकिन इसके लिए उनकी पत्नी अनु, बच्चों को सजा क्यों मिल रही है। उनके बच्चे डरे और सहमे हैं। पूर्व मंत्री और मेरठ के किठौर से विधायक शाहिद मंजूर ने इसे बहुत मामूली विवाद बताया, कहा कि मामले में जरूरत से ज्यादा पुलिस ने कार्रवाई की। उन्होंने न्यायिक जांच की मांग उठाई। महिला को 24 घंटे से ज्यादा हिरासत में रखने पर भी सवाल उठाए गए। मामले की पूरी रिपोर्ट सुप्रीमो अखिलेश यादव को सौंपी जाएगी।

उल्लेखनीय है कि गत 27 अगस्त को एक निजी कार्यक्रम में नोएडा आए थे। इस दौरान उन्होंने मंच से श्रीकांत त्यागी के बहाने भाजपा पर जमकर निशाना साधा था।

वहीं, सपा प्रतिनिधिमंडल को लेकर ग्रैंड ओमेक्स सोसाइटी के लोगों में काफी रोष है। खासकर सोसाइटी की महिलाओं में खासा गुस्सा है। महिलाओं का कहना है कि सपा एक गुंडे का साथ दे रही है।

सपा प्रतिनिधिमंडल में तीन पूर्व मंत्री नारद राय, शाहिद मंजूर और भूषण त्यागी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्रवण कुमार त्यागी, सुनील चौधरी शामिल थे।

# पुलिस की वर्दी में करोड़ों के आभूषण लूटने वाले गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 सितंबर।

मध्य जिला पुलिस ने पहाड़गंज थाना क्षेत्र में दो कर्मचारियों के आंखों में मिर्च पाउडर डालकर करोड़ों रुपए के गहने लूटने वाले आरो पयों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों में से एक ने पुलिस की वर्दी पहन रखी थी और घटना के वक्त एक कार में सवार था।

इनकी पहचान नजफगढ़ निवासी नागेश कुमार (28), शिवम (23) और मनीष कुमार (22) के रूप में हुई है। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने छह करोड़ रुपए के आभूषण बरादम किए हैं। हालांकि, पुलिस ने घटना वाले दिन बताया था कि शिकायतकर्ता ने बयान दिया है कि आभूषण दो कारोड़ रुपए के थे। पुलिस ने इन आरोपियों को करीब 700 सीसीटीवी फुटेज की छानबीन कर पहचान किया और उसके बाद दबोचा। घटना बीती बुधवार को घटी थी। उसके बाद से पुलिस इन आरोपियों की तलाश में थी। मध्य जिला पुलिस उपायुक्त श्वेता चौहान ने शुक्रवार को बताया कि शिकायतकर्ता सोमवीर ने बताया कि वह चंडीगढ़ की एक कंपनी में पार्सल डिलिवर करने का काम करता है। बुधवार शाम करीब सवा चार बजे उसने अपने सहकर्मी जगदीप सैनी के साथ पहाड़गंज स्थित कार्यालय से पार्सल लिया और डीबीजी रोड जा रहा था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी बताया कि मिलेनियम रोड के पास उन्होंने दो लोगों को खड़ा देखा, जिनमें से एक ने पुलिस की वर्दी पहनी हुई थी, और उसने उनसे अपने बैग की जांच कराने को कहा । पुलिस ने बताया कि इस बीच और दो लोग आए और उनकी आंखों में मिर्च पाउडर झोंक दिया और धमकी दी कि बैग उनके हवाले कर दें वरना उनकी हत्या कर देंगे। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने उनसे गहने का पार्सल लूट लिया और फरार हो गए।

# नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर सड़क का एक हिस्सा धंसा

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 2 सितंबर।

सेक्टर-142 के पास (एडवांट अंडरपास) नोएडा -ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे का हिस्सा धंस गया। इससे करीब 12 से 15 फीट लंबा और दो फीट चौड़ी दरार पड़ गई। हालांकि जिस समय यह हादसा हुआ, वहां यातायात की रफ्तार काफी कम थी। गड्ढे की वजह से यहां यातायात काफी धीमा रहा। हालांकि अवरोधक लगाकर एक्सप्रेस-वे के सेंट्रल वर्ज की ओर की दो लेन को बंद कर वाहनों को निकाला गया।

सेक्टर-142 के पास प्राधिकरण अंडरपास का काम किया जा रहा है। इसे पुशबैक तकनीक से बनाया गया जा रहा है, जिसमें यातायात को बंद या वैकल्पिक मार्ग देने की जरूरत नहीं होती, लेकिन यहां पूरी जमीन ही दरक गई और एक्सप्रेस-वे की सड़क में दरार आ गई। पुशबैक में बाक्स के जरिए सड़क को संभाला जाता है और नीचे की मिट्टी को हटाया जाता है। वहीं, यहां सडक़ का एक बड़ा हिस्सा ही ढह गया। शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे के आसपास सड़क धंसी थी। इस दौरान यहां लंबा जाम लग गया। इसके बाद धीरे धीरे कर वाहनों को निकाला गया। गड्ढे के चारो ओर अवरोधक लगा दी गई। जाम की एक वजह एक्सप्रेस की री-सर्फेसिंग भी बताई जा रही है।

**आठ दिन पहले भी धंसी थी सड़क**

आठ दिन पहले भी सेक्टर-96 के पास एक्सप्रेस-वे धंस गया था। इस दौरान भी अंडरपास में पुश बैक तकनीक से मिट्टी हटाने का काम किया जा रहा था। फिलहाल सड़क की मरम्मत कर दी गई है।

# फर्जी काल सेंटर का पर्दाफाश, दस युवतियों सहित 11 गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 सितंबर।

केशवपुरम थाना पुलिस ने कन्हैया नगर में बेरोजगारों से ठगी करने वाले एक फर्जी काल सेंटर का पर्दाफाश कर इसके मालिक समेत 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें दस युवतियां हैं। मुख्य आरोपी ने इन युवतियों को फोन करने (टेलीकालर के तौर पर) के लिए नौकरी पर रखा हुआ था। मालिक की पहचान फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश निवासी अनिल कुमार (26) के तौर पर की गई है। अनिल एक मशहूर पर्वतारोही है।

पूछताछ में पता चला कि ये लोग ''वर्क इंडिया पोर्टल'' से इन तीनों राज्यों के जरूरतमंद लोगों के डाटा एकत्रित करते थे और उनसे फोन पर संपर्क कर उनके साथ ठगी करते थे।



**रिमझिम** दिल्ली में हुई बारिश के बाद सुहाने मौसम का लुत्फ उठाते लोग ।

# वर्चस्व की जंग में पुराने दोस्त ने की थी हत्या

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 सितंबर।

बीती 26 अगस्त को आरोपी ने ताबड़तोड़ गोलीबारी कर कुख्यात बदमाश कपिल पवार की हत्या में दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने कई मामलों में वांछित शार्प-शूटर देवली गांव के प्रवीण (30) को गिरफ्तार कर लिया है। इस दौरान कपिल का साथी प्रमोद घायल हो गया था। प्रवीण हत्या, हत्या की कोशिश, रंगदारी, लूटपाट, वाहन चोरी और प्रतिद्वंद्वी गिरोह के बदमाशों की हत्या समेत कई आपराधिक वारदातों में शामिल रहा है।

उसने बताया कि वह और कपिल पहले अच्छे दोस्त थे लेकिन वर्चस्व की लड़ाई में एक दूसरे के दुश्मन बन बैठे। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने एक पिस्तौल और छह कारतूस बरामद किए हैं। विशेष प्रकोष्ठ के उपायुक्त राजीव रंजन सिंह ने शुक्रवार को बताया कि नेब सराय थाना क्षेत्र में कपिल पवार की हत्या करने के बाद आरोपी लगातार ठिकाने बदल रहा था। इस बीच टीम को सूचना मिली कि आरोपी पुलप्रहलादपुर गांव आने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार तड़के 4:50 बजे उसे दबोच लिया। आरोपी प्रवीण ने गोली चलाने की कोशिश की थी, लेकिन टीम में तैनात पुलिसकर्मियों ने समय रहते उसे दबोच लिया। पूछताछ में उसने बताया कि वर्चस्व की लड़ाई में एक-दूसरे के जानी दुश्मन बन बैठने के बाद उसे जानकारी मिली थी कि कपिल उसकी हत्या करने की योजना बना रहा है। इसी वजह से उसने मनीष उर्फ नाटा के साथ मिल कर उसकी हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। पूछताछ में प्रवीण ने बताया कि बीती 26 अगस्त को मनीष मौके पर स्कूटी से पहुंचा और कपिल की हत्या करने के इरादे से ताबड़तोड़ कई गोलियां उसकी कार पर चलाई, जिसमें कपिल बुरी तरह से जख्मी हो गया था।

**कुख्यात बदमाश कपिल पवार की हत्या का मामला सुलझा, एक गिरफ्तार**

# महिला की मौत के आरोपी डाक्टर की डिग्री फर्जी

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 2 सितंबर।

इलाज करने के दौरान घोर लापरवाही बरतने के कारण महिला की मौत के मामले में आरोपी डाक्टर प्रिय रंजन ठाकुर की एमबीबीएस की डिग्री फर्जी पाई गई है। इसके बाद थाना बिसरख पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

डीसीपी सेंट्रल नोएडा राजेश एस के अनुसार आरोपी ने बताया था कि उसे 2005 में भूपेंद्र नारायण विश्वविद्यालय बिहार से डिग्री मिली है। जांच में पता चला है कि विश्वविद्यालय की तरफ से उसे कोई डिग्री जारी नहीं की गई है। उसके बाद पुलिस ने गैर इरादतन हत्या की धारा के साथ धोखाधड़ी की धारा भी जोड़कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

ठाकुर ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित ईको विलेज-टू मार्ट में आइवीएफ क्रिएशन वर्ल्ड सेंटर चला रहा था। पुलिस के मुताबिक वसुंधरा, गाजियाबाद की रहने वाली महिला ललिता प्रसव के लिए आइवीएफ क्रिएशन वर्ल्ड सेंटर ईको विलेज-टू आई थी। उसका करीब दो महीने से इलाज चल रहा था। आरोप है कि 19 अगस्त को इलाज के दौरान बरती गई घोर लापरवाही व आपातकालीन सुविधा की कमी के चलते महिला कोमा में चली गई। हालत नाजुक देख महिला के परिजन उसे ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित एक नामी अस्पताल ले गए लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका।

# 'मानसिक दिव्यांगता के 50 फीसद मामलों के पीछे आनुवंशिक कारण'

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 2 सितंबर।

सेक्टर 30 स्थित पोस्ट ग्रेजुएट आफ चाइल्ड हेल्थ (चाइल्ड पीजीआइ) में शुक्रवार को 'बाल चिकित्सा में आनुवंशिकी' पर एक संगोष्ठी में डाउन सिंड्रोम, म्यूकोपालीसेकेराइडोस, विकासात्मक देरी वाले बच्चे के प्रति दृष्टिकोण, डिस्मार्फिक विशेषताओं वाले बच्चे और विभिन्न जन्मजात त्रुटियों वाले बच्चों के इलाज और उनकी देखरेख जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

डा. पीयूष गुप्ता ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण सत्र चिकित्सकों के लिए एक वरदान रहे हैं और इन दुर्लभ आनुवंशिक विकारों के शीघ्र निदान और उपचार में मदद कर रहे हैं। चाइल्ड पीजीआइ के ब्रिगेडियर डा. राकेश गुप्ता ने बताया कि मानसिक रूप से मंद पाए गए करीब 50 फीसद व्यक्तियों में उनकी दिव्यांगता का आनुवंशिक आधार होता है। उचित निदान के लिए अधिकांश सूक्ष्म डिस्मार्फिक विशेषताओं को समझने की आवश्यकता होती है और आनुवंशिक परीक्षण के प्रकार को तय करने में इसका महत्व है। चयापचय की जन्मजात त्रुटियों का यदि जल्दी निदान हो तो मस्तिष्क को होने वाली अपरिवर्तनीय क्षति को रोका जा सकता है।

# ग्रेनो प्राधिकरण बनाएगा आठ नए औद्योगिक सेक्टर

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 2 सितंबर।

औद्योगिक निवेश के लिए ग्रेटर नोएडा में बढ़ती मांग के चलते ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण आठ नए औद्योगिक सेक्टर बसाने जा रहा है। इसके लिए प्राधिकरण करीब 900 हेक्टेयर जमीन खरीद रहा है। अब तक आधी से ज्यादा जमीन खरीदी जा चुकी है। शेष जमीन खरीदने के लिए प्राधिकरण गांवों में शनिवार से शिविर लगाएगा।

प्राधिकरण के एसीईओ दीप चंद्र के मुताबिक उद्योगों के लिए जमीन की मांग को देखते हुए आठ नए सेक्टर ईकोटेक 7, 8, 9, 12ए, 16, 19, 19ए और ईकोटेक 21 बसा रहा है। इन सेक्टरों के लिए प्राधिकरण करीब 900 हेक्टेयर जमीन का इंतजाम करेगा। सेक्टरों के बसने से उद्यमियों को जमीन मिल सकेगी जिससे सैकड़ों करोड़ के निवेश से हजारों लोगों को रोजगार मिल सकेगा। किसानों से आपसी सहमति के आधार पर जमीन लेने के लिए गांवों में शिविर लगाए जा रहे हैं।

**इन गांवों में ली जा रही जमीन**

नए औद्योगिक सेक्टर बसाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पौव्वारी, इमिलियाका, अटाई, मुरादपुर, लुक्सर, दादूपुर, लड़पुरा, खानपुर, सिरसा, वैदपुरा, जौन समाना, सुनपुरा, भोला रावल, धूममानिकपुर, खेड़ी, आमका, किराचपुर, कैलाशपुर, खोदना कला, भनौता व खोदना खुर्द गांव की जमीन ले रहा है।

इसके लिए शनिवार को सुबह 11 से शाम पांच बजे तक कैलाशपुर के प्राथमिक विद्यालय में शिविर लगाया जाएगा। इसके बाद 10 सितंबर को आमका के प्राथमिक विद्यालय में, 17 सितंबर को खेड़ी के प्राथमिक विद्यालय में, 24 सितंबर को सुनपुरा के प्राथमिक विद्यालय में, 1 अक्तूबर को जौनसमाना के प्राथमिक विद्यालय में, 8 अक्तूबर को धूम मानिकपुर के प्राथमिक विद्यालय में, 15 अक्तूबर को भोला रावल के प्राथमिक विद्यालय में, 22 अक्तूबर को खोदना कलां के प्राथमिक विद्यालय में, 29 अक्तूबर को लड़पुरा के प्राथमिक विद्यालय में और 5 नवंबर को अटाई मुरादपुर के प्राथमिक विद्यालय में शिविर लगाए जाएंगे। शिविर सुबह 11से शाम पांच बजे संचालित किए जाएंगे।




रवींद्र त्रिपाठी

# दर्शकों को बांधे रखने में कामयाब

**कठपुतली**

★★½

**निर्देशक** : रंजीत एम तिवारी

**कलाकार** : अक्षय कुमार, रकुलप्रीत सिंह, सरगुन मेहता, चंद्रचूड़ सिंह, रेनाए तेजानी



*लगातार* तीन फ्लाप फिल्में देने के बाद अक्षय कुमार ने आखिर अपनी राह थोड़ी बदली है और उनकी नई फिल्म 'कठपुतली ओटीटी डिस्ने हाटस्टार पर रिलीज हुई है। ये फिल्म चार साल पर आई साइको सीरियल किलर पर आधारित तमिल फिल्में रतसासन का हिंदी रिमेक है और हां, इसमें संदेह नही कि एक चीज को छोड़ दें तो ये फिल्म अक्षय कुमार की हालिया फिल्मों से बेहतर है। जिस पहलू पर उंगली उठाई जा सकती है वो ये है कि इसकी कहानी को हिमाचल प्रदेश के कसौली इलाके पर आधारित रखा गया है लेकिन ज्यादातर शूटिंग लंदन में कई गई है और इसी कारण इसकी विश्वसनीयता कमजोर हुई है। फिर भी एक रहस्यपूर्ण थ्रिलर के रूप में ये दर्शकों को शुरू से अंत तक बांधे रखती है और आखिरी लम्हों मे ही जाकर इस बात पर से पर्दा उठता है कि सीरियल किलर कौन है?

अक्षय कुमार ने अर्जन सेठी नाम के एक ऐसे पुलिस अफसर का किरदार निभाया है जो बनना तो चाहता था फिल्म मेकर लेकिन बन जाता है और पुलिस कर्मी। और जैसे ही वह हिमाचल प्रदेश के कसौली थाने में अपना पद संभालता है कि कि वहां स्कूली लड़कियों की हत्या शुरू हो जाती है। पुलिस शुरू में इसे साधारण हत्या समझती है लेकिन अर्जन बार बार कहता है कि ये सीरियल किलिंग का मामला है।

आखिरकार अर्जन की ही बात सही साबित है लेकिन मसला इस बात पर अटकता है कि हत्यारा कौन है और किस वजह से वो ये सब कर रहा है। अक्षय ने अपनी भूमिका प्रभावशाली तरीके से निभाई है।

जहां तक रकुलप्रीत सिंह का मामला है वो इसमें वो अंग्रेजी की शिक्षका बनी हैं लेकिन उनको किसी क्लासरूम में अंग्रेजी पढ़ाते नहीं दिखाया जाता है। हां शुरूआती दृश्य में उन्होंने अक्षय कुमार की जो क्लास ली है वो मजेदार है। पर सरगुन मेहता ने थाना प्रभारी की जो भूमिका निभाई है वह काफी दमदार है। एक अरसे के बाद चंद्रचूड सिंह फिल्मी पर्दे पर आए हैं लेकिन वे कुछ खास छाप नहीं छोड़ पाते।

# सेंट्रल विस्टा : नए प्रधानमंत्री कार्यालय के निर्माण के लिए पर्यावरणीय मंजूरी

**जनसत्ता ब्यूरो**
नई दिल्ली, 2 सितंबर।

सेंट्रल विस्टा परियोजना के हिस्से के रूप में 'एग्जीक्यूटिव एन्क्लेव' के निर्माण को दिल्ली प्रदेश पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (एसईआइएए) ने मंजूरी दे दी है। इस एन्क्लेव में प्रधानमंत्री का नया कार्यालय और कैबिनेट सचिवालय का निर्माण किया जाएगा। दिल्ली प्रदेश विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एसईएसी) ने पिछले सप्ताह एसईआइएए को परियोजना को पर्यावरण संबंधी मंजूरी देने की सिफारिश की थी। एसईआइएए ने बुधवार को एक बैठक में परियोजना पर चर्चा की तथा इसे मंजूरी दे दी।

वन विभाग ने केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्लूडी) को 23 अगस्त को दिल्ली पेड़ संरक्षण कानून, 1994 के तहत सेंट्रल विस्टा परियोजना स्थल से 807 में से 487 पेड़ों को उखाड़कर कहीं और लगाने की मंजूरी दी थी। बैठक में एसईआइएए ने कहा कि इस परियोजना से निर्माण स्थल पर 60 फीसद पेड़ों को हटाया जाएगा। सीपीडब्लूडी अधिकारियों ने कहा कि इस प्रस्ताव को गत वर्ष दिसंबर में पर्यावरणीय मंजूरी के लिए भेजा गया था। परियोजनाओं को मंजूरी के लिए एसईआइएए के पास भेजे जाने से पहले उनका मूल्यांकन करने वाली एसईएसी ने इस महीने की शुरुआत में पेड़ों को उखाड़कर कहीं और लगाने के लिए दिल्ली सरकार की नीति के क्रियान्वयन की समीक्षा के लिए एक उप–समिति का गठन किया था। सरकार ने दिसंबर, 2020 में अधिसूचित की गई नीति में कहा था कि संबंधित एजंसियों को उनके विकास कार्यों के कारण प्रभावित 80 फीसद पेड़ों को किसी और स्थान पर लगाना होगा।

एसईएसी ने पहली बार 31 जनवरी को एक बैठक में प्रस्ताव पर गौर किया था।

# पेंशन घोटाला : मप्र सरकार ने नहीं दी मुकदमा चलाने की मंजूरी

इंदौर, 2 सितंबर (भाषा)।

इंदौर की विशेष अदालत ने वर्ष 2005 के कथित पेंशन घोटाले में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और तत्कालीन महापौर कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ दायर शिकायत पर कार्यवाही खत्म कर दी है क्योंकि 17 साल बीतने के बावजूद राज्य सरकार ने उन पर मुकदमा चलाने की मंजूरी नहीं दी। प्रदेश कांग्रेस इकाई के मीडिया विभाग के अध्यक्ष के.के. मिश्रा ने 33 करोड़ के इस कथित घोटाले को लेकर यह शिकायत दायर की थी।

विशेष न्यायाधीश मुकेश नाथ ने राज्य सरकार द्वारा विजयवर्गीय और अन्य तत्कालीन लोक सेवकों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी के अभाव का हवाला देते हुए शिकायत की कार्यवाही खत्म करने का आदेश 29 अगस्त (सोमवार) को जारी किया।

आदेश में कहा गया कि अभियोजन स्वीकृति की प्रत्याशा में शिकायत पर आगामी कार्यवाही नहीं की जा सकती है और मामले को अनंतकाल तक लंबित भी नहीं रखा जा सकता।

विशेष अदालत ने हालांकि अपने आदेश में जोड़ा कि अगर शिकायतकर्ता को प्रदेश सरकार की अभियोजन स्वीकृति प्राप्त होती है, तो वह इस मामले में अदालती कार्यवाही बहाल कराने के लिए स्वतंत्र है।

# भारत जोड़ो यात्रा : राहुल गांधी को तिरंगा सौंपेंगे तमिलनाडु के मुख्यमंत्री

**जनसत्ता ब्यूरो**
नई दिल्ली, 2 सितंबर।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी सात सितंबर को 'भारत जोड़ो यात्रा' शुरू करने से पहले श्रीपेरंबदूर में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के स्मारक पर प्रार्थना सभा में शामिल होंगे और कन्याकुमारी में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे जहां तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन उन्हें राष्ट्र ध्वज सौंपेंगे।

महात्मा गांधी मंडपम में कार्यक्रम के दौरान स्टालिन भी मौजूद रहेंगे, जिसके बाद राहुल गांधी कांग्रेस के अन्य नेताओं के साथ उस सार्वजनिक रैली स्थल पर जाएंगे जहां से यात्रा शुरू की जाएगी। पार्टी ने गांधी सहित 118 नेताओं को 'भारत यात्रियों' के रूप में वर्गीकृत किया है जो कन्याकुमारी से श्रीनगर तक की दूरी तय करेंगे। वे प्रतिदिन औसतन 20–25 किमी की दूरी तय करेंगे। 'भारत जोड़ी यात्रा' वेबसाइट पर 37,000 से अधिक ऐसे आम लोगों ने भी पंजीकरण कराया है जो पार्टी से संबंधित नहीं हैं।

# कश्मीरी पंडितों की हत्याओं की जांच की मांग पर सुनवाई से इनकार

**जनसत्ता ब्यूरो**
नई दिल्ली, 2 सितंबर।

जम्मू– कश्मीर में कश्मीरी पंडितों के नरसंहार की एसआइटी जांच की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार की पीठ ने याचिकाकर्ता को संबंधित अथारिटी के सामने जाने को कहा। इसके बाद याचिकाकर्ता ने याचिका वापस ले ली।

> इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने रूट्स इन कश्मीर संस्था की याचिका को भी खारिज कर दिया था।

एक गैर सरकारी संगठन वी द सिटीजन ने यह याचिका दाखिल की थी। याचिका में कश्मीर में 1990 से 2003 तक कश्मीरी पंडितों और सिखों के संहार और अत्याचार की जांच के लिए एसआइटी के गठन की मांग की गई थी। साथ ही विस्थापितों के पुनर्वास की मांग भी की गई थी। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने रूट्स इन कश्मीर संस्था की याचिका को भी खारिज कर दिया था। जिसमें 1989–90 में कश्मीरी पंडितों की हत्या की 215 घटनाओं की जांच की मांग की गई थी।

---

**JINDAL**

**जिंदल सॉ लिमिटेड**
**सीआईएन - L27104UP1984PLC023979**
**पंजीकृत कार्यालय:** ए–1, यूपीएसआईडीसी इंड. एरिया, नंदगांव रोड कोसी कलां, जिला मथुरा (उ. प्र.) 281403

**नोटिस**

कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय और भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड द्वारा जारी परिपत्रों के अनुपालन में सूचना दी जाती है कि कंपनी की 37वीं वार्षिक आम बैठक मंगलवार, 27 सितंबर, 2022 को दोपहर 12.30 बजे (आईएसटी) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (''वीसी'')/अन्य आडियो वीजुवल मीन्स (''ओएवीएम'') के माध्यम से आयोजित की जायेगी एवं कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट के साथ कंपनी की वार्षिक आम बैठक बुलाने कि नोटिस 2 सितंबर, 2022 को इलेक्ट्रॉनिक रूप से कंपनी के उन सदस्यों को भेजा गया हैं, जो 19 अगस्त, 2022 को कंपनी के शेयर धारक हैं। एजीएम नोटिस और वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट www.jindalsaw.com, स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com और www.nseindia.com पर भी क्रमश उपलब्ध है।

एजीएम की सूचना में संदर्भित दस्तावेज एजीएम की सूचना के प्रसार की तारीख से सदस्यों द्वारा निरीक्षण के लिए इलेक्ट्रॉनिक रूप से उपलब्ध है। ऐसे दस्तावेजों का निरक्षण करने के इच्छुक सदस्य investors@jindalsaw.com पर एक ई–मेल भेज सकते हैं।

**एजीएम के दौरान रिमोट ई–वोटिंग और ई–वोटिंग :**

कंपनी अपने सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम ("ई–वोटिंग") द्वारा एजीएम में पारित किए जाने वाले प्रस्तावों पर मतदान के अधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान कर रही है। सदस्य अपना वोट यहां नीचे दी गई तारीखों ("रिमोट ई–वोटिंग") पर दूरस्थ रूप से भी डाल सकते हैं। कंपनी ई–वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए एजेंसी के रूप में नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ("एनएसडीएल") की सेवाओं को लिया गया है।

कंपनी के सदस्यों के रजिस्टर और शेयर अंतरण किताब 21 सितंबर, 2022 से 27 सितंबर, 2022 (दोनों दिन शामिल) तक वार्षिक आम बैठक में लाभांश के भुगतान के उद्देश्य से बंद रहेंगे।

एजीएम की सुचना में जानकारी और निर्देश प्रदान किया गया है जिसमें डीमैटीरियलाइज्ड मोड,फिजिकल मोड में शेयर रखने वाले सदस्यों और जिन्होंने अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं किया सदस्य द्वारा मतदान सहित दूरस्थ रूप से मतदान के तरीके शामिल हैं। कोई भी व्यक्ति, जो एजीएम की सूचना के प्रेषण के बाद कंपनी की सदस्य बन जाता है और कट–ऑफ तिथि (नीचे उल्लिखित) के अनुसार शेयर धारण करता है/सदस्य जो यूजर आईडी और पासवर्ड भूल गए हैं, वे इसे प्राप्त/उत्पन्न कर सकते हैं, एजीएम के नोटिस में भी दिया गया है।

रिमोट ई–वोटिंग सुविधा निम्नलिखित मतदान अवधि के दौरान उपलब्ध होगी:
रिमोट ई–वोटिंग का प्रारंभ : शनिवार 24 सितंबर, 2022 को सुबह 9:00 बजे (आईएसटी)
रिमोट ई–वोटिंग की समाप्ति : सोमवार 26 सितंबर, 2022 को शाम 5:00 बजे (आईएसटी)

उपरोक्त अवधि के बाद रिमोट ई–वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी और उपरोक्त अवधि की समाप्ति पर रिमोट ई–वोटिंग मॉडयूल को एनएसडीएल द्वारा तुरंत निष्क्रिय कर दिया जाएगा।

एजीएम में भाग लेने वाले सदस्य जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग द्वारा वोट नहीं डाला है, वे एजीएम मेइलेक्ट्रानिक रूप से वोट कर सकेंगे। एक व्यक्ति, जिसे कट–ऑफ तिथि यानी 20 सितंबर 2022 को सदस्यों के रजिस्टर में दर्ज किया गया है, केवल एजीएम में ई–वोटिंग या रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने का हकदार होगा।

सदस्य एजीएम नोटिस में दिए गए ई–वोटिंग निर्देश को पढ़ सकते हैं या https://evoting.nsdl.com पर जा सकते हैं और किसी भी प्रश्न के मामले में, आप सदस्यों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और ई–वोटिंग उपयोगकर्ता मैनुअल देख सकते हैं जो https://evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग में सदस्यों के लिए उपलब्ध हैं।

जिंदल सॉ लिमिटेड के लिए
हस्ता/–
सुनिल के जैन
कम्पनी सचिव
एफसीएस–3056

स्थान: नई दिल्ली
तिथि : 02.09.2022

---

**RAKAN STEELS LIMITED**
**CIN: L27320UP1985PLC007582**
**R/O: NH-2 (1 km from Bara Toll Plaza) Umran, Rania,Kanpur Dehat-209311**
**Corporate Office: Anand Palace, 10/499, Allen Ganj, Kanpur-208002**
**E-Mail: support@rakansteels.co.in**
**Ph: Regd. Office: +91-9598668666 WEB: www.rakansteels.co.in**

**NOTICE**

NOTICE is hereby given that the the 35TH Annual General Meeting (AGM) of the Company will be held on Friday, 30th September, 2022 at 03:00 P.M. at the Registered Office of the Company at NH-2 (1 km from Bara Toll Plaza), Umran, Rania, Kanpur Dehat-209311. In compliance with the relevant circulars, the Notice of the AGM and the Financial Statements (Standalone) for the financial year 2021-2022, along with the Board's Report, Auditor's Report and other documents required to be attached thereto, have been sent to all the members of the Company whose email address are registered with the Company/Depository Participant(s). The aforesaid documents will also be available on the Company's website and on the website of the Stock Exchange, i.e. MSE Limited at www.msei.in. Pursuant to provisions of section 91 of the Companies Act, 2013 read with rule 10 of The Companies (Management and Administration) Rules 2014 and Regulation 42 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Register of Members and Share Transfer Register of the Company shall remain closed from 23rd September, 2022 to 30th September, 2022 (both days inclusive) for the purpose of AGM.

Pursuant to provisions of Section 108 of Companies Act 2013 read with rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules 2014, as amended and Regulation 44 of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations 2015, Company is pleased to provide its members the electronic facility (remote e-voting) to transact all the business mentioned in the notice through National Services Depository Limited (NSDL). All the members are informed that:-

(a) The cut off date for determining the eligibility of the members to vote by remote e-voting or voting at the AGM is 22nd September, 2022.
(b) The remote E-voting shall commence on September 27, 2022 at 09:00 a.m. IST and end on September 29, 2022 at 05:00 p.m. IST. The remote e-voting shall not be allowed beyond the said date and time.
(c) A person, who has acquired shares and become member of the Company after the email sending date i.e. 02nd September, 2022 and holding shares on cut off date i.e. 22nd September, 2022, may obtain the procedure to login by sending request at www.evoting.nsdl.com. However, if the person is already registered with NSDL for e voting than he can use his existing login ID/user ID and password for casting the vote through e voting.
(d) Members holding shares in Physical Mode, who have not registered/updated their email addresses with the company, are requested to visit the website of the company's Registrar at www.skylinerta.com click on email registration and upload required documents therein.
(e) Members holding shares in dematerialised mode, who have not registered/updated their email addresses, are requested to register/update their email addresses with depository participants with whom they maintain their demat accounts.
(f) The Notice of AGM is available on the Company's website www.rakansteels.co.in and on NSDL website www.evoting.nsdl.com;
(g) The procedure of electronic voting is available in the Notice of the 35th Annual General Meeting as well as in the email sent to the Members and on NSDL website www.evoting.nsdl.com. In case of any queries pertaining to e-voting, member can e-mail to evoting@nsdl.co.in and/or support@rakansteels.co.in;
(h) Members are requested to carefully read all the notes set out in the Notice of the AGM and in particular, manner of casting vote through remote e-voting or through ballot paper during the AGM.

**Date- 03/09/2022**
**Place- Kanpur**

**By the order of the Board**
**For: Rakan Steels Limited**
**Sd/- Madhu Bansal**
**Company Secretary**

---

# जे.के. कॉटन लिमिटेड

सीआईएन : U17111UP1924PLC000275
पंजीकृत कार्यालय : कमला टावर, कानपुर–208001, उ.प्र. (इण्डिया)
फोन : +91 512 2371478–81, फैक्स : +91 512 2332665
ई–मेल : abhishek.pandey@jkorg.co.in वेबसाइट : www.jkcotton.com

## 99वीं वार्षिक आम सभा व पुस्तक बंद होने की जानकारी

कोविड–19 महामारी के मद्देनजर, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (MCA) ने दिनांक 8 अप्रैल, 2020, दिनांक 13 अप्रैल, 2020, दिनांक 5 मई, 2020, दिनांक 13 जनवरी, 2021 और दिनांक 5 मई, 2022 के परिपत्र ('परिपत्रों') द्वारा एक स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ('VC')/अन्य ऑडीओ विजुअल मीन्स ('OAVM') के माध्यम से वार्षिक आम सभा ('AGM') आयोजित करने की अनुमति दी। इन परिपत्रों और कंपनी अधिनियम, 2013 के संबंधित प्रावधानों के अनुपालन में AGM के नोटिस में बताये जाने वाले कारोबार को संपादित करने के लिये जे के कॉटन लिमिटेड ('कंपनी') के सदस्यों की 99 वीं AGM VC/OAVM के माध्यम से शुक्रवार, 30 सितंबर, 2022 को दोपहर 02:00 बजे आयोजित की जायेगी।

उपरोक्त परिपत्रों के अनुसार, वार्षिक रिपोर्ट के साथ AGM के नोटिस केवल उन्हीं सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक मोड द्वारा भेजी जायेगी, जिनके ई–मेल पते डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट ('DP') या कंपनी के पास पंजीकृत हैं। ये दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट www.jkcotton.com पर, सेन्ट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (CDSL) की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध होंगें। सदस्य केवल VC/OAVM के माध्यम से AGM में उपस्थित होने और भाग लेने में सक्षम होंगे। AGM में शामिल होने के निर्देश AGM के नोटिस में प्रदान किये जायेगें और VC/OAVM के माध्यम से AGM में शामिल होने वाले सदस्यों की उपस्थिति की गणना कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के तहत कोरम की गणना के लिए की जायेगी।

कंपनी अपने सदस्यों को AGM के दौरान ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान की सुविधा के साथ–साथ AGM के नोटिस में निर्धारित प्रस्तावों पर अपने वोट डालने में सक्षम बनाने के लिए अपने सदस्यों को दूरस्थ ई–वोटिंग सुविधा प्रदान करेगी। कंपनी ने सदस्यों को यह सुविधा प्रदान करने के लिए CDSL की सेवाएं ली हैं। इस संबंध में विस्तृत निर्देश AGM के नोटिस का हिस्सा बनेंगे।

जिन सदस्यों के ई–मेल पते DP या कंपनी के साथ पंजीकृत नहीं हैं, उनसे अनुरोध है कि वे नीचे दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए अपने ई–मेल पते पंजीकृत करायें:

1– फिजिकल शेयरधारकों के लिए: कृपा फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर सर्टिफिकेट (आगे और पीछे) की स्कैन कॉपी, पैन (पैन कार्ड की सेल्फ अटेस्टेड स्कैन कॉपी), आधार (आधार कार्ड की सेल्फ अटेस्टेड स्कैन कॉपी) जैसे आवश्यक विवरण कंपनी को abhishek.pandey@jkorg.co.in पर ईमेल में जमा कर दे।
2. डीमैट शेयरधारकों के लिए–कृपया अपनी ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर अपने संबंधि डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के साथ अपडेट करे। यह ई–वोटिंग और डिपॉजिटरी के माध्यम से वर्चुअल मीटिंग में शामिल होने के लिए अनिवार्य है।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 और उसके अंतर्गत बनाये गये नियमो के तहत एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कंपनी के सदस्य के रजिस्टर और शेयर अन्तरण रजिस्टर शुक्रवार 23 सितंबर, 2022 से शुक्रवार, 30 सितंबर, 2022 तक (दोनों दिन सम्मिलित) AGM के उद्देश्य से बंद रहेंगे।

बोर्ड की आज्ञानुसार
हस्ता0/–
(अभिषेक सिंघानिया)
प्रबन्ध निदेशक

स्थानः कानपुर
दिनांकः 02.09.2022

---

GIC Re
आपत्काले रक्षिष्यामि

**भारतीय साधारण बीमा निगम**
**(भारत सरकार की कंपनी)**
**पंजीकृत कार्यालय:** 'सुरक्षा', 170, जे. टाटा रोड, चर्चगेट, मुंबई – 400 020
**टेली:** + 91–22–2286 7000 **फ़ैक्स:** + 91–22–2288 4010,
**वेबसाइट:** www.gicofindia.com, **ई–मेल:** investors.gic@gicofindia.com,
**सीआईएन:** L67200MH1972GOI016133, **आईआरडीएआई पंजी. सं.** 112

## 50 वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना

**वार्षिक आम बैठक की सूचना:**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि लागू एमसीए परिपत्रों और कंपनी अधिनियम तथा सेबी विनियम (सामूहिक रूप से सांविधिक प्रावधान के रूप में संदर्भित) के प्रावधानों के अनुपालन में एजीएम की सूचना में निर्धारित प्रकार्यों का लेन–देन करने के लिए भारतीय साधारण बीमा निगम की **50 वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) सोमवार, दिनांक 26 सितंबर 2022 दोपहर 3:00 बजे (भारतीय मानक समय के अनुसार)** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग / अन्य ऑडियो–विज़ुअल माध्यम (ओएवीएम) के द्वारा आयोजित की जाएगी. एजीएम की कार्यवाही निगम के पंजीकृत कार्यालय में आयोजित की जाएगी.

**एजीएम की सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट :**

एजीएम बैठक की सूचना के साथ वित्तीय वर्ष 2021–22 की वार्षिक रिपोर्ट **शुक्रवार, 2 सितंबर 2022** के ईमेल से उन सदस्यों को भेजी गई है, जिनके ई–मेल पते डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स (डीपी) रजिस्ट्रार / ट्रांसफ़र एजेंट्स (आरटीए) के पास उपलब्ध हैं. उक्त दस्तावेज़ निगम की वेबसाइट www.gicofindia.com, स्टॉक एक्सचेंज (www.bseindia.com तथा www.nseindia.com) एवं ई–वोटिंग एजेंसी मेसर्स नेशनल सेक्युरिटीज़ डिपॉसिटरी लिमिटेड (''एनएसडीएल'') की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध हैं.

**इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से ई–वोटिंग**

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के प्रावधानों के साथ पठित अन्य लागू सांविधिक प्रावधानों के अनुसार, निगम ने मेसर्स नेशनल सेक्यूरिटीज़ डिपॉजिटरी लिमिटेड (''एनएसडीएल'') की सेवाओं को दूरस्थ ई–मतदान सुविधा के प्रावधान के लिए निम्नवत् लागू किया है :

| विवरण | एजीएम से पूर्व | एजीएम के दौरान |
|---|---|---|
| दूरस्थ ई–वोटिंग का आरंभ | **बुधवार, 21 सितंबर 2022 को सुबह 09:00 बजे से (भारतीय मानक समयानुसार)** | **सोमवार, 26 सितंबर 2022** |
| दूरस्थ ई–वोटिंग का समापन | **रविवार, 25 सितंबर 2022 को शाम 05:00 बजे (भारतीय मानक समयानुसार)** | **सोमवार, 26 सितंबर 2022 (एजीएम समाप्त होने के 15 मिनट बाद)** |
| कट ऑफ डेट (वोट के लिए हकदार) | **सोमवार, 19 सितंबर 2022** | |
| एक्सेस के लिए वेबलिंक | https://www.evoting.nsdl.com | |
| ई–वोटिंग इवेंट नंबर | EVEN–121687 | |

**टिप्पणियाँ:**

1. केवल वही व्यक्ति जिनका नाम कट–ऑफ तारीख अर्थात **सोमवार, 19 सितंबर 2022** तक सदस्यों / लाभार्थियों के रजिस्टर में दर्ज है, दूरस्थ ई–मतदान की सुविधा प्राप्त करने के साथ–साथ वार्षिक आम बैठक में मतदान करने का हकदार होगा.
2. सदस्यों का मतदान अधिकार **19 सितंबर 2022** तक निगम की चुकता साम्य शेयर पूंजी में उनके द्वारा धारित इक्विटी शेयरों के अनुपात में होगा.
3. ऐसे सदस्य जिन्होंने अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं किया है या कोई भी व्यक्ति जो एजीएम की नोटिस भेजने के बाद लेकिन कट ऑफ़ तारीख से पहले यानि **19 सितंबर 2022** तक निगम का सदस्य बने हों, सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट की प्रति प्राप्त करने के लिए फोलियो नं./डीपी–आइडी क्लाइंट आइडी का उल्लेख करते हुए निगम को investors.gic@gicofindia.com पर ईमेल भेज सकते हैं. ऐसे सदस्यों से अनुरोध है कि ई–वोटिंग के लिए लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने के लिए नोटिस में दिए गए निर्देशों का पालन करें.
4. जिन सदस्यों ने एजीएम से पहले रिमोट ई–वोटिंग से अपने वोट डाले हैं, वे भी वीसी / ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में भाग ले सकते हैं लेकिन वे फिर से वोट डालने के हकदार नहीं होंगे.
5. जो सदस्य वीसी / ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में उपस्थित होंगे और उन्होंने दूरस्थ ई–वोटिंग के माध्यम से अपना वोट नहीं डाला है और अन्यथा ऐसा करने के लिए प्रतिबंधित नहीं हैं, एजीएम के दौरान वोट करने के हकदार होंगे.
6. जो सदस्य वार्षिक रिपोर्ट के भाग के रूप में सांविधिक रजिस्टरों / दस्तावेजों का निरीक्षण करने के इच्छुक हैं, एजीएम की तारीख तक अपनी डीपी–आईडी और क्लाइंट आईडी या फोलियो का उल्लेख करते हुए इस संबंध में निगम को ईमेल आईडी cs.gic@gicofindia.com पर मेल डाल सकते हैं.
7. जो सदस्य एजीएम के दौरान सवाल पूछना चाहते हैं, उन्हें **सोमवार 19 सितंबर 2022 (09:00 बजे भारतीय मानक समय) और बुधवार, 21 सितंबर 2022 (05:00 बजे भारतीय मानक समय)** के बीच gicagm.speakers@gicofindia.com पर अपने नाम, डीपी आईडी और क्लाइंट आईडी / फोलियो नंबर और मोबाइल नंबर का उल्लेख करते हुए अनुरोध भेजकर खुद को वक्ता के रूप में पंजीकृत करना होगा. केवल उन्हीं सदस्यों को, जिन्होंने वक्ता के रूप में पूर्व–पंजीकृत किया है, ई–एजीएम के दौरान अपने विचार व्यक्त करने / प्रश्न पूछने की अनुमति होगी. निगम के पास ई–एजीएम के लिए समय की उपलब्धता के आधार पर बोलने वालों की संख्या को सीमित करने का अधिकार है.
8. किसी भी प्रकार की पूछताछ के मामले में, सदस्य www.evoting.nsdl.com पर शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यूज़) और एनएसडीएल के डाउनलोड अनुभाग में उपलब्ध शेयरधारकों के लिए उपलब्ध ई–वोटिंग यूजर मैनुअल का संदर्भ ले सकते हैं. सदस्य निम्नलिखित पर भी संपर्क कर सकते हैं:
   टोल फ्री नं.: 1800–222–990 या 1800–22–44–30 या श्री अमित विशाल या सुश्री पल्लवी म्हात्रे से एनएसडीएल से ईमेल evoting@nsdl.co.in पर संपर्क कर सकते हैं.
   यह सार्वजनिक सूचना निगम की वेबसाइट (www.gicofindia.com) पर भी उपलब्ध है.

**कृते भारतीय साधारण बीमा निगम**

हस्ताक्षरित/–
**(सतीश कुमार)**
**कंपनी सचिव**

स्थान: **मुंबई**
दिनांक: **02.09.2022**

---

**COURT NOTICE**
In The Court Of
Harpreet kaur Nafra
JMIC -4, Jalandhar
Sandeep Narang
Vs
Nazar
CNR NO: PBJL03-024311-2019
Next Date : 23-09-2022
Publication Issued To: Nazar - Prop Of Ms City Sports Near Cine House Moohnu Mukku Attingal Kerla 695101
In above titled case, the accused could not be served. It is ordered that accused should appear in person or through counsel on 23-09-2022 at 10:00 a.m. for details logon to: https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Jalandhar
JMIC-4, Jalandhar

---

**ऋण वसूली न्यायाधिकरण– I, दिल्ली**
**चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग संसद मार्ग, नई दिल्ली–110001**

ओ. ए नं. 99/2020
भारतीय स्टेट बैंक
विरूद्ध आवेदक
मयंक रस्तोगी एवं अन्य
**सेवा में** प्रतिवादी

**1. मयंक रस्तोगी व अन्य पुत्र श्री संजीव कुमार,** जी–34/यूजी–2, दिलशाद कॉलोनी, नई दिल्ली–110095, ईस्ट दिल्ली 110095 और: विजमोर कम्युनिकेशन प्रा. लि., बी–53/2, नारायणा विहार, नई दिल्ली–110021 **प्रतिवादी 1**

**(2) मैसर्स एम.जी. हाउसिंग प्रा. लि.,** 12वीं मंजिल, हिमालय हाउस, 23, के.जी. मार्ग, नई दिल्ली–110001 **प्रतिवादी 2**

जबकि उपरोक्त आवेदक ने आपके विरूद्ध रुपये **39,21,104/- (रु. उनतालीस लाख इक्कीस हजार एक सौ चार मात्र)** की वसूली हेतु एक वाद स्थापित किया है तथा जबकि न्यायाधिकरण को संतोषजनक रूप से यह दर्शाया जा चुका है कि आपको साधारण रूप से सूचना दिया जाना संभव नहीं है, इसलिए, विज्ञापन के रूप में इस सूचना के माध्यम से आपको **दिनांक 12-09-2022 को पूर्वा. 10.30 बजे माननीय** रजिस्ट्रार के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है। (अधिक जानकारी के लिए कृपया डीआरटी की वेबसाइट **www.etribunal.gov.in** देखें) फोन : **011-23748473**

ध्यान दें कि यदि आप उपरोक्त तिथि को इस न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित नहीं होंगे, वाद की सुनवाई तथा निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

चल रही महामारी की स्थिति के कारण, सभी मामलों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से और उस उद्देश्य के लिए लिया जाएगा:–

(xxii) सभी अधिवक्ता/पात्रगण ''सिस्को वेबेक्स'' एप्लीकेशन/सॉफ्टवेयर डाउनलोड करेंगे;

(xxiii) ''रजिस्ट्रार/रिकवरी ऑफिसर– I/ और रिकवरी ऑफिसर– II द्वारा प्राप्त की जाने वाली सुनवाई के मामलों की अगली तारीख के लिए ''मीटिंग आईडी'' और ''पासवर्ड'' DRT की आधिकारिक तिथि से एक दिन पहले उपलब्ध होगी। पब्लिक नोटिस हेड के तहत पोर्टल अर्थात **"drt.gov.in"**

(xxiv) किसी भी जानकारी हेतु, एडवोकेट्स/लिटिगेंट्स संबंधित अधिकारी से फोन 011–23748473 पर संपर्क कर सकते हैं।

मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायधिकरण की मोहर के तहत **11 जुलाई, 2022** को दिया गया।

**न्यायाधिकरण के आदेशानुसार,**
**रजिस्ट्रार**

प्रतिवादी उत्तरदाता आगे की पूछताछ के लिए उल्लेखित फोन नंबर के तहत संपर्क कर सकते है। अमित के. दार, एलडी. रजिस्ट्रार, डीआरटी– I, नई दिल्ली, फोनः 011-23748473, ईमेलः drt1delhi-dfs@nic.in

---

# DELHIVERY
# डेल्हीवरी लिमिटेड

**(पूर्व नाम डेल्हीवरी प्राइवेट लिमिटेड)**
**सीआईएनः** L63090DL2011PLC221234

## वीडियो कांफ्रेंसिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल साधनों ("ओएवीएम") के माध्यम से आयोजित होने वाली 11वीं वार्षिक आम बैठक से सम्बन्धित सूचना

सदस्य कृपया ध्यान दें कि एजीएम की सूचना ("**सूचना**") में निर्धारित व्यवसाय(यों) के लेन-देन के लिए कम्पनी अधिनियम, 2013 ("**अधिनियम**") के समस्त प्रयोज्य प्रावधानों, उसके तहत निर्मित नियमों एवं कॉर्पोरेट मामले मन्त्रालय द्वारा जारी सामान्य परिपत्र सं. 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, 20/2020 दिनांक 5 मई, 2020 तथा इस सम्बन्धि जारी अनुगामी परिपत्रों, नवीनतम 2/2022 दिनांक 5 मई, 2022 के साथ पठित सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम, 2015 तथा सेबी द्वारा जारी परिपत्र सं. SEBI/HO/CFD/CMD/2/CIR/P/2022/62 दिनांक 13 मई, 2022 एवं इस सम्बन्ध जारी अन्य प्रयोज्य परिपत्रों (सामूहिक रूप से "**परिपत्र**" सम्बन्धित) के अनुपालन में डेल्हीवेरी लिमिटेड ("**कम्पनी**") की 11वीं वार्षिक आम बैठक वीसी/ओएवीएम के माध्यम से बृहस्पतिवार, 29 सितम्बर, 2022 को 11.00 बजे पूर्वा. (भा.मा.स.) पर आयोजित की जायेगी। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से बैठक में उपस्थित होने वाले सदस्यों की गणना अधिनियम की धारा 103 के तहत कोरम पूरा करने के लिए की जायेगी।

उपर्युक्त परिपत्रों के अनुपालन में सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट 2021-22 ("**वार्षिक रिपोर्ट**") उचित समय पर केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उन सभी सदस्यों के पास भेजी जायेगी जिनके ई-मेल पते कम्पनी/डिपॉजिटरी पार्टीसिपेन्ट्स ("**डीपी**") के साथ पंजीकृत हैं। यह कम्पनी की वेबसाइट **www.delhivery.com**, स्टॉक एक्सचेंजों अर्थात बीएसई लिमिटेड एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया की वेबसाइट क्रमशः **www.bseindia.com** तथा **www.nseindia.com** पर, कम्पनी के डिपॉजिटरी अर्थात नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड **https://www.evoting.nsdl.com/**तथा कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं अन्तरण एजेंट अर्थात लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ("**लिंक इनटाइम**") की वेबसाइट **www.linkintime.co.in** पर भी उपलब्ध होगा। वित्त वर्ष 2021-22 की वार्षिक रिपोर्ट सहित सूचना की प्रतियां इसके लिए निवेदन करने वाले सदस्यों के पास भेज दी जायेंगी।

**ई-वोटिंग के माध्यम से वोट डालने का तरीका :**

सदस्य सूचना में निर्धारित व्यवसाय(यों) पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम ("**ई-वोटिंग**") के माध्यम से अपना वोट डाल सकते हैं। अभौतिक मोड, भौतिक मोड में शेयर धारित करने वाले सदस्यों और जिन सदस्यों ने अपना ई-मेल पता पंजीकृत नहीं किया है, उनके लिए दूरस्थ वोटिंग ("**रिमोट ई-वोटिंग**") सहित वोटिंग का तरीका सूचना में दिया गया है। एजीएम में भाग लेने वाले सदस्य जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग द्वारा वोट नहीं डाला है, वे एजीएम में इलेक्ट्रॉनिक रूप से वोट कर सकेंगे।

**ई-मेल पते को पंजीकृत/अद्यतन करने की रीति :**

क) भौतिक रूप में शेयर धारण करने वाले सदस्य : लिंक इनटाइम के साथ ई-मेल पता पंजीकृत करके। उनकी वेबसाइट **www.linkintime.co.in** पर लिंक **Investor Services** टैब को क्लिक करके **E-mail Registration** शीर्षक चुनें और उसमें निर्देशित पंजीकरण प्रक्रिया का पालन करें। सदस्यों से नाम, डीपी आईडी, क्लाइंट आईडी/पैन, मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी जैसे विवरण प्रदान करने का अनुरोध किया जायेगा। किसी भी जिज्ञासा के मामले में, सदस्य लिंक इनटाइम को **rmt.helpdesk@linkintime.co.in** पर ई-मेल भेज सकते हैं।

ख) इलेक्ट्रॉनिक मोड में शेयर रखने वाले सदस्य, इलेक्ट्रॉनिक रूप से कंपनी से सभी संचार प्राप्त करने के लिए डीपी द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करके संबंधित डीपी के साथ डीमैट धारिता के संबंध में अपनी ई-मेल आईडी पंजीकृत/अपडेट करके।

**सदस्यों से अनुरोध है कि वे नोटिस और विषेश रूप से एजीएम में शामिल होने के निर्देश, रिमोट ई-वोटिंग या एजीएम में ई-वोटिंग के माध्यम से वोट डालने के तरीके को ध्यान से पढ़ें।**

**निदेशक मंडल के आदेशानुसार**
**कृते डेल्हीवेरी लिमिटेड**
**ह./–**
**सुनील कुमार बंसल**
**कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी**

तिथि : 01 सितम्बर, 2022
स्थान : गुरुग्राम

**पंजीकृत कार्यालयः** एन24-एन34, एस24, एस34, एयर कार्गो लॉजिस्टिक्स सेंटर-II, सामने गेट 6 कार्गो टर्मिनल, आईजीआई एयरपोर्ट, नई दिल्ली-110037
**कॉर्पोरेट कार्यालयः** प्लॉट नं. 5, सेक्टर-44, गुरुग्राम-122002, हरियाणा–122002
**वेबसाइटः** www.delhivery.com; **ई–मेलः** corporateaffairs@delhivery.com; **दूरभाषः** +91 124 6225602

जनसत्ता



## सामरिक उपलब्धि

स्वदेशी तकनीक से बने विमानवाहक पोत आइएनएस विक्रांत के जलावतरण से भारत की सामरिक ताकत और आत्मविश्वास निस्संदेह काफी बढ़ गया है। करीब सोलह सौ सदस्यों वाले चालक दल के लिए तैयार किया गया यह युद्धपोत एक तरह से समुद्र में चलती-फिरती वायु और जलसेना छावनी की तरह काम करेगा। इस पर एक समय में करीब तीस हल्के लड़ाकू विमान और हेलिकाप्टर तैनात किए जा सकेंगे। इस तरह यह देश का सबसे बड़ा विमानवाहक पोत है। हालांकि अमेरिका, चीन और रूस के पास इससे कुछ अधिक क्षमता वाले पोत हैं, पर विक्रांत के जलावतरण के बाद भारत अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन और फ्रांस की कतार में खड़ा हो गया है। भारत के पास एक और विमानवाहक पोत सक्रिय है- विक्रमादित्य। यानी अब भारत के पास दो ऐसे युद्धपोत हो गए हैं। चीन के पास भी इतने ही पोत हैं। विक्रांत के संचालन से इसके जरिए मिग आदि लड़ाकू विमानों को समुद्र में उतारने और उड़ान भरने की सुविधा उपलब्ध होगी। विक्रांत खुद एक युद्धक जलपोत है। इस तरह हिंद महासागर में भारत की ताकत बढ़ गई है। स्वाभाविक ही विक्रांत के संचालन से खासकर पाकिस्तान और चीन की चिंता बढ़ गई है। अभी तक हिंद महासागर में चीन का दबदबा बना हुआ था और अपनी सामरिक ताकत के बल पर वह भारत को धौंस देता रहता है। इससे उसका मनोबल कुछ कमजोर होगा।

विक्रांत की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसे पूरी तरह स्वदेशी तकनीक से तैयार किया गया है। इसमें देश की करीब पांच सौ छोटी-बड़ी कंपनियों ने सहयोग दिया। इसके पहले वाला विक्रांत युद्धपोत ब्रिटेन से मंगाया गया था। विक्रमादित्य रूस से खरीदा गया था। इस तरह विक्रांत की सफलता के बाद भारत का स्वदेशी सैन्य साजो-सामान के मामले में आत्मनिर्भर बनने का संकल्प विक्रांत के जलावतरण से साकार होता दिख रहा है। भारत उन देशों में है, जो अपने सैन्य साजो-सामान पर काफी धन खर्च करता है। इसलिए कई देश उससे सैन्य उपकरणों की खरीद आदि के लिए लालायित रहते हैं और इसके मद्देनजर अपने अंतरराष्ट्रीय रिश्तों और रणनीतियों में बदलाव भी करते रहते हैं। कई बार इसी आधार पर वे भारत पर दबाव बनाने का प्रयास करते देखे जाते हैं। दरअसल, कई देशों की अर्थव्यवस्था सैन्य साजो-सामान के कारोबार पर निर्भर है। वे बिचौलियों को मोटा कमीशन, घूस आदि देकर लड़ाकू विमान, हेलिकाप्टर, पनडुब्बी, हथियार आदि खरीदने का सौदा कराते रहते हैं। अगर भारत इस मामले में पूरी तरह आत्मनिर्भर बन जाता है, तो न सिर्फ इन अड़चनों से मुक्ति मिलेगी, बल्कि वह खुद एक सैन्य साजो-सामान के बाजार में खड़ा हो सकता है। इसका रास्ता साफ होता नजर आ रहा है। इसलिए भी हथियार बनाने वाले देशों को विक्रांत का जलावतरण खटक रहा होगा।

सबसे बड़ी बात कि विक्रांत की हिंद महासागर में मौजूदगी से चीन का एकाधिकार समाप्त होगा और वह भारत को जब-तब आंखें दिखाने से बचेगा। अभी भारत को हिंद महासागर में सबसे अधिक चुनौती चीन की तरफ से ही मिलती रही है। पाकिस्तान भी उसी की शह पर भारत को उकसाने का प्रयास किया करता था। अब वह ऐसा नहीं कर पाएगा, क्योंकि इस युद्धपोत में पानी के भीतर से आसमान में मार करने वाले अत्याधुनिक हथियार लगे हुए हैं। दुश्मन पनडुब्बियों की टोह लेने में भी आसानी हो गई है। सैन्य विशेषज्ञों का मानना है कि विक्रांत के आने से हिंद प्रशांत और हिंद महासागर में शांति का वातावरण बनेगा।

## टकराव का हासिल

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बीच औपचारिक बैठकों तक में स्थिति जैसी होती जा रही है, उससे सवाल यह पैदा हो रहा है कि इससे राजधानी और यहां के लोगों का क्या भला हो रहा है! शुक्रवार को दोनों के बीच होने वाली साप्ताहिक बैठक टलने की वजह यह बताई गई कि चूंकि अरविंद केजरीवाल गुजरात के दो दिनों के दौरे पर हैं, इसलिए उपराज्यपाल के साथ होने वाली बैठक में वे शामिल नहीं हो पाएंगे। लेकिन लगातार तीसरी बार हर सप्ताह होने वाली बैठक में शामिल नहीं होना यह बताने के लिए काफी है कि दोनों के बीच कई मुद्दों पर हो रहे टकराव की वजह से पैदा होने वाला तनाव अब किस रूप में दिखने लगा है। सवाल है कि अगर उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच होने वाली बैठक का मकसद राजधानी दिल्ली में सरकार चलाना और शासन का सहज रूप से कामकाज सुनिश्चित किया जाना है तो इसमें निजी आग्रहों की जगह क्यों होनी चाहिए। वहीं, अगर बैठकें नहीं हो पाने की वजह कोई आग्रह, तनाव या टकराव नहीं है तो क्या इसे शासन चलाने के लिए जरूरी कामों की प्राथमिकता सूची में कम महत्त्व का माना जा रहा है?

दरअसल, पिछले काफी समय से उपराज्यपाल और दिल्ली सरकार के बीच जिस स्तर की खींचतान चल रही है, उसमें यह साफ दिख सकता है कि इसकी वजह केवल तकनीकी बाध्यताएं नहीं होंगी। दिल्ली में 'आप' की सरकार की ओर से कई पार्टी के नेता यहां के विकास को बाधित करने के आरोपों के साथ उपराज्यपाल को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश करते रहे हैं। दूसरी ओर, उपराज्यपाल की ओर से कुछ तकनीकी आधार के चलते सरकारी कामकाज से संबंधित फाइलों पर सवाल उठाया जा रहा है। मसलन, उपराज्यपाल ने दिल्ली सरकार की ओर से भेजी गई सैंतालीस फाइलों को इसलिए वापस भेज दिया कि उन पर संवैधानिक मानदंडों के मुताबिक मुख्यमंत्री के हस्ताक्षर नहीं थे। इस बीच, दिल्ली की आबकारी नीति से जुड़े विवाद ने कई स्तर पर जो संदेह खड़े किए हैं, वह अब एक सार्वजनिक बहस का विषय हो चुका है। फिर उपराज्यपाल ने दिल्ली के मुख्य सचिव से यहां के सरकारी स्कूलों में कक्षाओं के लिए अतिरिक्त कमरे बनाने से जुड़े भ्रष्टाचार के आरोपों के मामले में भी रिपोर्ट तलब की। जाहिर है, इन मसलों पर दिल्ली में 'आप' एक तरह से घिरी हुई है।

यह बेवजह नहीं है कि आम आदमी पार्टी की ओर से भी उपराज्यपाल पर चौदह सौ करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप लगाते हुए दावा किया गया कि जब वे खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष के पद पर थे, उस दौरान यह घोटाला हुआ था। जाहिर है, दोनों पक्षों के बीच टकराव ने जो शक्ल अख्तियार कर लिया है, उसमें मामला अब केवल आपसी तनाव तक सीमित नहीं रहा है, बल्कि इसका असर अब राज्य के सामान्य कामकाज पर भी पड़ने लगा है। पिछले कई हफ्तों से जिस तरह उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच बैठकें रद्द होने का जो क्रम चल रहा है, उसका हासिल आखिर क्या होने वाला है? दिल्ली को देश के सभी राज्यों से अलग और विशेष चेहरा देने का दावा करने वाले अरविंद केजरीवाल के लिए यहां के विकास और लोगों के हित प्राथमिक हैं या आपसी खींचतान के बीच पलता कोई अहं? वहीं, अगर उपराज्यपाल के सामने भी अगर कोई बड़ी बाधा नहीं है तो उन्हें भी टकराव या तनाव के बजाय जनहित में दोनों पक्षों के बीच सौहार्द के हालात बनाते हुए अपनी गरिमा को कायम रखने की जरूरत है, ताकि दिल्ली और यहां के लोगों के लिए एक बेहतर शासन और विकास सुनिश्चित किया जा सके।

### कल्पमेधा

**रहस्य सत्य का मित्र नहीं है। किसी भी आदमी को अपनी बुद्धि का बलिदान देकर विनम्र बनने की आवश्यकता नहीं है।**

**- वोल्तेयर**

# बढ़ते हाथ, घटते काम

सरोज कुमार

**इतने बड़े घरेलू बाजार में मांग होती, तो निर्यात घटने के बाद भी विनिर्माण क्षेत्र प्रभावित नहीं होता, और रोजगार की परिस्थिति इतनी जटिल नहीं होती। मगर गलत आर्थिक नीतियों के कारण आम आबादी के पास मांग करने की शक्ति नहीं रह गई है। इसका खमियाजा रोजगार बाजार, और अंत में अर्थव्यवस्था को भुगतना है।**

बाजार जब रोजगार पैदा करना बंद कर दे तो समझिए अर्थव्यवस्था नीतिगत बीमारी की शिकार हो गई है, जिसका इलाज मुश्किल होता है। भारतीय अर्थव्यवस्था के साथ कुछ ऐसा ही जान पड़ता है। चिंता की बात यह है कि कुशल हाथ बेकार हैं, फिर भी श्रम बाजार सिकुड़ रहा है। भू-राजनीतिक परिस्थितियों के कारण बेशक दुनिया के देश कमोबेश कठिनाई का सामना कर रहे हैं, लेकिन भारत की कठिनाई अलग तरह की है। विशाल उपभोक्ता बाजार और उत्पादन की क्षमता होने के बावजूद यहां मांग और आपूर्ति का संकट है। बेरोजगारी की लंबी खिंचती परिस्थिति के बीच मांग में अतिरिक्त गिरावट की आशंका है। मांग खर्च पर निर्भर होती है और खर्च कमाई पर। कमाई की क्या स्थिति है, आंकड़े नहीं, जेब टटोल कर देख लीजिए।

मांग की एक नई खिड़की निर्यात में वृद्धि के साथ खुली थी, और उसके साथ ही रोजगार बाजार के पटरी पर लौटने की उम्मीद जगी थी। मगर भू-राजनीतिक परिस्थितियों के कारण दुनिया में मंदी की आहट के साथ यह खिड़की भी बंद होती दिख रही है। निर्यात घटेगा तो जाहिर है विनिर्माण का इंजन सुस्त पड़ जाएगा। रोजगार की पैदावार रुक जाएगी। भारतीय निर्यात में उछाल से उत्साहित कारपोरेट जगत ने 2021-22 में 791 परियोजनाओं के लिए 1,94,548 करोड़ रुपए निवेश की घोषणा की थी, जो 2020-21 की 576 परियोजनाओं के लिए 1,16,603 करोड़ रुपए निवेश की घोषणा से काफी अधिक है। अगर यह सारा निवेश बाजार में उतरता तो निश्चित रूप से रोजगार के अवसर बनते। मगर जब मांग की ही संभावना धूमिल हो चली है, तो ऐसी स्थिति में भला कौन निवेशक अपनी पूंजी गड्ढे में फेंकना चाहेगा?

महामारी की रफ्तार थमने के बाद दुनिया के बाजार खुले तो मांग में भी तेजी आई। भारत ने 2022 में अब तक के रिकार्ड 421.89 अरब डालर का निर्यात किया। लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध ने परिस्थिति को पलट दिया है। उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में मंदी की आहट के कारण मांग घटने लगी है। इसका असर भारत के निर्यात पर पड़ा है। जुलाई 2022 में भारत का निर्यात गिर कर 35.24 अरब डालर हो गया, जो जून में 35.51 डालर था।



क्रेडिट रेटिंग एजेंसी, इंडिया रेटिंग्स ऐंड रिसर्च ने अपने एक अध्ययन रपट में कहा है कि निर्यात में वृद्धि के कारण भारत के विनिर्माण क्षेत्र में 2022 में जो तेजी आई थी, निर्यात में गिरावट के कारण वह 2023 में नहीं रहने वाली है। एजेंसी के अनुसार, रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में मंदी की चिंता और चीन में कोविड नियंत्रण के कड़े उपायों के कारण भारत के विभिन्न क्षेत्रों में उत्पादन प्रभावित हुआ है। रपट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2016 से वित्त वर्ष 2020 के दौरान भारत का वार्षिक औसत निर्यात 297.02 अरब डालर रहा था, जो वित्त वर्ष 2019 में बढ़ कर 330.08 अरब डालर हो गया। और 2021-22 में यह रिकार्ड 421.89 अरब डालर पर पहुंच गया। निर्यात में यह वृद्धि मुख्य रूप से विनिर्मित वस्तुओं के निर्यात के कारण हुई। यानी विनिर्मित उत्पादों का निर्यात बढ़ने से औद्योगिक इकाइयों ने अपनी पूरी क्षमता के साथ उत्पादन किया, और इसके कारण 2022 में नौकरियों की उम्मीद भी वापस लौटी। लेकिन मंदी के आसन्न संकट ने इस उम्मीद पर पानी फेर दिया है।

भारतीय वस्तुओं और सेवाओं के दो सबसे बड़े ग्राहक अमेरिका और यूरोप के लिए निर्यात की रफ्तार सुस्त पड़ गई है। वाणिज्यिक जानकारी एवं सांख्यिकी महानिदेशालय (डीजीसीआइएस) के आंकड़े बताते हैं कि यूरोप के लिए भारतीय निर्यात की वृद्धि दर जून 2022 में घट कर उनतालीस फीसद रह गई, जो अप्रैल 2022 में इकसठ फीसद और मई 2022 में चालीस फीसद थी। इसी तरह अमेरिका के लिए भारतीय निर्यात की वृद्धि दर जून में घट कर उनतीस फीसद रह गई, जो मई में बत्तीस और अप्रैल में इकतीस फीसद थी। वित्त वर्ष 2022-23 की प्रथम तिमाही में भारत ने यूरोप को 19.3 अरब डालर, और अमेरिका को 21.7 अरब डालर मूल्य की वस्तुओं-सेवाओं का निर्यात किया। भारतीय सामान के चौथे सबसे बड़े ग्राहक चीन के लिए निर्यात जून तिमाई में इकतीस फीसद घट कर 4.7 अरब डालर रह गया। भारत के कुल निर्यात में अमेरिका और यूरोप की सम्मिलित हिस्सेदारी 2022 में तैंतीस फीसद थी, जबकि चीन की हिस्सेदारी पांच फीसद। यानी भारतीय निर्यात का अड़तीस फीसद हिस्सा संकट में है। निर्यात के इतने बड़े हिस्से के संकटग्रस्त होने से घरेलू उत्पादन पर कितना असर पड़ेगा, और इसका रोजगार पर क्या असर होगा, अंदाजा लगाया जा सकता है।

इस साल गेहूं का उत्पादन दस से तीस फीसद घट गया। अब असमान बारिश के कारण धान का उत्पादन भी आठ फीसद कम होने का अनुमान है। यानी जिस कृषि क्षेत्र ने महामारी के दौरान रोजगार बाजार और अर्थव्यवस्था दोनों को सहारा दिया था, वहां से भी घरेलू मांग में किसी तरह की मदद मिलने की उम्मीद नहीं है। इतने बड़े घरेलू बाजार में मांग होती, तो निर्यात घटने के बाद भी विनिर्माण क्षेत्र प्रभावित नहीं होता, और रोजगार की परिस्थिति इतनी जटिल नहीं होती। मगर गलत आर्थिक नीतियों के कारण आम आबादी के पास मांग करने की शक्ति नहीं रह गई है। इसका खमियाजा रोजगार बाजार, और अंत में अर्थव्यवस्था को भुगतना है।

सेंटर फार मॉनिटरिंग इंडियन इकोनामी (सीएमआइई) के आंकड़े बताते हैं कि भारतीय रोजगार बाजार इस समय एक विचित्र स्थिति में पहुंच चुका है। यह बूढ़ी और कम पढ़ी-लिखी श्रमशक्ति की एक बस्ती बन चुका है। यहां कामकाजी उम्र के पढ़े-लिखे युवाओं के लिए काम नहीं है। कामकाजी उम्र (15-24 वर्ष) का हो जाने के बाद भी युवा आबादी विद्यार्थी जीवन जीने को मजबूर हैं। वित्त वर्ष 2016-17 में जहां कामकाजी उम्र के लगभग पंद्रह फीसद लोग विद्यार्थी थे, वहीं 2019-20 में इस उम्र के विद्यार्थियों की संख्या बढ़ कर अठारह फीसद हो गई। 2020-21 में इक्कीस फीसद और 2021-22 में तेईस फीसद हो गई। वित्त वर्ष 2016-17 और 2021-22 के बीच देश में कामकाजी आबादी 12.10 करोड़ बढ़ गई, जबकि इसी अवधि में श्रमशक्ति एक करोड़ घट गई।

वित्त वर्ष 2016-17 में देश में रोजगार में लगी कुल श्रमशक्ति का एक-चौथाई हिस्सा तीस साल तक की उम्र के लोगों का था। जो 2019-20 में घट कर इक्कीस फीसद और 2021-22 में अठारह फीसद रह गया। अर्थव्यवस्था के लिए यह एक खतरनाक संकेत है। किसी देश की कामकाजी युवा आबादी वहां की बड़ी पूंजी मानी जाती है। जब देश अपनी उपलब्ध पूंजी का ही उपयोग न कर पाए तो वह किस घाट लगेगा, कह पाना कठिन है।

भारतीय श्रम बाजार में पढ़े-लिखे लोगों के लिए भी जगह नहीं रह गई है। वित्त वर्ष 2018-19 में जहां स्नातक और परास्नातक श्रमिकों की हिस्सेदारी 13.4 फीसद थी, वहीं 2021-22 में यह घटकर 12.2 फीसद रह गई। भारतीय श्रमशक्ति का बड़ा हिस्सा छठी से बारहवीं पास लोगों का है। वित्त वर्ष 2016-17 में दसवीं, बारहवीं पास श्रमिकों का हिस्सा अठाईस फीसद था, जो 2021-22 में बढ़ कर अड़तीस फीसद हो गया। वित्त वर्ष 2016-17 में श्रमशक्ति में ऐसे श्रमिकों की हिस्सेदारी अठारह फीसद थी, जो 2021-22 में बढ़ कर उनतीस फीसद हो गई।

बाजार में मांग नहीं, श्रम बाजार में रोजगार नहीं, और निजी निवेशक तैयार नहीं। बढ़ते राजकोषीय घाटे के कारण सरकार के हाथ बंधे हुए हैं। फिर तो भविष्य बेरोजगारी और बदहाली का ही है।

# जड़ता की अंधी गलियां

भावना मासीवाल

**दुनिया मेरे आगे**

हमारे देश की आजादी के पचहत्तर वर्ष पूरे हो गए हैं और इसे आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में मनाया भी गया। इस महोत्सव के मूल में ब्रिटिश हुकूमत से भारत की आजादी है। हम बाहरी ताकतों से देश के आजाद होने का उत्सव हर वर्ष मनाते ही हैं, लेकिन यह वर्ष विशेष रूप से उल्लेखनीय है। एक तरफ जब पूरा देश आजादी के इस महापर्व के उल्लास और उमंग में था तो दूसरी तरफ राजस्थान के एक स्कूल में हुई घटना हमें देश के भीतर की अराजक व संकीर्ण मानसिकता से भरी ताकतों से घिरे होने का अहसास कराती हैं। बाहरी ताकतों से तो हमें आजादी मिल गई और हम देशवासी फिर से बाहरी ताकतों से एकजुट होकर लड़ सकते हैं, अलग-अलग अपेक्षाएं और उनकी सीमाएं निर्धारित कर सकते हैं, लेकिन जो ताकतें देश के भीतर विराजमान हैं, उनसे लड़ना और उनकी सीमाओं का निर्धारण करना सरल नहीं है।

दरअसल, हम आजाद देश के नागरिक जरूर हैं, मगर भीतर से परंपरा के नाम पर कई विकृत रूढ़ियों से बंधे हैं। ये रूढ़ियां हमारे विचार व व्यवहार में इतनी अधिक संकीर्ण है कि समाज को भीतर से खोखला और अपंग बना रही हैं। यह अपंगता व्यक्ति के विचार और व्यवहार में देखी जा सकती है। हम चाह कर भी इससे बाहर नहीं आ पा रहे हैं। शायद यही वजह है कि कहीं राजस्थान में मासूम बच्चे द्वारा पानी पीने के मटके को छू देने भर के कारण उसे अपनी जान से हाथ धोने की खबर आती है तो कहीं स्त्री होने के कारण यौन शोषण के त्रासद अपराध के दौर से गुजरना पड़ता है और जीवन भर अपने ही खिलाफ हुए अन्याय के खिलाफ अकेले लड़ना पड़ता है। हमारे आसपास ऐसी बहुत-सी घटनाएं होती रहती हैं जो हमें खुद से ही सवाल करने पर मजबूर करती है। लेकिन सच यह है कि हम उन सवालों के जवाब न पाकर व्यवस्था के प्रति आक्रोश जाहिर करने लगते हैं। यह आक्रोश कभी न्याय का मजबूत पक्ष बनता है तो कभी अन्याय का।

यह हमारे समय की विडंबना ही कही जाएगी कि एक तरफ हम देश को वैश्विक फलक पर मजबूत प्रतिनिधि के रूप में खड़ा करना चाहते हैं, हम एक राष्ट्र, प्रेम और सौहार्द का गीत गाते हैं, मगर वहीं हमारे ही बीच के कुछ लोग उस राष्ट्रभाव और एकता के बंधन को अपनी संकीर्ण, जड़ और हिंसक प्रवृति के कारण खंडित करते देखे जाते हैं। फिर वह जाति और जेंडर की संकीर्ण मानसिकता ही क्यों न हो। जबकि इस कसौटी पर नाकाम समाज और देश अपने न्यायपूर्ण होने का दावा नहीं कर सकता। यों भी किसी देश की उन्नति उसके नागरिकों के आपसी सहयोग व सौहार्द से होती है। जब आम नागरिक ही सामाजिक रूढ़ियों, जातिगत भेदभाव की बंदिशों से घिरा होगा तो हम किस राष्ट्र का विकास करेंगे। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपने ऐतिहासिक भाषण में कहा भी था कि 'कोई भी देश तब तक महान नहीं बन सकता, जब तक उसके लोगों की सोच या उनका काम संकीर्ण रहेगा'। यह एक देश और समाज के बनने के लिए एक शर्त के तौर पर देखा जाना चाहिए।

शिक्षा व्यक्ति को मनुष्य बनाती है, उसमें आत्मसम्मान, प्रेम, आजादी, सौहार्द, भाईचारे, समानता का भाव जगाती है। लेकिन हमारी शिक्षा व्यवस्था में आपसी सौहार्द से अधिक जातिगत तो कभी सामाजिक लिंग यानी जेंडर के मसले पर तो कभी क्षेत्रगत वैमनस्य का भाव देखने को मिलता है। यह भाव कभी श्रेष्ठता के झूठे बोध की ग्रंथि से तो कभी हीनता बोध की ग्रंथि से ग्रसित मिलता है। दोनों ही स्थितियों में यह समाज को खोखला और नई पीढ़ी को वैमनस्य के भाव से भर रहा है। यह वैमनस्य का भाव किताबी शिक्षा से अधिक व्यावहारिक शिक्षा और ज्ञान से दूर किया जा सकता है, लेकिन इसे अपने हाल में या यथास्थिति में छोड़ देने के नतीजा यह होगा कि राजस्थान जैसी कितनी ही घटनाएं घटित होती रहेंगी और एक व्यक्ति की संकीर्ण मानसिकता पूरे समाज और राष्ट्र को कठघरे में खड़ा करती रहेगी।

हम इस सच से भी वाकिफ हैं कि हमारे समाज की इस जड़ मानसिकता को खाद पानी देने का काम राजनीति ने ही किया है। दरअसल, राजनीति इसी व्यवस्था को हथियार बनाकर अपना वोट बैंक तैयार करती है। यही वोट बैंक फिर समाज में राजनीति के समीकरण तैयार करता है और जड़ संकीर्ण मानसिकता को पैदा करता है। एक ओर समाज में जाति व्यवस्था के टूटने की बात की जाती है तो दूसरी ओर जाति के भीतर उप-जातियां अधिक मजबूत बनकर उभर रही हैं। यह हमारी सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्था का ही हिस्सा है कि हम समाज और जातिगत व्यवस्था को बदलने नहीं देना चाहते हैं, क्योंकि अगर समाज बदलता है तो वर्चस्वशाली जातियों की जातिगत राजनीति भी टूटने लगेगी और जड़ मानसिकताएं धीरे-धीरे समाप्त होने लगेंगी। लेकिन यह एक आम आदमी का दिवास्वप्न ही है, क्योंकि आज भी राजनीति में वर्चस्वशाली समूह अपनी सुविधा के मुताबिक मुद्दे उभरने देते हैं और उसके हल की खोज करते हैं।

## कथनी-करनी

'अण्णा का आईना' (संपादकीय, 1 सितंबर) पढ़ा। इस विषय में यही कहना है कि अरविंद केजरीवाल के गुरु अण्णा हजारे हैं। एक समय प्रधानमंत्री को लोकपाल के दायरे में लाने के लिए जब अण्णा हजारे ने अपना आंदोलन किया था, तब अपनी सरकारी नौकरी छोड़कर अरविंद केजरीवाल उस आंदोलन में शामिल हुए थे और आंदोलन का संचालन भी किया था। तब आंदोलन के समय ही केजरीवाल ने सरकार के खिलाफ आम आदमी पार्टी का गठन करने की भी घोषणा की थी। बाद में इसी पार्टी ने दिल्ली राज्य में विधानसभा का चुनाव लड़ कर जीता और फिर सरकार भी बनाई थी। वहीं केजरीवाल जब सच्चाई एवं ईमानदारी की कसमें खाने के बाद भी आज जब नैतिकता भूल बैठे हैं तो अण्णा हजारे उनसे नाराज हैं।

कारण स्पष्ट है कि अरविंद केजरीवाल जब उनके साथ थे, तब अण्णा हजारे उनकी ईमानदारी से काफी प्रभावित हुए थे, पर आज के समय में अरविंद केजरीवाल की आबकारी नीति से अण्णा हजारे काफी नाराज है। यही कारण है उन्होंने एक चिट्ठी भी केजरीवाल को लिखी, जिसमें उन्होंने सरकार की आबकारी नीति की आलोचना की और कहा कि आपकी पार्टी आजकल गलत नीति पर चल रही है... सरकार का शराब को बढ़ावा देना और रेवड़ी संस्कृति को बढ़ावा देना, दोनों ही एक तरह से गलत काम है। इनसे आम आदमी पंगु एवं खोखला हो रहा है।

हम तो यही कहेंगे कि जब आज के समय अरविंद केजरीवाल राष्ट्रीय स्तर के एक बड़े नेता हैं तो उन्हें अपनी ख्याति और साख का ध्यान रखना चाहिए। उन्हें अण्णा हजारे, जो उनके राजनीतिक गुरु भी हैं, की बात को ध्यान रखकर अपनी छवि पर लगते दाग को धोने का अवश्य प्रयास करना चाहिए।

*- मनमोहन राजावत राज, शाजापुर, मप्र*

## किसका विकास

एक्र सर्वे के अनुसार, भारत में आत्महत्या करने वालों में हर चौथा व्यक्ति दिहाड़ी मजदूर है। इस खबर को पढ़ने के बाद हर संवेदनशील भारतीय का मन व्याकुल होना स्वाभाविक है, पर विचार और विमर्श का विषय है कि अन्य तीन हिस्से कौन हैं। क्या देश के अन्य आत्महत्या करने वालों के विषय में चिंता और चिंतन नहीं होना चाहिए? आखिर कोई भी इंसान आत्महत्या क्यों करे?

एक अन्य खबर पुर्तगाल से आई जहां इलाज में देरी के कारण एक गर्भवती महिला की मौत के बाद विभाग के मंत्री ने पदत्याग कर दिया। कहने का आशय यह कि असल वजह है जिम्मेदारी से भागना। अगर हमारे देश में भी जवाबदेही तय हो और नैतिक आधार को सर्वोपरि मानकर फैसले लिए जाएं तो शायद देश के किसी नागरिक को आत्महत्या करने की आवश्यकता ही न पड़े। हर जान कीमती है, रमेश हो या रियाज, आशा हो या अफसा, हर वर्ग जरूरी है दिहाड़ी मजदूर हो या किसान। व्यवस्था की भेंट कोई भी चढ़ता है तो ये निश्चित ही चिंता का विषय है।

*- मनोज, मेरठ, उप्र*

**किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश**

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

चौपाल

## वक्त का तकाजा

आज के समय हर क्षेत्र में तेजी से खपत बढ़ रही है। मोबाइल ऐप ने इस काम को और भी आसान बना दिया है। चाहे खाने-पीने की चीज हो या कोई इलेक्ट्रानिक उपकरण, आजकल सब कुछ घर बैठे ही उपलब्ध कराया जा सकता है। दवाइयों को घर तक उपलब्ध कराने के लिए भी ऐसे कई ऐप हैं जो वृद्ध एवं असहाय लोगों के लिए बेहद मददगार साबित हुए हैं। आज से दस साल पहले तक किसी ने नहीं सोचा था कि ई-कामर्स इतनी बड़ी क्रांति लेकर आएगा। लेकिन इस क्रांति का एक चिंताजनक पहलू जरूरत से ज्यादा बढ़ती खपत भी है।

लोगों की बढ़ती आय और ई-कामर्स की आसान दुनिया ने लोगों को खपत के मामले में लापरवाह बना दिया है और उन्हें अपने द्वारा मंगाई गई वस्तु भी जल्द से जल्द चाहिए। कई लोग चाहते हैं कि उन्हें उनका सामान दो-तीन घंटे से लेकर दिन के अंत तक मिल जाए। ऐसे में ई-कामर्स कंपनिया अपने वितरण प्रबंधकों पर जल्द से जल्द वितरण करने का दबाव बनाती हैं। हाल ही में जोमैटो द्वारा दस मिनट में डिलीवरी करने की घोषणा इस बात का प्रमाण है। उल्लेखनीय है कि ऐसे में वितरण कर्मचारी अपनी नौकरी बचाने के लिए बिना अपनी परवाह किए अपने काम को पूरा करने की कोशिश करेंगे। ऐसे में वे किसी हादसे का शिकार भी हो सकते हैं। अन्य कई तरह के नुकसान भी हो सकतेहैं।

इसलिए हमें अपनी जरूरत से ज्यादा हो रही खपत पर अंकुश लगाने की जरूरत है। वितरण कर्मचारी 'गिग वर्कर्स' की श्रेणी में आते हैं, जिनकी सुरक्षा के लिए कोई बीमा या अन्य सुविधाएं अब तक उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में भारत सरकार को जल्द से जल्द इसका संज्ञान लेना होगा। आज यह एक विकल्प ही नहीं बल्कि समय की मांग है।

*- विवेक चौबे, हावड़ा*

## सियासी आंकड़े

हाल ही में योगी आदित्यनाथ सरकार के द्वारा अठारह ओबीसी जातियों को अनुसूचित जाति वर्ग में समाहित करने संबंधी अधिसूचना को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने निरस्त कर दिया है। अदालत ने सरकार के कामकाज पर सख्त टिप्पणी करते हुए संबंधित अधिकारियों पर दंडात्मक कार्रवाई के लिए कहा है। उत्तर प्रदेश की अठारह ऐसी जातियां हैं, जिन पर हमेशा राजनीतिक दलों की निगाह टिकी होती हैं। इन जातियों को 2005 में मुलायम सिंह यादव ने, 2016 में अखिलेश यादव और 2019 में योगी आदित्यनाथ की सरकार ने ओबीसी वर्ग से हटाकर अनुसूचित जाति वर्ग में शामिल करने संबंधित अधिसूचना जारी की थी।

दरअसल यह एक राजनीतिक कलाबाजी अलावा कुछ नहीं है। उत्तर प्रदेश की इन अठारह जातियों में निषाद केवट मल्लाह, राजभर, भर बाथम, नोनिया जातियों की आबादी कुल मिलाकर बारह फीसद है, जिनको सभी राजनीतिक अपने पाले में करना चाहते हैं। इस प्रकरण में सिर्फ बसपा का स्पष्ट मत रहा है कि अगर बिना आरक्षण बढ़ाए बारह आबादी को ओबीसी से अनुसूचित जाति वर्ग में शामिल किया जाता है तो यह न्यायसंगत नहीं है। यह अनुसूचित जाति वर्ग के हितों पर कुठाराघात होगा। यह किसी से छिपा नहीं है कि आरक्षण के बावजूद सार्वजनिक महकमों से लेकर लगभग हर स्तर पर अनुसूचित जातियों की हिस्सेदारी आज भी न्यायसंगत स्तर तक नहीं पहुंच सकी है। ऐसे में किसी तरह मिल सके उनके अधिकारों में ही कटौती की जाने लगेगी या उनका हिस्सा कम किया जाने लगेगा तो इसे कैसे देखा जाएगा?

*- वीरेंद्र कुमार जाटव, दिल्ली*

गुलाम नबी आजाद के कांग्रेस से रुखसत होने के बाद हरियाणा कांग्रेस में भी दो प्रतिद्वंद्वी चेहरे आमने-सामने आए। कांग्रेस नेतृत्व पर आरोपों की झड़ी लगाने वाले आजाद के घर उनसे मिलने के लिए अन्य असंतुष्ट नेताओं के साथ भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी पहुंचे थे। इसके बाद कांग्रेस नेता कुमारी शैलजा ने कहा कि नेताओं के इस कदम ने पार्टी के कार्यकर्ताओं को भ्रमित और निराश किया है। कुमारी शैलजा ने सवाल किया कि जब एक शख्स ने पार्टी छोड़ दी है तो उनसे मिलने जाने का क्या औचित्य है।





## बेबाक बोल

कांग्रेस में पिछले दो दशक में संगठनात्मक चुनाव नहीं हुए हैं। भारतीय राजनीति में जब कोई दल लंबे समय तक सत्ता में रहता है तो संगठनात्मक स्तर पर लोकतांत्रिक कवायद से बेपरवाह हो जाता है। आलाकमान का वचन ही शासन होता है। कभी शीर्ष के बल पर शीर्ष में रखे गए नेता जितनी तेजी से कांग्रेस नेतृत्व पर आरोप लगा कर पार्टी को अलविदा कह रहे हैं उतनी तेजी से तो पार्टी में सुधार संभव नहीं दिखता। इन नेताओं ने 2014 से पहले लोकतांत्रिक कांग्रेस की मांग नहीं की थी क्योंकि इन्हें सत्ता में अहम भागीदारी मिली थी तो संगठन मजबूत करने की जिम्मेदारी शायद विपक्षी दलों का काम समझ लिया गया था। आज जब कांग्रेस में संगठनात्मक चुनाव का एलान हो गया है तो देखना होगा कि चिट्ठी-क्रांति करने वाला समूह चुनाव में भाग लेता है या चुनावी प्रक्रिया खट्टी है कह कर मुंह फेर लेता है। कल तक दरबारी का बिल्ला लगा रखे नेताओं के बागी बोल पर बेबाक बोल।

# भाग दरबारी

**मुकेश भारद्वाज**

गुल भी मानिंद-ए-खार हैं अब तो
नंग-ए-फस्ल-ए-बहार हैं अब तो
- नामी नादरी

कांग्रेस के लिए यह समय राजनीतिक विपन्नता का है। राजनीतिक शक्ति के संसाधन में वह अर्श से फर्श पर पहुंच चुकी है। जाहिर सी बात है कि यह समय पार्टी के उन लोगों के लिए बहुत कष्टकारी होगा जिन्होंने लंबे समय तक सत्ता का सुख भोगा है। अभी कांग्रेस महज दो जगहों पर सत्ता में है। पार्टी को अपने नेताओं के पास देने के लिए ज्यादा कुछ नहीं है सिवाय संघर्ष के लिए उत्साहित करने के। लेकिन, संघर्ष शब्द आदर्श रूप से जितना आकर्षक लगता है, व्यावहारिक रूप से उतना ही मुश्किल।

केंद्र की सत्ता से बेदखल होने के बाद जितनी जल्दी जी-23 का जन्म हुआ वह उतना भी आश्चर्यजनक नहीं था। लंबे समय से जनता से दूर नेताओं के लिए सबसे आसान काम था, चिट्ठी लिख कर पार्टी आलाकमान से अपनी नाराजगी जताना। दूसरी ओर, सबसे मुश्किल काम था, जनता के बीच जाकर उनकी नाराजगी दूर करना। चिट्ठी लिखी गई, मीडिया को दी गई और बहुचर्चित हुई। कांग्रेस को उपदेशों की झड़ी के साथ पार्टी छोड़ने वालों की लड़ी लग गई। जो कल तक खुद 'राग दरबारी' सप्तम सुर में गा रहे थे, आज वे कह रहे हैं कि कांग्रेस सुरक्षाकर्मियों (इशारा शायद केबी बायजू की ओर था जो राहुल गांधी की एसपीजी सुरक्षा के पूर्व सदस्य हैं) और चपरासियों के हवाले है। जरा सोचिए, दरबार की सुरक्षित कुर्सियों पर बैठने वाले लोगों के लिए सुरक्षाकर्मियों और अन्य कर्मचारियों के लिए कितनी घृणा है। आज गुलाम नबी आजाद उस खेमे के मुरीद हो रहे हैं जिसने राजनीति में इसी कथित सामंती संभ्रांत मानसिकता को तोड़ा है। आजाद की सामंती सुर की भाषा ही उनकी अचकन पर लगा उनकी पहचान बताने वाला बिल्ला उचक-उचक कर दिखा रही है।



इसके पहले अपनी राज्यसभा की सदस्यता खत्म होते ही कपिल सिब्बल के अंदर भी बगावत की क्रांति आई और वे कांग्रेस को छोड़ कर समाजवादी पार्टी के कोटे से राज्यसभा सांसद बन गए। अभी हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती का मैदान है। वहां चुनाव आने वाले हैं और पार्टी को बहुत मेहनत करनी है। जाहिर सी बात है कि हिमाचल में कांग्रेस विपक्ष में है और वहां आम आदमी पार्टी का उभार तेजी से हो रहा है तो कांग्रेस को मुकाबले में रहने के लिए भी बहुत ज्यादा मेहनत करनी होगी। अब मेहनत करने से अच्छा है कि किसी भी तरह की जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ो। आनंद शर्मा ने हिमाचल में चुनौतियों का हिमालय देख आरोप और उपदेश का आसान रास्ता चुना।

चुनावों में लगातार मिल रही पार्टी की हार के बाद मनीष तिवारी से लेकर आनंद शर्मा तक पार्टी के संगठनात्मक ढांचे से नाराज हैं। पार्टी के 23 वरिष्ठ नेताओं ने चिट्ठी लिख कर अपनी नाराजगी दिखाई। अब इनकी नाराजगी दूर करने का मौका आ गया है। कांग्रेस ने संगठनात्मक ढांचे में आम चुनाव का एलान कर दिया है। पार्टी का संदेश है कि लोकतांत्रिक तरीके से अध्यक्ष चुना जाए, चाहे वह राहुल गांधी हों या कोई और। अब, वे सभी नेता जिन्हें लगता है कि राहुल इस जिम्मेदारी के योग्य नहीं हैं उन्हें अध्यक्ष-पद के लिए चुनाव लड़ना चाहिए। पार्टी के संविधान के मुताबिक पार्टी का कोई भी सदस्य चुनाव लड़ सकता है। अध्यक्ष पद के लिए इंदिरा गांधी तक को चुनौती दी भी जा चुकी है। सीताराम केसरी को शरद पवार और राजेश पायलट ने चुनौती दी थी। सोनिया गांधी को जितेंद्र प्रसाद ने चुनौती दी थी।

डूबती हुई नाव से सबसे पहले वही भागते हैं जिनमें जहाज खेने का जज्बा न बचा हो। अभी दरबारी पुराण छेड़ कर सवाल उठाने वाले लोग वहीं हैं जो नब्बे के दशक में मनमोहन सिंह के समय में कांग्रेस में उभरे। इन नेताओं का संबंध कभी भी जमीनी राजनीति से नहीं रहा है। इन सबने कांग्रेस की बनी-बनाई जमीन पर अपनी सुविधाजनक राजनीति की आलीशान इमारत बनाई। राहुल गांधी की अयोग्यता की दलील देने वाले सभी हुनरमंद नेता हैं जो कांग्रेस के आधार पर ही स्थापित हुए।

अब जब बना-बनाया आधार खिसक गया है तो इनके पास क्षमता नहीं है कि अपना आधार बनाने के लिए संघर्ष करें। कांग्रेस में लंबे समय से तो कोई आधार बनाने के लिए गया ही नहीं। आधार बनाने का सारा काम ऊपर से ही हुआ। ये सभी ऊपर से ही डाले गए नेतृत्व थे। नेतृत्व ने ही इन्हें उठा कर मंत्रिमंडल में लिया। ये हमेशा शीर्ष पर शीर्ष की बदौलत ही रहे। आज जब इनके पांवों ने जमीन मांगी तो हवा में लटकने का सारा दोष भी शीर्ष पर ही डाल रहे।

राहुल गांधी की दिक्कत यह है कि कांग्रेस की कमान उन्हें तब मिली जब यह चौतरफा संकटों से घिर चुकी थी। अब उनके पास तो ज्योतिरादित्य सिंधिया या जितिन प्रसाद की तरह भाजपा में चले जाने की सुविधा है नहीं। विरासती नेता का आरोप उन्हें झेलना है तो इस विरासत को दुरुस्त करने की जिम्मेदारी भी सिर्फ उन्हीं की मानी जा रही है। दूर से तो राहुल गांधी की कोशिश ऐसी टीम खड़ी करने की दिख रही है जो जमीन से जुड़ी हुई संघर्षशील हो। राहुल संगठन का ढांचा भी दुरुस्त करने की कवायद में दिख रहे हैं। इन सब में सिर्फ आसमानी दलील वाले बेजमीनी नेता कहीं से भी योग्य नहीं ठहरते हैं। यहीं से विरोधाभास शुरू होता है। हर चुनावी हार के बाद नेताओं की पार्टी छोड़ने की सुविधाजनक दलील शुरू हो जाती है।

चाहे वे अशोक गहलोत हों या दिग्विजय सिंह, इन नेताओं में इस तरह का संकट नहीं दिखता है। सत्ता से दूर रहने की हताशा तो स्वाभाविक है लेकिन इनके पास अपनी बनाई जमीन है तो वापसी की उम्मीद भी रहती है। संकट में वे ज्यादा दिखे जो कांग्रेस की बनी-बनाई जमीन पर स्थापित किए गए। जो कभी सत्ता के गलियारे में आसमान से टपके और अब सत्ता के लिए कहां जाएं की सोच पर अटके हैं।

भाजपा लगातार दूसरी पारी खेल रही है और आगे भी उसका भविष्य उज्ज्वल ही दिख रहा है। चुनाव सुधार के नाम पर चुनावी चंदे का भी सीधा-सीधा नुकसान कांग्रेस को हुआ है। ये लोग वैसे शाही नेता हैं जिन्होंने कांग्रेस की गरीबी के दिन नहीं देखे थे। ऐसी स्थिति में चाहे कपिल सिब्बल हों या गुलाम नबी आजाद, अपनी राजनीतिक आकांक्षाएं पूरी करने के लिए पार्टी छोड़ना ही बेहतर समझ रहे हैं।

पार्टी के संगठनात्मक ढांचे पर सवाल उठा रहे नेता आगे नजीर तभी बनेंगे जब वे सांगठनिक चुनाव का हिस्सा बन कांग्रेस में सुधार को लेकर अपनी गंभीरता दिखाएं। अगर आपने इस मौके का फायदा नहीं उठाया और सिर्फ प्रक्रियागत दोष निकाला तो यही माना जाएगा कि आप कांग्रेस के बने रहने के खेल में हिस्सा नहीं लेना चाहते हैं, बल्कि उसका खेल ही खराब कर देना चाहते हैं। जैसे कि सारे विपक्षी दल चुनाव से पहले ही ईवीएम का रोना रोने लगते हैं। वहीं, दिल्ली व पंजाब में उनकी जीत हो जाती है तो फिर उन्हें विपक्ष में कोई खामी नजर नहीं आती है। यानी हार के पहले ही आरोपों का प्रहार करने का रास्ता आप बना लेना चाहते हैं।


कांग्रेस के बागी नेता संगठनात्मक चुनाव में हिस्सा नहीं लेते हैं तो यही माना जाएगा कि आप में और विपक्ष में इतना ही फर्क है कि वे पार्टी के बाहर हैं और आप अंदर। अगर आपने चुनावों में हिस्सा लिया और 23 वोट ही हासिल कर लिए तो भी आप अपनी चिंताओं को वैधानिकता दे पाएंगे। नहीं तो यही माना जाएगा कि आप कोई नया रास्ता नहीं बनाना चाहते, सिर्फ पिछले दरवाजे से कुर्सी, बंगला ही सुरक्षित रखना चाहते हैं।

---

## राजपाट

### गहराया संकट


झारखंड में राजनीतिक अनिश्चितता शुक्रवार को तब और बढ़ गई जब राज्यपाल रमेश बैस रांची से दिल्ली चले गए। राजभवन के सूत्रों ने इसे गैर राजनीतिक यात्रा बताया पर माना यही जा रहा है कि वे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सियासी भविष्य पर फैसला करने से पहले केंद्र सरकार से मंत्रणा करने के मकसद से गए हैं। इससे पहले यूपीए के प्रतिनिधि मंडल ने उनसे मुलाकात कर चुनाव आयोग की सिफारिश पर फैसला जल्द करने का आग्रह किया था। बैस ने एक तो यह बात मान ली थी कि चुनाव आयोग की सिफारिश उन्हें मिल चुकी है। दूसरे उन्होंने फैसला दो-तीन दिन में करने का भरोसा भी दे दिया था। यह बात अलग है कि राज्यपाल पर फैसला करने के लिए कानूनन समय-सीमा की कोई बाध्यता नही है। चुनाव आयोग ने माना है कि हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री रहते हुए निजी लाभ के लिए फैसला किया था। इस नाते उनकी विधानसभा सदस्यता का जाना तो तय ही माना जा रहा है। दुविधा बस इसे लेकर है कि उन्हें चुनाव लड़ने के अयोग्य ठहराया जाता है या नहीं? बताते हैं कि चुनाव आयोग ने राज्यपाल से ऐसी कोई सिफारिश नही की है। बहरहाल पहले चर्चा थी कि हेमंत विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देकर मुख्यमंत्री पद पर बने रहेंगे। लेकिन अब उन्होंने दो मोर्चों पर रणनीति बनाई है। एक तो यूपीए के विधायकों को दल-बदल से बचाने के लिए उन्हें छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर भेजा है। दूसरे पांच सितंबर से विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया है, जिसमें बहुमत दिखाने की उनकी योजना है। वैसे इस तरह का संकट मनमोहन सरकार के दौर में एनएसी का अध्यक्ष होने के कारण सोनिया गांधी पर भी आया था। लेकिन उन्होंने एक तरफ तो लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा देकर उपचुनाव लड़ा था दूसरी तरफ मनमोहन सरकार ने कानून बदलकर एनएसी अध्यक्ष के पद को लाभ के पद के दायरे से बाहर कर दिया था। झारखंड के 81 सदस्यीय सदन में फिलहाल झामुमो के 30, कांग्रेस के 18 और राजद का एक यानी यूपीए के कुल 49 सदस्य हैं। भाजपा की अपनी सदस्य संख्या 26 और सहयोगी आजसू के दो सदस्य हैं। यूपीए को डर है कि हेमंत सोरेन के इस्तीफे की दशा में भाजपा उनके विधायकों की खरीद-फरोख्त कर खुद सरकार बना सकती है। यह बात अलग है कि अभी तक महाराष्ट्र की तर्ज पर उसे झारखंड में कोई एकनाथ शिंदे नहीं मिल पाया है। हालांकि कांग्रेस में सेंध आसान दिख रही थी पर पार्टी अपने विधायकों को बुरी नजर से बचाने की पुरजोर कोशिश कर रही है। इसी तरह झामुमो में भी टूट का खतरा फिलहाल तो टल गया ही दिखता है। लेकिन हकीकत तो राज्यपाल के फैसले के बाद ही सामने आ पाएगी कि सियासी घटनाक्रम क्या मोड़ लेगा।



### गले में फांस

केसीआर को पटना में पत्रकारों ने उलझा दिया। विपक्षी मोर्चे पर तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव इस समय केंद्र की सरकार और भाजपा के सबसे प्रबल विरोधी हैं। वे 2024 की तैयारी को अभी से अंजाम देना चाहते हैं। ममता बनर्जी के बाद वही एक चेहरा हैं जो भाजपा को कड़ी चुनौती देने की बात कहते हैं। लेकिन तेलंगाना में भाजपा उन्हें कड़ी टक्कर दे रही है। इसलिए केसीआर के सामने अपना अस्तित्व बचाने का भी संकट है। तभी तो पटना में एलान किया कि वे 2024 में भाजपा मुक्त भारत बनाएंगे। लेकिन पत्रकारों ने उन्हें अपने जाल में फंसा लिया। सवाल दाग दिया कि क्या वे प्रधानमंत्री पद के लिए नीतीश की उम्मीदवारी का समर्थन करते हैं। केसीआर ने फरमाया कि इसका फैसला करने वाले वे कौन होते हैं। यह फैसला सब दल मिलकर करेंगे। दुविधा तो यही है कि विपक्षी एका हो पाए इससे पहले ही प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवारी का सवाल गैर भाजपा विपक्ष के गले की फांस बन जाता है। कांग्रेस को अछूत मान भी लें तो भी बाकी सारे गैर भाजपाई विरोधी दल एकजुट हो कहां पा रहे हैं।

### बात जिम्मेदारी की...



नूपुर शर्मा के विवाद ने भाजपा से जुड़े बुद्धिजीवियों के बीच एक विभाजन की रेखा खींच दी है। हाल ही में अजय सिंह की पुस्तक 'द आर्किटेक्ट आफ न्यू बीजेपी : हाउ नरेंद्र मोदी ट्रांसफार्म्ड द पार्टी' के विमोचन समारोह में यह मुद्दा फिर बीच बहस में आया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के अध्यक्ष रामबहादुर राय ने कहा कि भाजपा कभी काडर आधारित पार्टी नहीं थी, यह न तो आज काडर आधारित है और न आगे होगी। उन्होंने भाजपा को जनमानस पर आधारित और लोकतांत्रिक पार्टी के खाते में रखा। राय ने कहा कि अगर भाजपा काडर आधारित पार्टी होती तो नूपुर शर्मा का इस्तीफा नहीं होता या वे प्रवक्ता ही नहीं नियुक्त होतीं। राय ने यहां तक कहा कि अगर नूपुर शर्मा को पार्टी से निकाला गया तो उनके बयान की जिम्मेदारी लेते हुए भाजपा अध्यक्ष का भी इस्तीफा होना चाहिए था, जो नहीं हुआ। इस कार्यक्रम में गृह मंत्री राजनाथ सिंह व जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा भी मौजूद थे। हालांकि, राम बहादुर राय की इस टिप्पणी पर वहां मौजूद भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने मौन ही रखा।

*(संकलन : मृणाल वल्लरी)*

---

### आप में कुछ काला है

यह सियासत का वह सच है जिसने सफेद होने के हर दावे को झूठ बना दिया है। सियासत किसी मुल्क के दायरे में बंधी नहीं होती न ही किसी सूबे की मिल्कियत। लिहाजा हिंदुस्तान की राजधानी के इलाकाई सूबे की सियासी सफेदी पर बहस चली तो हर परत काली निकली। अलग बात है कि सूबाई हुकूमत के उस पार खड़े सियासी खिलाड़ियों के गले में टंगी सफेदी मशीन वाले तमगे की चमक ज्यादा चटक हो गई है। बेशक दिल्ली की शराब नीति के पीछे कानूनी खामियां हों मगर मयखानों के इर्द-गिर्द उठे बवंडर में खामियों का गुबार कम नहीं। कीचड़ कुछ इस कदर उछाली गई कि हर चेहरा काला नजर आने लगा। सबसे अलग दिखने वाली सियासी जमात को राजपूती खून का वास्ता देना पड़े तो शक की सुई का थम जाना लाजिम है। 'आप' तो पहले से ही उन भगोड़ों में शुमार हैं जो हर फर्जी शिकायत पर माफीनामा लिए खड़े मिले। आने वाले महीनों की सियासी तपिश आज ही महसूस होने लगी है।

–एमके मिश्रा, रांची, झारखंड।

### सत्ता बनाम भ्रष्टाचार

इतिहासकार लार्ड एक्टन ने उन्नीसवीं सदी में कहा था कि सत्ता भ्रष्ट करती है और पूर्ण सत्ता पूर्णत: भ्रष्ट करती है। इतिहास के सबसे भ्रष्ट व्यक्ति वे बने जो सत्ता के शिखर पर रहे। इस हिसाब से राज्यों की छोटी सत्ता के मुकाबले केंद्र की बड़ी सत्ता के भ्रष्ट होने की संभावना ज्यादा है। प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआइ, आयकर विभाग आदि ने विपक्षी सरकारों का भ्रष्टाचार तो उजागर कर दिया। मगर क्या इनमें इतनी कूवत है कि वे देश की सबसे बड़ी सरकार के भ्रष्टाचार को भी उजागर कर सकें? सत्ताधारी राजग सरकार में कुछ लोग ईमानदार हो सकते हैं। मगर क्या उनके सभी विधायक और सांसद ईमानदार हैं जबकि उनमें से कई आपराधाकि रेकार्ड वाले हैं।

–बृजेश माथुर, बृज विहार, गाजियाबाद।

## आपके पत्र

### आम का जवाब बबूल

समस्त देशवासियों को मालूम है कि भारतीय राजनीतिक क्षितिज पर किस बुनियाद पर आम आदमी पार्टी का उदय हुआ था। उस पर भ्रष्टाचार के आरोप से दिल्ली सहित देश की जनता को जरूर निराशा हुई होगी। जांच के नतीजे तो भविष्य की गर्त में है। लेकिन फौरी तौर पर जो बात सामने नजर आई, विशेषकर छींटाकशी के दरमियान, वह यह थी कि बात हो रही थी आम की जवाब दिए जा रहे थे बबूल के बारे में। आप क्या परोस रहे हैं और यह सोच रहे हैं कि जनता वही सुनेगी तो यह गलतफहमी है। सही सवाल तो है कि अगर स्कूली व्यवस्था इतनी ही अच्छी है तो फिर अफसरों, मंत्रियों के कितने बच्चे वहां पढ़ते हैं? भ्रष्टाचार की जांच की आंच पड़ने मात्र से अस्मिता की पहचान की याद दिलाने की नौबत क्यों आई?

–मुकेश कुमार मनन, पटना।

### कठघरे में क्रांति

कहां अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए आए थे और अब उन्हीं आरोपों के कठघरे में हैं। असंगत और बचकाना बातें करके जिस तरह केजरीवाल मनीष सिसोदिया का बचाव कर रहे हैं उससे प्रतीत होता है कि वे भी कहीं न कहीं उसमें सम्मिलित हैं। अगर ऐसा न होता तो वे तत्काल सिसोदिया को मंत्रिमंडल से हटा देते। धारा-302 के तहत दर्ज मामलों में से बहुत से मामले साक्ष्य के अभाव में सिद्ध नहीं होते तो क्या 302 के तहत मुकदमे दर्ज होने बंद हो जाएं? हमें तो नहीं लगता कि केजरीवाल गुजरात और हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की जगह अपनी आम आदमी पार्टी को प्रतिस्थापित कर पाएंगे, सत्ता में आना तो बहुत दूर की बात है।

–राधेश्याम मिश्र, लखनऊ।

### एकतरफा कार्रवाई

इन दिनों विभिन्न जांच एजंसियों की कार्यशीलता बढ़ गई है। इसका परिणाम है कि बड़ी मात्रा में काला धन भी बाहर आ रहा है। यह कार्यशीलता मुख्य रूप से विपक्षी नेताओं के खिलाफ ही दिख रही है। इसलिए इसका एक राजनीतिक संदेश भी जा रहा है। बिहार में सत्ता परिवर्तन होते ही जांच एजंसियों का अति सक्रिय हो जाना इसका ताजा उदाहरण है। वहीं नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) जैसी संवैधानिक संस्था की अकर्मण्यता भी हमारे सामने है। देश में कोयला खनन और टू-जी घोटाले हुए जो सीएजी की रपटों से उजागर हुए थे। अब उस तरह की किसी रिपोर्ट से कोई हंगामा नहीं होता है।

–दल सिंह खरत, गाजीपुर, दिल्ली।

### कायाकल्प

आम आदमी पार्टी का यह कायाकल्प भारतीय राजनीति के लिए दुखद है। अब जनता विकल्प की किन बातों पर भरोसा करेगी। इधर कुआं तो उधर खाई में से एक को चुनना होगा। इससे अच्छा तो यह होता कि आम आदमी पार्टी न तो स्थापित होती और न सपना दिखता।

–अंकुर सिंह, गाजियाबाद।

**विशेष पन्ना कैसा लगा**

इस विशेष पन्ने पर आपके ढेरों पत्र हमें लगातार मिलते हैं। हर बार मुमकिन नहीं कि सारे पत्रों का हम इस्तेमाल कर पाएं। पर यह तो तय है कि आपके पत्रों से आपकी पसंद और विषयों के चुनाव में हमें मदद मिलती है। इस बार का यह विशेष पन्ना आपको कैसा लगा? आप अपनी राय भेज सकते हैं। हमारी ई-मेल आइडी है : vishesh.jansatta@expressindia.com

# कई खूबियां बनाती हैं नौसेना के युद्धपोत विक्रांत को खास

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 सितंबर।

दो फुटबाल मैदानों के आकार के बराबर एक फ्लाइट डेक, 18 मंजिल की ऊंचाई, एक दिन में 16,000 चपाती बना सकने वाले रसोई के उपकरण, समुद्र में हर पल नजर रखने वाली प्रणाली, 2,500 किलोमीटर लंबी केबल जैसी विशेषताएं भारत के स्वदेश निर्मित पहले विमानवाहक पोत 'आइएनएस' विक्रांत को खास बनाती हैं।

**'तैरता नगर'**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कोच्चि में 'आइएनएस विक्रांत' का जलावतरण किया और इसे 'तैरता नगर' तथा 'तैरती हवाई पट्टी' करार दिया जो 5,000 घरों को रोशन करने समान विद्युत का उत्पादन करने में सक्षम है। इस 45,000 टन वजनी युद्धपोत को आज जब भारतीय नौसेना में शामिल किया गया तो इसके फ्लाइट डेक पर एक उन्नत हल्का हेलिकाप्टर (एएलएच), एक कामोव-31 और एक मिग-29के खड़ा था। यदि किसी को जहाज के मार्ग और लाबी से गुजरना हो तो उसे लगभग 12 किमी चलना पड़ेगा।



युद्धपोत के नियंत्रण कक्ष में नौसेना का अधिकारी।

### क्षमता

*2,500 किमी* से अधिक की केबल
एक दिन में 16,000 चपातियां और 6,000 इडली बनाने में सक्षम स्वचालित प्रणाली।
*सीटी स्कैन* मशीन के साथ पूरी तरह कार्यात्मक अस्पताल, देश में युद्धपोत में पहला।
दो आपरेशन थिएटर, चालक दल के 1,600 सदस्य, 2,200 से अधिक कक्ष
18 मंजिल ऊंचाई।

### उपकरण

*आरएएन-40एल* 3डी हवाई निगरानी रडार
*एमएफ-स्टार* (नौसेना रडार प्रणाली)
टीएसीएन (सामरिक हवाई नौवहन प्रणाली)
*रेजिस्टर-ई* एविएशन काम्प्लेक्स
शक्ति ईडब्लू सूट (पोत विध्वंसक मिसाइलों के खिलाफ रक्षा की एक इलेक्ट्रानिक परत)
*डाइवर* निगरानी प्रणाली
ईएलके-7036 वीयूएचएफ कोमिंट

**लंबाई : 262.5 मीटर**
**चौड़ाई : 62.5 मीटर**
**विस्थापन : 42,800 टन**
**गति : 28 समुद्री मील**
विद्युत उत्पादन क्षमता: 24 मेगावाट
7,500 समुद्री मील की क्रूजिंग रेंज
700 से अधिक सीढ़ियां

# आइएनएस विक्रांत पूर्व सरकारों के सामूहिक प्रयासों का नतीजा : कांग्रेस

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 सितंबर।

कांग्रेस ने शुक्रवार को भारत के पहले स्वदेश निर्मित पोत 'आइएनएस विक्रांत' को राष्ट्र को समर्पित करने का श्रेय लेने के लिए केंद्र सरकार के दावे पर सवाल उठाया। पार्टी ने आरोप लगाया कि उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों के योगदान को उचित स्थान नहीं देकर पाखंड किया है।

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारतीय नौसेना, उसके डिजाइन ब्यूरो और कोच्चि शिपयार्ड को बधाई दी और 'आइएनएस विक्रांत' को नौसेना के बेड़े में शामिल किए जाने को देश की समुद्री सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि यह ऐसी उपलब्धि है जिससे देश की मजबूती को बल मिलेगा। एक वीडियो साझा करते हुए रमेश ने यह भी कहा कि तत्कालीन रक्षा मंत्री एके एंटनी ने 12 अगस्त 2013 को भारत के पहले स्वदेशनिर्मित विमान वाहक पोत आइएनएस विक्रांत को 'लांच' किया था। प्रधानमंत्री ने इसे आज बेड़े में शामिल किया है। आत्मनिर्भर भारत 2014 से पहले भी था। इससे जुड़े पूर्व प्रधानमंत्रियों के योगदान की भी सराहना की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत के पहले स्वदेश निर्मित विमान वाहक पोत आइएनएस विक्रांत को राष्ट्र को समर्पित किया जाना 1999 के बाद की सभी सरकारों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता कृष्णा मेनन ने ब्रिटेन से इसे हासिल करने में प्रमुख भूमिका निभाई थी।

रमेश ने कहा कि आइएनएस विक्रांत को नौसेना के बेड़े में शामिल किया जाना भारतीय नौसेना के इंजीनियरों, अधिकारियों और कोच्चि शिपयार्ड के कर्मचारियों को समर्पित है।

## शिअद ने की संगठन में सुधारों की घोषणा

चंडीगढ़, 2 सितंबर (भाषा)।

शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने शुक्रवार को बड़े संगठनात्मक सुधारों की घोषणा करते हुए कहा कि वह चुनावों में अब 'एक परिवार, एक टिकट' सिद्धांत का पालन करेगा तथा सुनिश्चित करेगा कि उसके आधे उम्मीदवार 50 से कम उम्र के हों। पार्टी अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने जिन बदलावों की घोषणा की है उसकी वजह पिछले पंजाब विधानसभा चुनाव में पार्टी का खराब प्रदर्शन एवं बादल के नेतृत्व के विरूद्ध असंतोष था। उन्होंने कहा कि यदि अगले चुनाव में शिअद सत्ता में आता है तो राज्य एवं जिला स्तर पर बोर्डों के अध्यक्ष पद पार्टी कार्यकर्ताओं को मिलें। उन्होंने कहा कि सांसदों एवं विधायकों के परिवारों के सदस्यों पर इन पदों के लिए विचार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी अध्यक्ष पांच-पांच साल के लगातार दो कार्यकाल के लिए पात्र होगा और फिर उसे एक कार्यकाल के लिए अवकाश लेना होगा।

# नीतीश कुमार ने खुद को प्रधानमंत्री पद की दौड़ से बाहर बताया

पटना, 2 सितंबर (भाषा)।

भाजपा के साथ पिछले महीने गठबंधन टूटने के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 'राष्ट्रीय राजनीति' में आने की चर्चा तेज हो गई है, लेकिन



उन्होंने एक बार फिर कहा कि वह प्रधानमंत्री पद की दौड़ में शामिल नहीं हैं। जनता दल (एकीकृत) के मुख्यालय पर पत्रकारों के केंद्र की राजनीति में भूमिका निभाने संबंधी सवालों के जवाब में नीतीश का जवाब था, 'छोड़िए ये सब बात।' वहीं, पार्टी के मुख्यालय पर लगे बड़े-बड़े पोस्टरों में से कुछ पर लिखा है 'प्रदेश में दिखा, देश में दिखेगा।' इन नारों से विभिन्न अर्थ निकाले जा सकते हैं।

वहीं दूसरी ओर नीतीश कुमार ने 'भ्रष्ट लोगों को बचाने के लिए ध्रुवीकरण' के तंज को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर शुक्रवार को निशाना साधा। उन्होंने यह भी याद दिलाने का प्रयास किया कि वह अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के शासनकाल के दौरान केंद्र में थे। राज्य के पार्टी पदाधिकारियों की बैठक से महज कुछ ही घंटे पहले पार्टी मुख्यालय पहुंचे नीतीश ने कहा कि वह शनिवार को होने वाली राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक और उसके एक दिन बाद होने वाली राष्ट्रीय परिषद की तैयारियां देखने आए हैं।

## पोस्टर कर रहे अलग कहानी बयां

पटना, 2 सितंबर (भाषा)।

जद (एकी) के नेता नीतीश कुमार भले ही अपनी राष्ट्रीय महत्वाकांक्षा को लेकर स्पष्ट तौर पर कुछ भी नहीं कह रहे हों, लेकिन यहां पार्टी मुख्यालय के बाहर लगे पोस्टर कुछ अलग ही कहानी बयां करते हैं।

इनमें से कुछ में जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा गया है, तो कुछ में उन्हें (कुमार को) एक ऐसा व्यक्ति बताया गया है, जो 2024 में बदलाव का सूत्रपात करेगा। एक पोस्टर में कहा गया है कि बिहार के मुख्यमंत्री ' जुमला नहीं, हकीकत' हैं , जबकि एक अन्य में 'मन की नहीं, काम की' बात कही गई है। इस तरह इन पोस्टर में कुमार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरूद्ध पेश किया गया है।

# प्रधानमंत्री देश की सेवा में जुटे हैं तो परिवारवादी पार्टियां अपने परिवार बचाने में : नड्डा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 सितंबर।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि एक ओर देश की तस्वीर और तकदीर बदलने के लिए एक योद्धा के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की सेवा में जुटे हुए हैं तो दूसरी ओर परिवारवादी पार्टियां अपने परिवार को, अपने बेटे-बेटी, भतीजे और दामाद को बचाने में जी-जान से लगी हुई हैं। नड्डा दो दिन के हरियाणा के दौर पर हैं और शुक्रवार को कैथल में अमृतकाल संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश बदल रहा है और सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उनके मार्गदर्शन में डबल इंजन वाली मनोहर लाल खट्टर सरकार हरियाणा के जन-जन के कल्याण के लिए कटिबद्ध भाव से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस न तो वैचारिक पार्टी है, न राष्ट्रीय और न ही प्रादेशिक।

## भारत की बंदरगाह क्षमता आठ साल में दोगुनी हुई : प्रधानमंत्री

मंगलुरू (कर्नाटक), 2 सितंबर (भाषा)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि आधुनिक बुनियादी ढांचे का विकास विकसित भारत के निर्माण का मार्ग है और यही लोगों की आकांक्षा है।

उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार देश के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए दिन रात मेहनत कर रही है। इसके साथ ही उन्होंने चुनावी राज्य कर्नाटक में लोगों की जरूरतों और आकांक्षाओं को तेजी से पूरा करने के लिए भाजपा सरकार की सराहना की। उन्होंने कहा, 'आज का भारत, आधुनिक बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान दे रहा है क्योंकि यही विकसित भारत के निर्माण का मार्ग है। आधुनिक बुनियादी ढांचे का निर्माण सुविधा बढ़ाने के साथ ही बड़े पैमाने पर नए रोजगार का भी निर्माण करता है।

# ट्विटर ने जानबूझ कर देश के कानून की अवज्ञा की : केंद्र

बंगलुरु, 2 सितंबर (एजंसी)।

केंद्र सरकार ने कर्नाटक उच्च न्यायालय से कहा है कि ट्विटर ने 'जानबूझकर' भारत के कानूनों का पालन नहीं किया और उसकी अवज्ञा की तथा देश की सुरक्षा में इस सोशल मीडिया मंच की कोई भूमिका नहीं है।

इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआइटीवाई) ने गुरुवार को ट्वीट हटाने और अकाउंट ब्लाक करने से जुड़े सरकारी आदेशों के खिलाफ ट्विटर की ओर से दायर याचिका का विरोध करते हुए उच्च न्यायालय के समक्ष अपनी आपत्तियों के संबंध में पेश 101 पन्नों के बयान में यह दलील दी। राजनीतिक ट्वीट हटाने के निर्देश से संबंधित ट्विटर के दावों पर केंद्र ने कहा कि उसने सिर्फ असत्यापित खातों को ब्लाक करने के लिए कहा था। याचिका को खारिज करने की मांग करते हुए सरकार ने कहा, 'याचिकाकर्ता ने जानबूझकर कानूनों का अनुपालन नहीं किया और उनकी अवज्ञा की। प्रतिवादी नंबर-2 (केंद्र) की अनुवर्ती कार्रवाई और 27 जून 2022 को कारण बताओ नोटिस जारी होने के बाद ही याचिकाकर्ता ने अचानक सभी दिशा-निर्देशों पर अमल शुरू कर दिया, जिसकी वजह वही बेहतर जानता है।'

ट्विटर ने 39 यूआरएल (यूनिफार्म रिसोर्स लोकेटर) को ब्लाक करने के संबंध में दायर आदेश को चुनौती दी है। मामले की अगली सुनवाई के लिए आठ सितंबर की तारीख मुकर्रर की गई है। ट्विटर ने अपनी याचिका में दावा किया है कि ट्वीट हटाने और अकाउंट ब्लाक करने से संबंधित सरकारी नोटिस से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रभावित होती है।

कंपनी ने कहा कि उसके सोशल मीडिया मंच पर सामग्री साझा करने वाले लोगों को संबंधित सामग्री हटाने के लिए कहने से पहले कोई नोटिस जारी नहीं किया गया था।

### सोरेन के खिलाफ चुनाव आयोग की रिपोर्ट पर भ्रम बरकरार

# झारखंड के राज्यपाल दिल्ली पहुंचे, केंद्र को सौंपेंगे रिपोर्ट

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 सितंबर।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक बने रहने को लेकर भ्रम की स्थिति के बीच वहां के राज्यपाल रमेश बैस शुक्रवार को दिल्ली पहुंचे। इससे एक दिन पहले सत्तारूढ़ संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) के विधायकों ने उनसे निर्वाचन आयोग (ईसी) की सिफारिश पर स्थिति स्पष्ट करने की अपील की थी। दिल्ली में वे केंद्र सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंप सकते हैं।

राज्यपाल की दिल्ली यात्रा से झारखंड की राजनीतिक स्थिति को लेकर अटकलों को हवा मिली है। बैस ने गुरुवार को यूपीए के प्रतिनिधिमंडल के साथ एक बैठक में कहा था कि वह जल्द ही सभी शंकाओं को दूर करेंगे। बहरहाल, राजभवन के अधिकारियों के मुताबिक, वह चिकित्सीय जांच के लिए 'निजी यात्रा' पर दिल्ली गए हैं।

लाभ के पद के मामले को लेकर सोरेन को विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराने की भाजपा की याचिका के बाद निर्वाचन आयोग ने 25 अगस्त को अपना निर्णय बैस को भेज दिया था। निर्वाचन आयोग के फैसले को अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है, लेकिन चर्चा है कि आयोग ने मुख्यमंत्री को विधायक के रूप में अयोग्य घोषित करने की सिफारिश की है।

यूपीए के घटक दलों ने 28 अगस्त को एक संयुक्त बयान में राज्यपाल पर मुख्यमंत्री की विधानसभा की सदस्यता पर निर्णय की घोषणा में 'जानबूझकर देरी' करके राजनीतिक खरीद-फरोख्त को प्रोत्साहित करने का आरोप लगाया था।

## भारत व आस्ट्रेलिया प्रारंभिक शिक्षा, कौशल विकास में दीर्घकालिक सहयोग पर सहमत

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 सितंबर।

17. सफल संविदाकार बिक्री मूल्य का 1% टीडीएस (बिक्री कार्यवाहियों में से) (यदि लागू है) अदा करेगा और प्राधिकृत अधिकारी के पास टीडीएस प्रमाणपत्र जमा करेगा तथा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रस्ताव स्वीकार करने की तिथि से 15 कार्यकारी दिनों के भीतर अथवा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उचित समझे जाने पर किसी अन्य विस्तारित तिथि तक ईएमडी समायोजित करने के पश्चात बिक्री मूल्य की सम्पूर्ण राशि (1% टीडीएस कटौती को घटाकर) जमा करनी होगी जिसमें असफल रहने पर धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
18. नगर निगम/पंचायत कर, बिजली के बकाये (यदि कोई) तथा किसी अन्य प्राधिकरण के बकाये (यदि कोई) का भुगतान बिक्री प्रमाणपत्र के निर्गमन से पूर्व सफल संविदाकार को करना होगा। संविदाएँ सम्पत्ति से सम्बन्धित समस्त विधिक बकायों पर विचार करते हुए तैयार की जायेंगी।
19. सम्पूर्ण क्रय राशि/संविदा राशि जमा करने तथा सम्पूर्ण करों/प्रभारों के भुगतान के परिप्रेक्ष्य में आवश्यक प्रमाण प्रस्तुत करने के उपरान्त ही बिक्री प्रमाणपत्र प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सफल संविदाकार के पक्ष में निर्गत किया जाएगा।
20. कन्वीएंस, स्टैम्प शुल्क, पंजीकरण प्रभार एवं अन्य आकस्मिक प्रभारों हेतु प्रयोज्य विधिक प्रभारों का भुगतान नीलामी क्रेता द्वारा वहन किया जायेगा।
21. प्राधिकृत प्राधिकारी बिना कोई कारण बताये ई–नीलामी बिक्री प्रक्रियाओं को स्थगित/निरस्त कर सकते हैं। यदि ई–नीलामी बिक्री, बिक्री की निर्धारित तिथि के 30 दिनों से पूर्व किसी बाद की तिथि को स्थगित की जाती है तो इसे सेवा प्रदाता की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जायेगा।
22. प्राधिकृत अधिकारी का निर्णय अन्तिम, बाध्यकारी तथा प्रश्नरहित होगा।
23. संविदाएँ जमा करने वाले समस्त संविदाकारों के लिए माना जायेगा कि उन्होंने ई–नीलामी बिक्री के नियमों एवं शर्तों को पढ़ और समझ लिया है और वे उनसे सहमत हैं।
24. संपत्ति में पड़ी हुयी चल वस्तु या मद (यदि कोई) विक्रय के साथ दिया जानेवाला ऑफर नहीं है।
25. अधिक विवरणों एवं पूछताछ के लिए सम्पर्क करेंः प्राधिकृत प्राधिकारी, कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, श्री प्रार्थना सम्पत, मोबाइल नं. 7400445137/9990275365 पर, तथा अन्य पूछताछों के लिए सुश्री कल्पना चेतनवाला को 7738039346 पर संपर्क करें।
26. यह प्रकाशन उपर्युक्त तिथि/स्थान पर नीलामी बिक्री आयोजित होने के विषय में प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के अनुसार उक्त उपर्युक्त ऋण खाते के कर्जदार/बंधककर्ता/जमानतियों हेतु 30 (तीस) दिनों की सूचना भी है।

विशेष निर्देश/चेतावनीः अन्तिम मिनट/सेकण्ड में बोली लगाने से संविदाकार स्वयं के हित में बचें। न तो कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड और न ही सेवा प्रदाता ऐसे मामलों में संविदाकार की ओर से किसी कमी/विफलता (इंटरनेट विफलता, विद्युत विफलता आदि) के लिए उत्तरदायी होंगे। ऐसी विषम परिस्थिति से बचने के लिए संविदाकारों से अनुरोध है कि समस्त अनिवार्य व्यवस्थाएँ/विकल्प, जैसे बैक–अप विद्युतापूर्ति तथा जो कुछ भी अन्य अपेक्षित हो, तैयार कर लें ताकि वे ऐसी विषम परिस्थिति से निपट सकें और नीलामी में सफलतापूर्वक भाग ले सकें।

**स्थानः दिल्ली दिनांकः 03.09.2022** **हस्ता./– (प्राधिकृत अधिकारी) कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

## CAPRI GLOBAL CAPITAL LIMITED
## कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड

**पंजीकृत एवं कॉर्पोरेट कार्यालयः** 502, टॉवर–ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापत मार्ग, लोवर परेल, मुम्बई–400013
**परिमंडल कार्यालयः** कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, 9–बी, द्वितीय तल, पूसा रोड, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली–110060

**परिशिष्ट–IV–ए [नियम 8(6) का प्रावधान देखें]**
**अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी विक्रय सूचना। एतद्वारा जनसामान्य को तथा विशेष रूप में ऋणकर्ता(ओं) एवं गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रतिभूत लेनदार के पास बंधककृत/प्रभारित नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति, जिस पर कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी, प्रतिभूत लेनदार द्वारा रचनात्मक/भौतिक आधिपत्य ग्रहण कर लिया गया है, वह नीचे वर्णित ऋणकर्ता से कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड प्रतिभूत लेनदार को देय–भुग्तेय निम्नांकित राशि की वसूली हेतु निम्नलिखित तिथियों पर ''जैसी है जहां है'', ''जैसी है जो है'' एवं ''वहां जो कुछ भी है'' आधार पर बेची जायेगी। आरक्षित मूल्य, ईएमडी राशि तथा सम्पत्ति के विवरण नीचे वर्णित हैं।

| क्र. सं. | 1. ऋणकर्ता(ओं) के नाम 2. बकाया राशि | बंधककृत संपत्ति के विवरण | 1. ई–नीलामी की तिथि एवं समय 2. धराज जमा करने की अंतिम तिथि 3. संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | 1. आरक्षित मूल्य 2. संपत्ति की धराज 3. वृद्धिशील मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. श्री भूपेंद्र सिंह (''ऋणकर्ता'') 2. सुश्री धनवती देवी अर्थात् मुन्नी देवी (सह–ऋणकर्ता) ऋण खाता संख्या LNCGCJPGTL0000005055 एवं LNCGCPURTL0000009209 रु. 39,56,823/– (रुपए उनतालिस लाख छप्पन हजार आठ सौ तेईस मात्र) 31.08.2022 के अनुसार लागूयोग्य भावी ब्याज के साथ | संपत्ति विवरण एमसीएस नं. 253/5 (क्षेत्र माप 4 मारला), वार्ड नं. 5, किला/एमयू नं. 219, 6/2/1 (2–0), 6/1 (2–8), 7/1/1/(0–13), 7/2/2 (3–5), शिव कॉलोनी, सोहना, गुड़गांव, हरियाणा–122003 | 1. ई–नीलामी तिथिः 11.10.2022 (3.00 से 4.00 बजे के मध्य) 2. केवाईसी के साथ धराज जमा करने की अंतिम तिथिः 10.10.2022 3. निरीक्षण की तिथिः 08.10.2022 | **आरक्षित मूल्यः** रु. 25,15,000/- (रुपए पच्चीस लाख पंद्रह हजार मात्र) **धरोहर राशि जमाः** रु. 2,51,500/- (रुपए दो लाख इक्यावन हजार पांच सौ मात्र) **वृद्धिशील मूल्यः** रु. 10,000/- (रुपए दस हजार मात्र) |
| 2. | 1. श्री राकेश अरोड़ा (''ऋणकर्ता'') 2. श्रीमती वंदना अरोड़ा 3. श्री वैभव अरोड़ा (सह–ऋणकर्ता) ऋण खाता संख्या LNCGCCHATL0000006211 रु. 22,26,447/– (रुपए बाईस लाख छब्बीस हजार चार सौ सैंतालीस मात्र) 31.08.2022 के अनुसार लागूयोग्य भावी ब्याज के साथ | संपूर्ण तृतीय तल छताधिकारों के साथ जो निर्मित संपत्ति सं. 4/51 पर है जिसका क्षेत्राधिमापन 100 वर्ग गज है और जो रमेश नगर, दिल्ली–110015 में स्थित है | 1. ई–नीलामी तिथिः 11.10.2022 (3.00 से 4.00 बजे के मध्य) 2. केवाईसी के साथ धराज जमा करने की अंतिम तिथिः 10.10.2022 3. निरीक्षण की तिथिः 08.10.2022 | **आरक्षित मूल्यः** रु. 48,40,000/- (रुपए अड़तालीस लाख चालीस हजार मात्र) **धरोहर राशि जमाः** रु. 4,84,000/- (रुपए चार लाख चौरासी हजार मात्र) **वृद्धिशील मूल्यः** रु. 20,000/- (रुपए बीस हजार मात्र) |
| 3. | 1. मैसर्स बालाजी वेजिटेबल शॉप (''ऋणकर्ता'') 2. श्री विनय कुमार 3. श्रीमती सविता देवी (सह–ऋणकर्ता) ऋण खाता संख्या LNCGCAZDTL0000004605, LNCGCPURTL0000009200 एवं LNBLAZD000051846 रु. 29,15,544/– (रुपए उनतीस लाख पंद्रह हजार पांच सौ चौवालीस मात्र) 31.08.2022 के अनुसार लागूयोग्य भावी ब्याज के साथ | एक दूकान जो भूतल पर है जिसका प्राइवेट नंबर 02 है जो छताधिकारों के बिना, जिसका क्षेत्राधिमापन 17.65 वर्ग मीटर, निर्मित संपत्ति नगर निगम सं. 1202 के एक भाग के रूप में, वार्ड सं. VIII, इमली मोहल्ला, कूचा पाती राम, सीताराम बाजार, दिल्ली–110006 में स्थित और इस प्रकार परिसीमित हैः पूर्व– आम दीवाल और अन्य दूकानें, पश्चिम– आम दीवाल और अन्य दूकानें, उत्तर– मोहल्ला इमली, दक्षिण– आम दीवाल और संपत्ति का भाग | 1. ई–नीलामी तिथिः 11.10.2022 (3.00 से 4.00 बजे के मध्य) 2. केवाईसी के साथ धराज जमा करने की अंतिम तिथिः 10.10.2022 3. निरीक्षण की तिथिः 08.10.2022 | **आरक्षित मूल्यः** रु. 31,20,000/- (रुपए इकतीस लाख बीस हजार मात्र) **धरोहर राशि जमाः** रु. 3,12,000/- (रुपए तीन लाख बारह हजार मात्र) **वृद्धिशील मूल्यः** रु. 20,000/- (रुपए बीस हजार मात्र) |

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड के प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट अर्थात् www.Capriglobal.in/auction/ में उपलब्ध लिंक का सन्दर्भ लें।

**ऑनलाइन ई–नीलामी बिक्री के नियम एवं शर्तेंः**

1. सम्पत्ति की बिक्री ''जैसी है जहां है, वहां जो कुछ भी है एवं बिना वसूली आधार'' पर की जा रही है। क्योंकि बिक्री बिना किसी आश्वस्ति एवं क्षतिपूर्ति के है।
2. ई–नीलामी बिक्री सूचना में विनिर्दिष्ट सम्पत्ति/परिसंपत्तियों के विवरण (जैसे विस्तार तथा माप) प्रतिभूत लेनदार की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार लिखे गये हैं और प्रतिभूत लेनदार किसी त्रुटि, त्रुटिपूर्ण–विवरण या चूक के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे। वास्तविक विस्तार तथा माप में अन्तर हो सकता है।
3. प्रतिभूत लेनदार द्वारा निर्गत ई–नीलामी बिक्री सूचना अपनी संविदाएँ जमा करने हेतु जनसामान्य के लिए एक आमन्त्रण है और यह प्रतिभूत लेनदार के पक्ष में कोई प्रतिबद्धता या अभिवेदन संस्थापित नहीं करती और संस्थापित करती हुई नहीं मानी जायेगी। इच्छुक संविदाकारों को प्रतिभूत लेनदार के साथ अपने हकदारी विलेखों का अनुशीलन करने और अपनी संविदाएँ जमा करने से पूर्व सम्पत्ति/परिसंपत्तियों के स्वामित्व तथा वर्तमान दशा एवं सम्पत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/बकायों के विषय में अपनी स्वतन्त्र पूछताछ/समुचित परिश्रम करने की सलाह दी जाती है।
4. नीलामी/बोलीदान केवल वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net के माध्यम से ''ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक मोड'' में अथवा सेवा प्रदाता मैसर्स ई–प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, अहमदाबाद, जो ई–नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से नीलामी की सम्पूर्ण प्रक्रिया की व्यवस्था तथा समन्वयन करेंगे, द्वारा प्रावधानित ऑक्शन टाइगर मोबाइल एप के माध्यम से संचालित की जायेगी।
5. संविदाकार अपने मनचाहे स्थान से संविदान हेतु ई–नीलामी में भाग ले सकते हैं। इंटरनेट कनेक्टिविटी की व्यवस्था संविदाकार को स्वयं सुनिश्चित करनी होगी। प्रतिभूत लेनदार/सेवा प्रदाता इंटरनेट कनेक्टिविटी, नेटवर्क समस्या, सिस्टम क्रैश डाउन, पॉवर फेल्योर आदि के लिए उत्तरदायी नहीं ठहराए जा सकेंगे।
6. विवरण, सहायता, प्रक्रिया तथा ई–नीलामी पर ऑनलाइन बोलीदान के लिए सम्भावित संविदाकार सेवा प्रदाता मैसर्स ई–प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लि. ऑक्शन टाइगर, अहमदाबाद (सम्पर्क नं. 079-68136880/68136837), श्री राम कुमार, मोबाइल नं. 8000023297, ई–मेलः ramprasad@auctiontiger.net से सम्पर्क कर सकते हैं।
7. ई–नीलामी बिक्री में भाग लेने के लिए इच्छुक संविदाकारों को अग्रिम रूप से अपने नाम https://sarfaesi.auctiontiger.net पर पंजीकृत करने होंगे और यूजर आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त करने होंगे। इच्छुक संविदाकारों को सेवा प्रदाता की ओर से प्राप्त होने के तुरन्त बाद केवल अपना पासवर्ड बदल लेने की सलाह दी जाती है।
8. ई–नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक संविदाकारों को आरक्षित मूल्य (उपरोक्त अंकितानुसार) के 10ः की प्रतिदेय ईएमडी जमा करनी होगी जो 10 अक्टूबर, 2022 को या इससे पूर्व ''कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड'' के पक्ष में डिमाण्ड ड्राफ्ट/एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से जमा करनी है।
9. इच्छुक संविदाकारों को, ईएमडी के प्रति डिमाण्ड ड्राफ्ट रेमिटेंस सहित विधिवत भरे गए संविदा प्रपत्र (प्रारूप https://sarfaesi.auctiontiger.net पर उपलब्ध है) एक मुहरबन्द लिफाफे में प्राधिकृत अधिकारी, कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड को सम्बोधित, क्षेत्रीय कार्यालय प्लॉट सं. 9बी, दूसरी मंजिल, पूसा रोड, राजिंदर प्लेस, नई दिल्ली–110 060 के पास अधिकतम 10 अक्टूबर 2022 को 03.00 बजे अप. तक भेजने होंगे। मुहरबन्द लिफाफे पर ''कर्जदार का नाम'' की सम्पत्ति हेतु ऋण खाता सं. ........................ (जैसा ऊपर उल्लिखित है) में ई–नीलामी बिक्री........ में भाग लेने हेतु संविदा'' लिखा होना चाहिए।
10. ईएमडी सहित संविदाएं जमा करने की अन्तिम तिथि समाप्त होने पर प्राधिकृत अधिकारी अपने द्वारा प्राप्त संविदाओं की जाँच करेंगे और योग्य संविदाकारों (जिन्होंने आरक्षित मूल्य से अधिक के मूल्य पर अपनी बोलियां कोट की हैं और प्रतिभूत लेनदार के पास निर्दिष्ट ईएमडी जमा कर दी है) के विवरण की पुष्टि सेवा प्रदाता मैसर्स ई–प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के पास करेंगे ताकि ई–नीलामी बिक्री सूचना में उल्लिखित तिथि एवं समय पर केवल वे संविदाकार ही ऑनलाइन परस्पर बोलीदान/नीलामी प्रक्रियाओं में भाग ले सकें।
11. योग्य संविदाकारों के मध्य परस्पर बोलीदान, योग्य संविदाकारों द्वारा उद्धृत की गई उच्चतम बोली के साथ प्रारम्भ होगा। परस्पर बोलीदान की प्रक्रिया के दौरान यहां ''10'' मिनट प्रत्येक का असीमित विस्तारकृत समय होगा अर्थात यदि बोली अन्तिम विस्तार के 10 मिनट के भीतर लगायी जाती है तो ई–नीलामी बोली का अन्तिम समय प्रत्येक बार स्वतः ही 10 मिनट बढ़ जायेगा।
12. एक बार लगाई गयी बोली निरस्त या वापस नहीं होगी। संविदाकार को प्रदत्त यूजर आईडी से लगायी गयी समस्त बोलियां, केवल उसी के द्वारा लगायी गयी मानी जायेंगी।
13. ई–नीलामी प्रक्रियाओं के बन्द होने के तुरन्त बाद उच्चतम संविदाकार, ई–नीलामी बिक्री प्रक्रियाओं में सफल संविदाकार के रूप में घोषित होने के लिए, ई–मेल द्वारा प्राधिकृत अधिकारी, कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय/प्लॉट सं. 9बी, दूसरी मंजिल, पूसा रोड, राजिंदर नगर, नई दिल्ली–110 060 तथा सेवा प्रदाता दोनों के पास, अपने द्वारा कोट की गयी अन्तिम संविदा राशि की पुष्टि करेगा।
14. सफल संविदाकार को अपने पक्ष में घोषित होने पर संविदा राशि का 25% (ईएमडी सहित) बिक्री के दिन ही 24 घंटे के अंदर जमा करना होगा तथा बोली राशि की शेष 75ः राशि कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड के पक्ष में आहरित डीडी/पे ऑर्डर/एनईएफटी/आरटीजीएस/चेक द्वार बिक्री की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी।
15. सफल संविदाकार/नीलामी क्रेता द्वारा निर्धारित समय में उपर्युक्त निर्दिष्ट राशियों का भुगतान करने में चूक करने पर बिक्री निरस्त कर दी जायेगी और पहले से जमा राशि (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जायेगी और सम्पत्ति को पुनः बिक्री पर रख दिया जायेगा।
16. सफल संविदाकार के निवेदन पर प्राधिकृत अधिकारी अपने पूर्ण विवेक से संविदा राशि का शेष भाग जमा करने हेतु लिखित में अधिक समय की स्वीकृति दे सकते हैं।
17. सफल संविदाकार बिक्री मूल्य का 1% टीडीएस (बिक्री कार्यवाहियों में से) (यदि लागू है) अदा करेगा और प्राधिकृत अधिकारी के पास टीडीएस प्रमाणपत्र जमा करेगा तथा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रस्ताव स्वीकार करने की तिथि से 15 कार्यकारी दिनों के भीतर अथवा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उचित समझे जाने पर किसी अन्य विस्तारित तिथि तक ईएमडी समायोजित करने के पश्चात बिक्री मूल्य की सम्पूर्ण राशि (1% टीडीएस कटौती को घटाकर) जमा करनी होगी जिसमें असफल रहने पर धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
18. नगर निगम/पंचायत कर, बिजली के बकाये (यदि कोई) तथा किसी अन्य प्राधिकरण के बकाये (यदि कोई) का भुगतान बिक्री प्रमाणपत्र के निर्गमन से पूर्व सफल संविदाकार को करना होगा। संविदाएँ सम्पत्ति से सम्बन्धित समस्त विधिक बकायों पर विचार करते हुए तैयार की जायेंगी।
19. सम्पूर्ण क्रय राशि/संविदा राशि जमा करने तथा सम्पूर्ण करों/प्रभारों के भुगतान के परिप्रेक्ष्य में आवश्यक प्रमाण प्रस्तुत करने के उपरान्त ही बिक्री प्रमाणपत्र प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सफल संविदाकार के पक्ष में निर्गत किया जाएगा।
20. कन्वीएंस, स्टैम्प शुल्क, पंजीकरण प्रभार एवं अन्य आकस्मिक प्रभारों हेतु प्रयोज्य विधिक प्रभारों का भुगतान नीलामी क्रेता द्वारा वहन किया जायेगा।
21. प्राधिकृत प्राधिकारी बिना कोई कारण बताये ई–नीलामी बिक्री प्रक्रियाओं को स्थगित/निरस्त कर सकते हैं। यदि ई–नीलामी बिक्री, बिक्री की निर्धारित तिथि के 30 दिनों से पूर्व किसी बाद की तिथि को स्थगित की जाती है तो इसे सेवा प्रदाता की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जायेगा।
22. प्राधिकृत अधिकारी का निर्णय अन्तिम, बाध्यकारी तथा प्रश्नरहित होगा।
23. संविदाएँ जमा करने वाले समस्त संविदाकारों के लिए माना जायेगा कि उन्होंने ई–नीलामी बिक्री के नियमों एवं शर्तों को पढ़ और समझ लिया है और वे उनसे सहमत हैं।
24. संपत्ति में पड़ी हुयी चल वस्तु या मद (यदि कोई) विक्रय के साथ दिया जानेवाला ऑफर नहीं है।
25. अधिक विवरणों एवं पूछताछ के लिए सम्पर्क करेंः प्राधिकृत प्राधिकारी, कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, श्री सुशील गुप्ता, मोबाइल नं. 7400445137 पर, तथा अन्य पूछताछों के लिए सुश्री कल्पना चेतनवाला को 7738039346 पर संपर्क करें।
26. यह प्रकाशन उपर्युक्त तिथि/स्थान पर नीलामी बिक्री आयोजित होने के विषय में प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के अनुसार उक्त उपर्युक्त ऋण खाते के कर्जदार/बंधककर्ता/जमानतियों हेतु 30 (तीस) दिनों की सूचना भी है।

**विशेष निर्देश/चेतावनीः अन्तिम मिनट/सेकण्ड में बोली लगाने से संविदाकार स्वयं के हित में बचें। न तो कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड और न ही सेवा प्रदाता ऐसे मामलों में संविदाकार की ओर से किसी कमी/विफलता (इंटरनेट विफलता, विद्युत विफलता आदि) के लिए उत्तरदायी होंगे। ऐसी विषम परिस्थिति से बचने के लिए संविदाकारों से अनुरोध है कि समस्त अनिवार्य व्यवस्थाएँ/विकल्प, जैसे बैक–अप विद्युतापूर्ति तथा जो कुछ भी अन्य अपेक्षित हो, तैयार कर लें ताकि वे ऐसी विषम परिस्थिति से निपट सकें और नीलामी में सफलतापूर्वक भाग ले सकें।**

**स्थानः दिल्ली दिनांकः 03.09.2022** **हस्ता./– (प्राधिकृत अधिकारी) कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड**

## रुपया 79.82 प्रति डालर पर बंद

मुंबई, 2 सितंबर (भाषा)।

मजबूत डालर मांग व एशियाई मुद्राओं में गिरावट के अनुरूप अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपया 26 पैसे लुढ़क कर 79.82 (अस्थायी) प्रति डालर पर बंद हुआ।

## जनसत्ता क्लासीफाइड

### व्यक्तिगत

मैं शीतला प्रसाद साहू पुत्र सुन्दरलाल, दिलकुशा गार्डेन, सरवेंट क्वार्टर, कैंटोनमेंट, लखनऊ उ.प्र. 206002 मेरी पुत्री के स्कूल के दस्तावेजों में नाम आकृती कुमारी अंकित है अतः सही नाम आकृती कुमारी साहू है एवं मेरा नाम शीतला प्रसाद अंकित है अतः सही नाम शीतला प्रसाद साहू है।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी मुवक्किल श्रीमती अनु उपाध्याय, पत्नी श्री अशोक कुमार उपाध्याय, निवासी जी– 275 , प्रीत विहार, दिल्ली–110092 , ने अपने पिता श्री सुरेश चन्द शर्मा, माता श्रीमती रानी शर्मा, बड़ी बहनों श्रीमती सन्ध्या शर्मा व सोनिया भारद्वाज द्वारा लगातार मेरी मुवक्किल के वैवाहिक जीवन में हस्तक्षेप करने व मानसिक रुप से परेशान करने की वजह से हर तरीके का रिश्ता खत्म कर दिया है। मेरी मुवक्किल के पति श्री अशोक कुमार उपाध्याय ने भी अपने इन ससुराल वालो से सारे सम्बन्ध विच्छेद कर दिए हैं मेरी मुवक्किल एव उनके पति के नाम से इन लोगो के साथ किसी भी तरीके का व्यवहार करने वाला व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सचिन भारद्वाज**
**अधिवक्ता**
**चै. नं. 312–ए, वैस्टर्न विंग, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली–54**

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to the general public through this public notice, that I, Smt. Ujjwal Jain W/o Late Sh. Vipin Kumar Jain, r/o A-21, Ashoka Enclave, Part-II, Sector-37, Faridabad, Haryana, aged around 65 years, had earlier vide public notice dated 28/09/21, published in newspaper on 6/10/2021, had severed my relations with my son namely Sh. Sidharth Jain, and had further disowned him from all my movable and immovable properties. However now I have realized that the I had done the aforesaid act of disowning my son under the influence of my relatives without knowing the true facts. Now I have realized my mistake that the said act of mine was not correct and was done under influence of my relatives who did not knew the correct facts.

By way of this public notice, I bring it to the knowledge of general public that I have revoked my said notice of 28/09/21 published in newspaper on 6/10/2021, as far as it pertains to my son Sh. Sidharth Jain. I am living happily with him and he alone is taking care of me in this old age being a dutiful son. He had all the rights and interests in all my properties and anyone dealing with him regarding my properties be construed to be dealing with me.

Sd/- **NAVEEN KOHAR**
**D-3738/17** ADVOCATE
F-11, SECOND FLOOR,
LAJPAT NAGAR-III, NEW DELHI

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all concerned that my client(s) are purchasing the property Flat No.485A, Second Floor, with covered area 29.60 Sq. Mtrs. situated in the Housing Board Colony known at Suncity, Sector 54, Gurugram, Tehsil Wazirabad, Distt. Gurugram (Haryana), in next 10 (ten) days from the legal allottee / owner Shri Parvesh S/o Shri Azad Singh, R/o H No.31/1118, Sant Kabir Basti, Tehsil Bahadurgarh, Distt. Jhajjar, Haryana presently residing at Village Hazipur, Noida, Uttar Pradesh through his GPA holder, Mr. Amit Kumar Syal S/o Shri Vijay Syal, R/o E-65, Sun City Area, Sector-54, Gurugram presently residing at T-25, Windsor Court, DLF Phase-IV, Chakkarpur, Gurugram vide GPA Vasika No. 4122 Dated: 21.11.2016 registered with sub Registrar 2, Noida, Uttar Pradesh. If anybody else claiming to have any sort of right, interest, title etc. of any nature in respect of the aforesaid property or any part thereof, may put forth his/her/their claim with the undersigned along-with supporting documentary evidence within 5 days (Five) days from the date of publication of this notice.

**Dr. Rajender Singh Tehlan,**
**(Advocate)**
**Mob no 9958591144**
**159, Shaheed Bhagat Singh Block Distt. Court, Gurugram**

**PUBLIC NOTICE**

Public at large are hereby informed that Sh. Ashok Kumar & Sh. Adarsh Kumar both S/o Late Sh. Ram Kishore claims to be the absolute owner and in possession of **Property No.265, area measuring 250 sq. meters, Block-B, Situated at Sector-26, Noida, Distt. Gautam Budh Nagar, U.P.** (said property), on the basis of Mutation Letter dated 14.05.2019 issued by NOIDA Authority after the death of their father i.e. Late Sh. Ram Kishore, who was the previous owner of said property.

Now, **Sh. Ravi Awana** proposes to purchase the aforesaid property from **Sh. Ashok Kumar & Sh. Adarsh Kumar** by availing the loan facility from our client **ICICI Bank Ltd.** against the security of aforesaid property.

Any person(s) claiming any rights, title or interests whatsoever, in and over the aforesaid property or any part thereof through sale, exchange, mortgage, gift, trust, inheritance, bequest, possession, lease, lien, easement or otherwise may lodge his claims/objections with documentary proof thereof, to the undersigned, **within 14 days** from the date of publication of this notice, as otherwise **Sh. Ravi Awana** shall proceed towards the purchase and mortgage transactions with good faith, as if there are no subsisting claims/objections, and all such claims/objections not filed in time shall be deemed to have been waived & given up and shall not be binding on him and our client **ICICI Bank Ltd.**

**Mohd. Raees (Advocate)**
**D/4458/2015**
**R&P Legal**
**Advocates & Legal Consultants**
**I-1693, Chittaranjan Park, New Delhi -110019;**
**Mobile No: 9654708907**
**Ph. 011-46063838, 41018803 Extn. 106**

**PUBLIC NOTICE**

General Public are hereby informed on behalf of Mrs. Pinki Jain W/o Sh. Lal Chand Jain, R/o 69, Rishav Vihar, Delhi-110092 is the Owner and titleholder of the Residential Plot bearing No. 69, Area measuring 167.22 Sq. Yds, situated in the layout plan of Shree Rishabh Jain Co-Operative House Building Society, in the area of Village Karkardooma, colony known as Rishabh Vihar, Delhi-110092 vide Conveyance Deed dated 17.06.2002, which was duly registered with the office of Sub Registrar-VIII, Delhi as Document No. 3285 in Addl. Book No.1, Volume No.651 at Pages No.91 to 93 on 17.06.2002. In the above Conveyance Deed registered in the office of Sub Registrar-VIII, Delhi Plot Area is mentioned as 167.22 Sq. Yds is wrongly mentioned instead of Plot Area 200 Sq Yards as is mentioned 200 Sq. Yds in the Perpetual Sub-Lease Deed dated 30.01.1984, which was duly registered with the office of Sub Registrar-IV, Delhi as Document No.194 in Addl. Book No.1, Volume No.1708, Pages No.172 to 180 on 03.02.1984 in favour of Sh. Raj Narain Jain S/o Sh. Har Narain Jain. Sh. Raj Narain Jain left for heavenly abode on 10.09.1989.After the death of Sh. Raj Narain Jain, the above said plot had acquired by Sh. Sanjeev Kumar Jain S/o Sh. S.C. Jain (Bhanja of Sub- Leessee) through a registered WILL which was duly registered with the office of Sub Registrar-IV, Delhi as Document No.221 in Addl. Book No.1II, Volume No.108, Pages No.70 on 02.02.1984 and also mutated in the name of himself (i.e. Sh. Sanjeev Kumar Jain) from Delhi Development Authority vide its Mutation Letter No. F.13(69)87/SRJ/CS/2516 dated 24.04.1997. The above WILL has been lost/misplaced and for that FIR has been lodged Vide FIR/LR No. 746935/2022 dated 31.08.2022, PS Crime Branch, Delhi. I or my legal heirs or successor or assign or executor or administrator or beneficiary or anybody/Person or M/s Cressa Gadgets Private Ltd, having its registered Office at S-21, Cross River Mall,Near-CBD Ground, Shahadara, Delhi-110092. Through its Directors Sh. Ankur Jain & Sh. Abhijeet Goswami or through any body/ Company will never dispute the title, identity, Number & boundary of the captioned Property as I will mortgage the same in the Account of M/s Cressa Gadgets Private Ltd, who have applied for getting the Loan from Punjab National Bank, Mid Corporate Centre, A-Block, DDA Market, Suraj Mal Vihar, Delhi-110092 and the Board Resolution of above Company had also confirm the same. If anybody has any objection or any dispute with respect to the above, then the objection of the same may be submitted to the above bank within seven days from the date of publication of the notice.

Sd/-
**Amrendra Kumar Jha**
Advocate
Chamber No. B-3,
Bawa Gurucharan Singh Block,
Tis Hazari Courts, Delhi-110054

# 'आठ साल में मनरेगा पर खर्च किए पांच लाख करोड़'

हैदराबाद, 2 सितंबर (भाषा)।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि बीते आठ वर्षों में केंद्र ने मनरेगा योजना पर पांच लाख करोड़ रुपए खर्च किए हैं, जिनमें से 20 फीसद कोविड महामारी के दौरान व्यय किए गए।

तेलंगाना के कामारेड्डी जिले में गुरुवार को सीतारमण ने कहा कि बीते आठ वर्षों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत राज्य को 20 हजार करोड़ रुपए दिए गए हैं। इसी अवधि में पूरे देश में पांच लाख करोड़ रुपए खर्च किए गए, जिसमें से 20 फीसद से अधिक 2020–21 के दौरान कोविड–19 के प्रकोप के वक्त खर्च किए गए। इसमें अहम मुद्दा यह है कि यदि पैसा ठीक से खर्च नहीं होने की शिकायतें आती है या आडिट रिपोर्ट में कोई टिप्पणी होती है तो तो सर्वे दल (किसी भी राज्य में) आएंगे। ऐसे आरोप लगाए गए थे कि सर्वे दलों को योजना को रोकने के लिए भेजा जा रहा है, इस पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि कोई विसंगतियां होने पर सर्वे दलों को उनमें सुधार करने के लिए भेजा जाएगा।



वित्त मंत्री ने कहा कि यूपीए सरकार के कार्यकाल में योजना में अनेक खामियां थीं, जिन्हें मोदी सरकार ने दूर किया और इसे अब प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के जरिए लागू किया जा रहा है। उन्होंने तेलंगाना सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि के चंद्रशेखर राव की सरकार राज्य विधानसभा को सूचित किए बगैर और बजट में उल्लेख किए बगैर ऋण ले रही है।

## तृणमूल कांग्रेस का नेता गिरफ्तार, 80 लाख की नगदी बरामद

कोलकाता, 2 सितंबर (भाषा)।

लोगों को लाखों रुपए का चूना लगाने वाले पोंजी घोटाले में कथित भूमिका को लेकर तृणमूल कांग्रेस के नेता व हालीसहर नगर निगम के अध्यक्ष राजू साहनी को सीबीआइ ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया। केंद्रीय एजंसी के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सीबीआइ अधिकारियों के दल ने हालीसहर और न्यू टाउन स्थित साहनी के मकानों पर छापा मारा और बर्धमान संमार्ग वेलफेयर ट्रस्ट पोंजी घोटाला मामले में घंटों उनसे पूछताछ की। उन्होंने बताया कि न्यू टाउन स्थित मकान से करीब 80 लाख रुपए नकद और हालीसहर स्थित मकान से एक देशी कट्टा मिला है। अधिकारी ने बताया, 'हमने तृणमूल कांग्रेस के नेता राजू साहनी के आवासों की तलाशी ली और वहां से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले। हमारे अधिकारियों ने उनसे पूछताछ भी की। हालांकि, उन्होंने जांच में सहयोग नहीं किया। साहनी को उसके बाद गिरफ्तार कर लिया गया।' उन्होंने बताया कि कुछ दस्तावेजों से ऐसा लगता है कि थाईलैंड में साहनी का बैंक खाता है। उन्होंने कहा, 'आशा है कि पूछताछ के दौरान हमें उनसे और सूचना मिलेगी।' घोटाले के संबंध में सीबीआइ की आर्थिक अपराध इकाई ने 2018 में मामला दर्ज किया था।

## विज्ञापनों में हिंदू त्योहारों की बाधाएं दूर करने का दावा

मुंबई, 2 सितंबर (भाषा)।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बेस्ट (बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग) की बसों पर विज्ञापन दिया है जिसमें दावा किया गया है कि महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे–देवेंद्र फडणवीस सरकार के आने से हिंदू त्योहारों को मनाने में आने वाली बाधाओं को दूर कर दिया गया है।

विज्ञापन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य के उपमुख्यमंत्री फडणवीस की तस्वीरों के अलावा भाजपा के चिह्न 'कमल' और गणेश की तस्वीरें हैं। मुंबई में जल्द ही निकाय चुनाव होने की संभावना है। 'बेस्ट' के महाप्रबंधक लोकेश चंद्र से इस संबंध में प्रतिक्रिया लेने के लिए संपर्क नहीं हो सका। हालांकि उपक्रम के एक अन्य अधिकारी ने कहा कि इसकी बसों के लिए दिए जाने वाले विज्ञापन इस उद्देश्य के लिए अनुबंधित एक वाणिज्यिक एजंसी द्वारा प्राप्त किए जाते हैं। गौरतलब है कि 'बेस्ट' शहर की सबसे बड़ी सड़क परिवहन सुविधा है, जिसके बेड़े में 3,700 बस हैं जिनसे हर दिन लगभग 30 लाख लोग यात्रा करते हैं।

## उतार–चढ़ाव भरे कारोबार में सूचकांक 37 अंक मजबूत

मुंबई, 2 सितंबर (भाषा)।

घरेलू शेयर बाजार में शुक्रवार को उतार–चढ़ाव के बीच बीएसई सूचकांक लगभग 37 अंक की बढ़त में रहा। वैश्विक वृद्धि में नरमी और विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंकों द्वारा नीतिगत दर बढ़ाने को लेकर चिंता के बीच बाजार में उतार–चढ़ाव रहा। कारोबारियों ने कहा कि रुपए की विनिमय दर में गिरावट व विदेशी पूंजी की निकासी से भी निवेशक जोखिम लेने से बचे। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सूचकांक कारोबार के दौरान काफी समय तक कभी लाभ में और कभी नुकसान में रहा। अंत में यह 36.74 अंक यानी 0.06 फीसद की बढ़त के साथ 58,803.33 अंक पर बंद हुआ।

## जनसंख्या नियंत्रण पर कानून बनाने की मांग वाली याचिका पर केंद्र से मांगा जवाब

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 सितंबर।

जनसंख्या नियंत्रण के लिए कानून बनाने की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र को नोटिस जारी कर दिया। न्यायमूर्ति केएम जोसफ और न्यायमूर्ति ह्रषिकेश राय की पीठ ने याचिका को इसी विषय से संबंधित दूसरी लंबित याचिका के साथ नत्थी करने का आदेश भी दिया है।

याचिका अखिल भारतीय संत समिति के महासचिव स्वामी जितेंद्रनंद सरस्वती ने दाखिल की है। इससे पहले आठ अगस्त को धर्मगुरु देवकी नंदन ठाकुर की याचिका पर भी सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को नोटिस जारी करके जवाब मांगा था। सुप्रीम कोर्ट ने उस मामले को भी मुख्य मामले के साथ जोड़ दिया था। अपनी याचिका में देवकी नंदन ठाकुर ने कहा है कि लोगों को साफ हवा, पानी, खाना, स्वास्थ्य और रोजगार हासिल करने का अधिकार सुनिश्चित करने के लिए ऐसा कानून वर्तमान परिस्थितियों की आवश्यकता है।

याचिका में कहा गया है कि जनसंख्या नियंत्रण के लिए कोई ठोस और कारगर कानून न होने की सूरत में अदालत विधि आयोग को निर्देश दे कि दूसरे विकसित देशों में जनसंख्या नियंत्रण की नीतियों को देखने के बाद भारत के लिए भी वह उचित कानून बनाने की दिशा में अपने सुझाव और सिफारिश दे। इससे पहले 2020 में भी सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को नोटिस जारी किया था। भाजपा नेता अश्विनी उपाध्याय की जनहित याचिका पर अदालत ने यह कदम उठाया था। याचिका में उपाध्याय ने कहा था कि आबादी का विस्फोट बम से भी ज्यादा घातक है।

अश्विनी उपाध्याय ने याचिका में मांग की है कि केंद्र सरकार आबादी नियंत्रण के उपायों को देश में लागू करे।

## पोषण अभियान योजना लागू करने में महाराष्ट्र, आंध्र, गुजरात अव्वल

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 सितंबर।

केंद्र की प्रमुख योजना पोषण अभियान को लागू करने करने में बड़े राज्यों में महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और गुजरात अव्वल रहे हैं। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, छोटे राज्यों में बेहतर प्रदर्शन करने वालों में सिक्किम सबसे आगे है। 'भारत में पोषण के स्तर पर प्रगति का संरक्षण : महामारी के समय में पोषण अभियान' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि 19 बड़े राज्यों में से 12 का क्रियान्वयन अंक 70 फीसद से अधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक, केंद्र शासित प्रदेशों में दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव शीर्ष स्थान पर रहे। जबकि पंजाब और बिहार पोषण अभियान के पूर्ण रूप से क्रियान्वयन के मामले में बड़े राज्यों की श्रेणी में सबसे निचले पायदान पर रहे। इसमें कहा गया है कि केवल 17 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 12 से 23 महीनों के 75 फीसद से अधिक बच्चों को टीका लगा है जबकि 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 25 फीसद से कम बच्चों को टीका लगा है।

रिपोर्ट के अनुसार, पोषण अभियान के तहत कोष के उपयोग की स्थिति निचले स्तर पर है। 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 50 फीसद से कम कोष का उपयोग हुआ है। इसमें कहा गया है, 'कर्मचारियों की नियुक्ति, उपकरणों की खरीद जैसे उपायों के माध्यम से इसके उपयोग में तेजी लाने की तत्काल आवश्यकता है।' रिपोर्ट में पोषण अभियान के लिए जारी कोष के उपयोग में तेजी लाने और पर्याप्त संख्या में स्वास्थ्य सुविधाओं तथा आपूर्ति सुनिश्चित करने की जरूरत पर बल दिया गया है।

## खबर कोना



चेक गणराज्य के प्राग में यूरोबास्केट ग्रुप डी बास्केटबाल मैच के दौरान फिनलैंड के खिलाफ इजराइल के जेक कोहेन चुनौती देते हुए।

### जडेजा चोट के कारण एशिया कप से बाहर, अक्षर लेंगे जगह

दुबई, 2 सितंबर (भाषा)।

भारतीय हरफनमौला रविंद्र जडेजा घुटने की चोट के कारण शुक्रवार को एशिया कप के बचे हुए मैचों से बाहर हो गए और टीम में उनकी जगह अक्षर पटेल लेंगे। जडेजा ने भारत की टूर्नामेंट के शुरूआती मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। बीसीसीआइ ने एक बयान में कहा, 'अखिल भारतीय सीनियर चयन समिति ने मौजूदा एशिया कप में रविंद्र जडेजा की जगह अक्षर पटेल को चुना है।' इसके अनुसार, 'रविंद्र जडेजा को दाएं पैर के घुटने में चोट लगी है और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। वह इस समय बीसीसीआइ की चिकित्सा टीम की देखरेख में हैं।' बयान में कहा गया, 'अक्षर पटेल को टीम में 'स्टैंडबाय' खिलाड़ियों में चुना गया था, वह जल्द ही दुबई में टीम से जुड़ेंगे।'

### मैनचेस्टर यूनाइटेड की प्रीमियर लीग में लगातार तीसरी जीत

लीस्टर, 2 सितंबर (एपी)।

मैनचेस्टर यूनाइटेड ने लीस्टर सिटी को 1-0 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबाल प्रतियोगिता में अपनी लगातार तीसरी जीत दर्ज की। यूनाइटेड के स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो फिर से मैच के आखिरी क्षणों में ही मैदान पर उतरे। जादौन सांचो के 23वें मिनट में किए गए गोल से यूनाइटेड ने बढ़त बनाई और आखिर तक उसे बरकरार रखा। यूनाइटेड ने इससे पहले लिवरपूल और साउथम्पटन को हराया था। रोनाल्डो ने 68वें मिनट में मैदान पर कदम रखा और उन्होंने इसके बाद अपनी जीवंत छाप छोड़ी। उनका बाईसिकिल किक से लगाया गया एक शाट मामूली अंतर से गोल में जाने से रह गया था। कर अपने करियर का दूसरा डब्ल्यूटीए खिताब जीता।

### राष्ट्रमंडल खेल में नहीं खेल पाना निराशाजनक : नवजोत

बंगलुरु, 2 सितंबर (भाषा)।

भारतीय महिला हाकी टीम की मिडफील्डर नवजोत कौर ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेल जैसी बड़ी खेल प्रतियोगिता में नहीं खेल पाना निराशाजनक था। वह कोविड-19 से संक्रमित होने के कारण इस प्रतियोगिता में नहीं खेल पाई थी। यह 27 वर्षीय खिलाड़ी बर्मिंघम पहुंचने पर कोविड-19 से संक्रमित पाई गई थी और उन्हें स्वदेश लौटना पड़ा था। भारत की तरफ से 200 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुकी नवजोत ने यहां राष्ट्रीय शिविर से इतर कहा, ' इस तरह से टीम को छोड़ना बेहद निराशाजनक था। इसे स्वीकार करना मेरे लिए बहुत मुश्किल था।' उन्होंने कहा, 'मैं इससे पहले कभी किसी बड़े टूर्नामेंट में खेलने से नहीं चूकी थी इसलिए पहली बार अपने करिअर में इस तरह की परिस्थिति से पार पाना मेरे लिए आसान नहीं था।'

# कल्याण ने भूटिया को हराया, पहले खिलाड़ी जो बने अध्यक्ष

नई दिल्ली, 2 सितंबर (भाषा)।

अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआइएफएफ) को अपने 85 साल के इतिहास में शुक्रवार को पहली बार कल्याण चौबे के रूप में पहला ऐसा अध्यक्ष मिला जो पूर्व में खिलाड़ी रह चुके हैं। चौबे ने अध्यक्ष पद के चुनाव में पूर्व दिग्गज फुटबालर बाइचुंग भूटिया को हराया।

सिक्किम के रहने वाले 45 वर्षीय भूटिया का नामांकन पत्र भरते समय उनके राज्य संघ का प्रतिनिधि भी प्रस्तावक या अनुमोदक नहीं बना था। पिछले लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल के कृष्णनगर सीट से हारने वाले भाजपा के राजनीतिज्ञ चौबे कभी भारतीय सीनियर टीम से नहीं खेले हालांकि वह कुछ अवसरों पर टीम का हिस्सा रहे थे। उन्होंने हालांकि आयु वर्ग के टूर्नामेंट में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया था। वह मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के लिए गोलकीपर के रूप में खेले हैं। भूटिया और चौबे एक समय ईस्ट बंगाल में साथी खिलाड़ी थे।

कर्नाटक फुटबाल संघ के अध्यक्ष और कांग्रेस के विधायक एनए हारिस ने उपाध्यक्ष के एकमात्र पद पर जीत दर्ज की। उन्होंने राजस्थान फुटबाल संघ के मानवेंद्र सिंह को 29-5 से हराया। अरुणाचल प्रदेश के किपा अजय ने आंध्र प्रदेश के गोपालकृष्णा कोसाराजू को 32-1 से हराकर कोषाध्यक्ष पद हासिल किया। कोसाराजू ने अध्यक्ष पद के लिए भूटिया के नाम का प्रस्ताव रखा था जबकि मानवेंद्र ने उसका समर्थन किया था। कार्यकारिणी के 14 सदस्यों के लिए इतने ही उम्मीदवारों ने नामांकन भरा था और उन्हें निर्विरोध चुना गया।

एआइएफएफ के चुनाव के साथ ही भारतीय फुटबाल में पिछले कुछ महीनों में चले नाटकीय घटनाक्रम का भी पटाक्षेप हो गया। इस दौरान भारतीय फुटबाल ने दिसंबर 2020 में चुनाव न कराने के कारण पूर्व अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल को बर्खास्त होते हुए देखा। इसके बाद प्रशासकों की समिति गठित की गई जिसे बाद में उच्चतम न्यायालय ने बर्खास्त कर दिया था। विश्व फुटबाल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने 'तीसरे पक्ष के अनुचित प्रभाव' का हवाला देकर इस बीच भारत को निलंबित भी कर दिया था।

नई कार्यकारी समिति में जीपी पालगुना, अविजीत पाल, पी अनिलकुमार, वलंका नताशा अलेमाओ, मालोजी राजे छत्रपति, मेनला एथेनपा, मोहन लाल, आरिफ अली, के नीबौ सेखोज, लालनघिंग्लोवा हमर, दीपक शर्मा, विजय बाली और सैयद इम्तियाज हुसैन शामिल हैं।

**अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआइएफएफ)**



मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के पूर्व गोलकीपर 45 वर्षीय चौबे ने 33-1 से जीत दर्ज की। उनकी जीत पहले ही तय लग रही थी क्योंकि पूर्व कप्तान भूटिया को राज्य संघों के प्रतिनिधियों के 34 सदस्यीय निर्वाचक मंडल में बहुत अधिक समर्थन हासिल नहीं था।

भूटिया ने चुनाव के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया में कहा, ' मैं भारतीय फुटबाल की बेहतरी के लिए भविष्य में भी काम करता रहूंगा। कल्याण को बधाई। मुझे उम्मीद है कि वह भारतीय फुटबाल को आगे लेकर जाएंगे।' उन्होंने कहा,'भारतीय फुटबाल प्रशंसकों का आभार जिन्होंने मेरा समर्थन किया। मैं चुनाव से पहले भी भारतीय फुटबाल के लिए काम कर रहा था और आगे भी इसे जारी रखूंगा। हां मैं कार्यकारी समिति का सदस्य हूं।'



**मुकाबला**

स्पेन के राफेल नडाल यूएस ओपन टेनिस चैंपियनशिप के दूसरे दौर के दौरान इटली के फैबियो फोगनिनी को शाट रिटर्न करते हुए।

# जापान ओपन के क्वार्टर फाइनल में हारे प्रणय

ओसाका, 2 सितंबर (भाषा)।

एचएस प्रणय को शुक्रवार को यहां विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता चीनी ताइपे के चाउ तिएन चेन से तीन गेम तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। इससे जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती भी समाप्त हो गई। इस 30 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने आखिर तक हार नहीं मानी लेकिन चाउ ने भी किसी तरह की ढिलाई नहीं बरती और एक घंटा 20 मिनट तक चले इस मैच में 21-17, 15-21, 22-20 से जीत दर्ज की। बाकी खिलाड़ियों के जल्दी बाहर होने के बाद भारत की उम्मीदें प्रणय पर ही टिकी थी।

पिछले कुछ समय से निरंतर अच्छा प्रदर्शन कर रहे प्रणय ने पहला गेम गंवाने के बाद अच्छी वापसी की। इस मैच से पहले पिछले दो मैचों में चाउ पर जीत दर्ज करने वाले प्रणय ने पहले गेम में शुरू से दबदबा बना दिया था और एक समय वह 12-8 से बढ़त पर थे।

**बैडमिंटन टूर्नामेंट**

लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे प्रणय ने पहला गेम गंवाने के बाद अच्छी वापसी की और तीसरे व निर्णायक गेम में भी आखिरी क्षणों तक खुद को मुकाबले में बनाए रखा।



# हांगकांग पर रेकार्ड 155 रन से जीत के साथ ही पाकिस्तान सुपर चार में

शारजाह, 2 सितंबर (भाषा)।


पाकिस्तान ने एशिया कप के महत्वपूर्ण मुकाबले में शुक्रवार को हांगकांग पर 155 रन से एकतरफा जीत दर्ज करके सुपर फोर चरण में प्रवेश कर लिया और अब रविवार को उसका सामना भारत से होगा।

भारत के खिलाफ कुछ बेहतर बल्लेबाजी करने वाली हांगकांग टीम पाकिस्तानी गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी । नसीम शाह ने तीसरे ओवर में दो विकेट लिए। इसके बाद स्पिनर शादाब खान ने दो ओवर में आठ रन देकर चार और मोहम्मद नवाज ने पांच रन देकर तीन विकेट चटकाए। इससे पहले हांगकांग के गेंदबाजों ने जिस तरह भारतीय बल्लेबाजों को दबाव में ला दिया था, उसी तरह पाकिस्तान को अच्छी शुरूआत नहीं करने दी। रिजवान और फखर जमां के लिए चौके छक्के लगाना मुश्किल हो गया था । पाकिस्तान ने पहले दस ओवर में एक विकेट पर 64 रन बनाए ।

जमां ने 41 गेंद में 53 रन बनाए जबकि खुशदिल ने 15 गेंद में 35 रन बनाकर पाकिस्तान को मजबूत स्कोर दिया। पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम एक बार फिर नाकाम रहे और नौ रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

**एशिया कप क्रिकेट**

पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए रिजवान के 57 गेंद में 78 रन की मदद से दो विकेट पर 193 रन बनाए। जवाब में हांगकांग की टीम 10 .4 ओवर



में 38 रन पर आउट हो गई। पाकिस्तान ग्रुप ए से दूसरे स्थान पर रहकर सुपर चार में पहुंचा। टी20 प्रारूप में यह पाक की सबसे बड़ी जीत है।

# राफेल नडाल ने की शानदार वापसी, स्वियातेक भी जीतीं

न्यूयार्क, 2 सितंबर (एपी)।

राफेल नडाल पहला सेट गंवाने और गलती से अपनी नाक को चोट पहुंचाने के बावजूद यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बनाने में सफल रहे जबकि महिलाओं में दो बार की फ्रेंच ओपन चैंपियन इगा स्वियातेक ने आसान जीत दर्ज की। बाईस बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नडाल ने फैबियो फोगनिनी पर 2-6, 6-4, 6-2, 6-1 से जीत दर्ज की। इस बीच चौथे सेट में गलती से वह अपने ही रैकेट से नाक पर चोट लगा बैठे जिससे उनकी नाक से खून बहने लग गया था।

स्वियातेक ने 2017 की यूएस ओपन विजेता स्लोएन स्टीफंस को दूसरे दौर में 6-3, 6-2 से हराकर इस सत्र में अपनी डब्लूटीए टूर की 50वीं जीत दर्ज की। महिला वर्ग में पिछले साल से फाइनल में पहुंचने वाली चार खिलाड़ियों में से अब केवल छठी वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ही टूर्नामेंट में बनी हुई हैं। उन्होंने दूसरे सेट में 5< ँ> —< /ँ> 1 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके काया कानेपी को 2-6, 7-6 (8), 6-4 से हराया।

**यूएस ओपन टेनिस**

लेकिन चौथी वरीयता प्राप्त पाउला बडोसा को क्रोएशियाई पेट्रा मार्टिच से 6-7 (5), 6-1, 6-2 से हार का सामना करना पड़ा।

महिला वर्ग में गुरुवार को जिन अन्य खिलाड़ियों ने जीत दर्ज की उनमें जेसिका पेगुला, गार्बिने मुगुरुजा, बेलिंडा बेनसिच और विक्टोरिया अजारेंका शामिल हैं।

# विजय विश्व चैंपियनशिप के लिए भारत की 48 सदस्यीय टीम में

नई दिल्ली, 2 सितंबर (भाषा)।

ओलंपिक रजत पदक विजेता विजय कुमार को आगामी आइएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप के लिए भारतीय निशानेबाजी टीम में चुना गया। वह लंदन ओलंपिक खेलों में पोडियम स्थान हासिल करने के बाद अपने पहले बड़े टूर्नामेंट में खेलेंगे। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआइ) ने मिस्र के काहिरा में 12 से 25 अक्तूबर तक होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए 48 सदस्यीय भारतीय राइफल और पिस्टल टीम की घोषणा की।

**निशानेबाजी**

लंदन ओलंपिक में 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल रजत पदक विजेता पिस्टल निशानेबाज ने इस साल राष्ट्रीय टीम में वापसी की थी। उन्होंने कंधे की गंभीर चोट के कारण ब्रेक लिया था। शिमला में हिमाचल प्रदेश पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) में तैनात पुलिस उपाधीक्षक विजय ने पांच साल के अंतराल बाद प्रतिस्पर्धी निशानेबाजी में वापसी की थी। पांच बार के राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता विजय 2017 में सेना छोड़कर हिमाचल प्रदेश पुलिस से जुड़ गए थे। क्रोएशिया के ओसिजेक में 19 सितंबर से शुरू हो रही शाटगन विश्व चैंपियनशिप के लिए 24 सदस्यीय टीम पहले ही घोषित हो चुकी है।

मौजूदा टीम में कई निशानेबाज पहली बार विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे जिसमें विजय और अंजुम मोदगिल (विश्व चैंपियनशिप की पूर्व पदक विजेता) अनुभव लेकर आएंगे।

# बीसीसीआइ ने पिछले साल ई-नीलामी में खरीदा था नीरज चोपड़ा का भाला

नई दिल्ली, 2 सितंबर (भाषा)।

पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्मृति चिन्हों के संग्रह की जब ई नीलामी हुई थी तब ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा का भाला बीसीसीआइ ने डेढ करोड़ रुपए में खरीदा था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी । चोपड़ा ने तोक्यो ओलंपिक से लौटने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निवास पर उनसे मुलाकात में उन्हें अपना भाला उपहार में दिया था। इस भाले समेत कई चीजों की ई नीलामी की गई जिनसे मिली रकम 'नमामि गंगे कार्यक्रम ' को गई । यह नीलामी सितंबर-अक्तूबर 2021 में हुई थी।

बीसीसीआइ के एक अधिकारी ने कहा, 'बीसीसीआइ ने नीरज के भाले पर बोली लगाई थी। इसके अलावा भी कुछ और वस्तुओं पर बोली लगाई । नमामि गंगे एक नेक काम है और बोर्ड के पदाधिकारियों को लगा कि देश के प्रमुख खेल संगठनों में से एक होने के नाते यह देश के प्रति हमारा कर्तव्य है ।' बीसीसीआइ ने कोरोना महामारी के दौरान भी 'पीएम केयर्स फंड' में 51 करोड़ रूपए दिए थे।



बोर्ड ने चोपड़ा के भाले के अलावा भारतीय पैरालम्पिक दल के हस्ताक्षर वाला अंगवस्त्र भी एक करोड़ रुपए में खरीदा था। चोपड़ा का भाला ई नीलामी में सबसे महंगा बिका जबकि भवानी देवी की तलवार सवा करोड़ रूपए में और पैरालम्पिक चैंपियन सुमित अंतिल का भाला एक करोड़ 20 हजार रुपए में बिका। लवलीना बोरगोहेन के मुक्केबाजी दस्ताने 91 लाख रूपए में बिके । ई नीलामी में 1348 स्मृति चिन्ह बिके जिनमें खेलों से जुड़े सामान भी थे।

**विलियम्स बहनों की जोड़ी हारी | टेनिस | दर्शकों ने खड़े होकर किया अभिवादन**

# महिला युगल के पहले दौर में हारीं सेरेना और वीनस

न्यूयार्क, 2 सितंबर (एपी)।


सेरेना और वीनस विलियम्स साढे चार साल बाद जब कोर्ट पर एक साथ उतरी तो उन्होंने हर पल का भरपूर लुत्फ उठाया लेकिन विश्व टेनिस की मशहूर विलियम्स बहनों की जोड़ी को यूएस ओपन के महिला युगल के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा।

विलियम्स बहनों को फ्लशिंग मीडोज में लूसी हेराडेका और लिंडा नोस्कोवा की चेक गणराज्य की जोड़ी ने 7-6 (5), 6-4 से हराया। वीनस और सेरेना जब कोर्ट से बाहर निकल रही थी तो दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। उनकी प्रतिद्वंदी भी उनका सामना करके अभिभूत थी।

ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में पदार्पण कर रही 17 वर्षीय नोस्कोवा ने कहा, 'जब मुझे पता चला कि हमें उन दोनों का सामना करना है तो मैं अवाक रह गई। मेरे कहने का मतलब है कि वे दोनों दिग्गज है और मैं हमेशा उनकी विशेषकर सेरेना की प्रशंसक रही हूं। वह शुरू से मेरी आदर्श रही हैं।' उनकी साथी हेराडेका ने कहा, 'मुझे अब भी विश्वास नहीं हो रहा है कि हमने उन पर जीत दर्ज की है। मुझे अफसोस है कि हमने उन्हें हराया है लेकिन मैं बहुत खुश भी हूं कि हमने ऐसा किया।' आर्थर ऐस स्टेडियम में इससे पहले महिला या पुरुष वर्ग में पहले दौर के युगल मैच कभी नहीं खेले गए थे लेकिन एक ही परिवार की इन दो सदस्यों के लिए यूएस ओपन के आयोजकों ने अपने नियम भी बदल दिए और दर्शकों ने भी इस मैच का भरपूर आनंद लिया। वीनस और सेरेना ने मिलकर युगल में 14 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं।

विलियम्स बहनों ने मैच के बाद इंटरव्यू नहीं दिया। उन्होंने इससे पहले आखिरी बार फ्रेंच ओपन 2018 में जोड़ी बनाई थी। यह चौथा अवसर है जबकि किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के महिला युगल में उन्हें पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले 2013 में फ्रेंच ओपन में वे पहले दौर में बाहर हो गई थी।

विलियम्स बहनों ने इससे पहले आखिरी बार फ्रेंच ओपन 2018 में जोड़ी बनाई थी। यह चौथा अवसर है जबकि किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के महिला युगल में उन्हें पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा।





रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 39, अंक 289

दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्ष : विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।